भाद्रपद कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 20 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 274, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हवा से भी तेज गति से भागता है यह तारा 14

विक्की की छावा का टीजर रिलीज 13

## उत्तराखंड के मां वाराही मंदिर में हुआ ऐतिहासिक बग्वाल युद्ध



**चम्पावत।** देवीधुरा स्थिति प्रसिद्ध मां वाराही मंदिर में हर साल रक्षाबंधन को बग्वाल मेला आयोजित होता है। हजारों की संख्या में लोग इस अनूठी परंपरा के साक्षी बनने को पहुंचते हैं। इस बार ऐतिहासिक बग्वाल सोमवार अपराह्न करीब 2:05 बजे शंखनाद के साथ शुरू हुई। इस दौरान बग्वाल युद्ध में चार खाम चम्याल, गहरवाल, लमगड़िया और वालिग के अलावा सात थोकों के योद्धा फरों के साथ मैदान में उतरे। इस दौरान फल-फूलों के बीच पत्थरों से युद्ध चला। 11 मिनट तक चले युद्ध को महेश पुजारी ने मैदान में पहुंचकर 2:16 पर युद्ध को समाप्त होने की घोषणा की। इस युद्ध में रणबांकुरे समेत 212 दर्शक घायल हुए, जिनका वहां मौजूद चिकित्सा टीम द्वारा उपचार किया गया।

# तीन तलाक विवाह जैसी सामाजिक संस्था के लिए घातक

## जमीयतुल उलेमा व एक अन्य की याचिका के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार का हलफनामा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने तीन तलाक को अपराध बनाने वाले-2019 के कानून का एक बार फिर बचाव किया है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि यह कानून मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिला रहा है, जबकि तीन तलाक की प्रथा विवाह की सामाजिक संस्था के लिए घातक है।

मुस्लिम संगठनों जमीयत उलमा-ए-हिंद और समस्त केरल जमीयतुल उलेमा ने अपनी याचिकाओं में अदालत से कानून को असंवैधानिक घोषित करने का आग्रह किया है। इसके जवाब में दाखिल हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा 2017 में इस प्रथा को खारिज करने के बावजूद यह समुदाय के सदस्यों के बीच इस प्रथा से तलाक की संख्या को कम करने में पर्याप्त निवारक के रूप में काम नहीं कर पाया है। हलफनामे में कहा गया है, 'संसद ने अपने विवेक से तीन तलाक से पीड़ित विवाहित मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए उक्त कानून पारित किया।'

हलफनामे में कहा गया, 'यह कानून विवाहित मुस्लिम महिलाओं के लिए लैंगिक न्याय और लैंगिक समानता के व्यापक संवैधानिक लक्ष्यों को सुनिश्चित करने में मदद करता है तथा गैर-भेदभाव और सशक्तीकरण के उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा करने में मदद करता है।



### जमीयत ने भेदभाव वाला कानून बताकर दी है चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने 22 अगस्त 2017 को एक बार में कहकर दिए जाने वाले तीन तलाक (तलाक-ए-बिद्दा) को असंवैधानिक घोषित कर दिया था। कोर्ट 23 अगस्त 2019 को मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 की वैधता का परीक्षण करने के लिए सहमत हो गया। कानून का उल्लंघन करने पर तीन साल तक की कैद हो सकती है। जमीयत ने अपनी याचिका में दावा किया कि एक विशेष धर्म में तलाक के तरीके को अपराध घोषित करना, जबकि अन्य धर्मों में विवाह और तलाक के विषय को केवल नागरिक कानून के दायरे में रखना भेदभाव को जन्म देता है। यह अनुच्छेद 15 की भावना के अनुरूप नहीं है।

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर
ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती
फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050
DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# ट्रेनी डॉक्टर की हत्या-दुष्कर्म के आरोपी का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

## कोलकाता की एक कोर्ट ने सीबीआई को दी मंजूरी, पहले ही हो चुका है मनोवैज्ञानिक परीक्षण

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को भी कोलकाता समेत देशभर के चिकित्सकों ने धरना-प्रदर्शन किया। कई जगह स्वास्थ्य सेवाएं भी ठप रहीं। इस बीच कोलकाता की एक अदालत ने सीबीआई को संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की अनुमति दे दी। इस पर ट्रेनी चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या का आरोप है।

संजय रॉय के बारे में बताया जाता है कि वह कोलकाता पुलिस से जुड़ा एक नागरिक स्वयंसेवक है। सीबीआई ने सियालदह कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के संबंध में याचिका दाखिल की थी। कोलकाता के इस हत्याकांड के मामले में भी सीबीआई संजय राय से कुछ सवाल करेगी। इससे पहले जांच एजेंसी आरोपी का मनोवैज्ञानिक टेस्ट करा चुकी है। अब पॉलीग्राफी टेस्ट से पता चल सकेगा कि आखिर आरोपी कितना झूठ और कितना सच बोल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष का भी पॉलीग्राफी टेस्ट कराना चाहती है। सीबीआई सूत्रों का कहना है कि संदीप घोष के बयान में कई गड़बड़ियां पाई गई हैं। पीड़िता के परिवार द्वारा दिए गए बयान और संदीप घोष के बयान अलग हैं।




कोलकाता में घटना के विरोध में प्रदर्शन करते युवा। ● एजेंसी

### सरकार ने केंद्रीय अस्पतालों में सुरक्षा तैनाती में 25 प्रतिशत बढ़ोतरी की

**नई दिल्ली।** कोलकाता की घटना के बाद स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून की मांग कर रहे रेजिडेंट डॉक्टरों के विरोध-प्रदर्शन के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों में सुरक्षा तैनाती में 25 प्रतिशत की वृद्धि की अनुमति दी है। अधिकारियों ने बताया कि मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल के अलावा सरकारी अस्पतालों द्वारा सुरक्षा समीक्षा किए जाने के बाद उनकी मांग के आधार पर मार्शलों की तैनाती को भी मंजूरी दी जाएगी। हालांकि सूत्रों ने कहा कि आरजी कर अस्पताल मामले के आधार पर केंद्रीय कानून लाने से कोई बड़ा अंतर नहीं आएगा, क्योंकि ये घटना मरीज-डॉक्टर हिंसा का मामला नहीं था।

### आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य से सीबीआई ने की लगातार चौथे दिन पूछताछ

**कोलकाता।** सीबीआई के अधिकारियों ने सोमवार को लगातार चौथे दिन आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष से महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना की जांच के सिलसिले में पूछताछ की। एक अधिकारी ने बताया कि घोष सोमवार को सुबह सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई कार्यालय पहुंचे। अधिकारी के मुताबिक, घोष से पूछा गया कि डॉक्टर की मौत की खबर मिलने के बाद उनकी भूमिका क्या थी, उन्होंने किससे संपर्क किया और पीड़िता के माता-पिता को करीब तीन घंटे तक इंतजार क्यों कराया गया। पूर्व प्राचार्य से यह भी पूछा गया कि घटना के बाद अस्पताल की इमरजेंसी बिल्डिंग में संगोष्ठी कक्ष के पास के कमरों की मरम्मत का आदेश किसने दिया था। सीबीआई अधिकारियों ने शुक्रवार से पिछले तीन दिनों में घोष से कई घंटों तक पूछताछ की है।

### एक नजर

#### पूर्व सेना प्रमुख जनरल पद्मनाभन पैडी का निधन

**चेन्नई।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल सुंदरराजन पद्मनाभन का चेन्नई में निधन हो गया। वह 83 साल के थे। जनरल पद्मनाभन को सैन्य हलकों में प्यार से 'पैडी' के नाम से जाना जाता था। उन्होंने 30 सितंबर 2000 से 31 दिसंबर 2002 तक थल सेनाध्यक्ष के रूप में सेवाएं दी थीं। जनरल पद्मनाभन को 15 कोर कमांडर के रूप में उनकी सेवाओं के लिए अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था।

## प्रधानमंत्री मोदी 23 को जाएंगे यूक्रेन, जेलेंस्की से होगी मुलाकात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 अगस्त को रूस के साथ युद्ध में तबाह यूक्रेन की यात्रा पर जाएंगे, जहां उनकी यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की के साथ संघर्ष के समाधान के उपायों पर चर्चा होने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार, 23 अगस्त को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के निमंत्रण पर यूक्रेन की आधिकारिक यात्रा करेंगे।

उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक यात्रा भी है, क्योंकि हमारे राजनयिक संबंधों की स्थापना के 30 से अधिक वर्षों में यह पहली बार होगा, जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन का दौरा करेगा। यात्रा के दौरान बातचीत के विषयों पर प्रकाश डालते हुए तन्मय लाल ने कहा, "भारत ने बहुत स्पष्ट और सुसंगत स्थिति बनाए रखी है कि कूटनीति और बातचीत से ही इस संघर्ष (रूस और यूक्रेन के बीच) का हल निकल सकता है, जिससे स्थायी शांति स्थापित हो सकती है। इसलिए बातचीत बहुत जरूरी है।

# उधमपुर में मुठभेड़, हरियाणा के सीआरपीएफ इंस्पेक्टर शहीद

जम्मू, एजेंसी

- आतंकवादियों ने गश्ती दल पर की गोलीबारी, सुरक्षा बलों का अभियान जारी

उधमपुर जिले में सोमवार को गश्ती दल पर आतंकियों द्वारा की गई गोलीबारी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक निरीक्षक शहीद हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बसंतगढ़ में डुडू थानाक्षेत्र के चिल इलाके में अपराह्न करीब साढ़े 3 बजे आतंकवादियों ने सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि हमले में सीआरपीएफ की 187वीं बटालियन के निरीक्षक कुलदीप सिंह को गोली लगी और बाद में अस्पताल ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गई। कुलदीप हरियाणा के रहने वाले थे।

उधमपुर पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'चिल, डुडू में गश्त के दौरान आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त दलों पर गोलीबारी की। मुठभेड़ में सीआरपीएफ के एक निरीक्षक को गोली लगी और वह शहीद हो गए। अभियान जारी है।'

अधिकारियों ने कहा कि संयुक्त गश्ती दल की जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकवादी मौके से भाग गए। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर अतिरिक्त बल भेजा गया है और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है। पिछले सप्ताह निर्वाचन आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा किए जाने के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं।



### आतंकियों को मिली रही है स्थानीय मदद

इससे पहले 7 अगस्त को भी उधमपुर के बसंतगढ़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। हालांकि आतंकी खराब मौसम और धुंध का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे थे। माना जा रहा है कि उधमपुर के बसंतपुर के ऊपर जंगल में आतंकियों के कुछ समूह यहां छिपे हुए हैं। सूत्रों की मानें तो इन आतंकियों को किसी स्थानीय के यहां शरण मिल रही है। सुरक्षाबलों को अप्रैल से इस क्षेत्र में आतंकियों की गतिविधियों के बारे में सूचना है।

## राजग कोटे से रास जाएंगे उपेंद्र कुशवाहा, कल करेंगे नामांकन



**पटना।** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा राज्यसभा के लिए उम्मीदवार होंगे। कुशवाहा ने सोमवार को बताया कि वह राज्यसभा उपचुनाव के लिए 21 अगस्त नामांकन पत्र भरेंगे। बिहार में राज्यसभा की दो सीटों के लिए उपचुनाव होने हैं। उच्च सदन की ये सीटें विवेक ठाकुर (भाजपा) और मीसा भारती (राजद) के लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद खाली हुई हैं। लोकसभा चुनाव में बिहार के लिए राजग के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे के फार्मूले के अनुसार, कुशवाहा की पार्टी को संसद में एक सीट और राज्य विधान परिषद में एक सीट मिलनी थी। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख कुशवाहा ने काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था और तीसरे स्थान पर रहे थे। इस सीट से भाकपा माले के राजा राम कुशवाहा ने जीत हासिल की और भोजपुरी कलाकार पवन सिंह (निर्दलीय उम्मीदवार) दूसरे स्थान पर रहे।

# एससी कोटे में कोटा के विरोध में कल भारत बंद का आह्वान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा और भीम सेना ने लोगों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की

**अमृत विचारः** अनुसूचित वर्ग के आरक्षण में आरक्षण व क्रीमीलेयर की व्यवस्था लागू करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ 21 अगस्त को बसपा और भीम सेना ने भारत बंद का आह्वान किया है। बसपा नेता आकाश आनंद ने कहा कि फैसले पर समाज के लोगों में भारी गुस्सा है। इस बीच, आंदोलन को सफल बनाने के लिए भीम सेना ने आरक्षित वर्ग के लोगों को एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि आंदोलन में शामिल न होने पर नफा-नुकसान की जिम्मेदारी संगठन की नहीं होगी। इसकी जिम्मेदारी केंद्र व राज्य सरकारों के अलावा स्थानीय प्रशासन व आरक्षित वर्ग के लोगों की होगी।

भीम सेना ने कहा कि आंदोलन के तहत सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक सभी कुछ बंद रहेगा। आम लोगों से इस दिन घर से न निकलने की अपील की गई है। सभी लोग शांति बनाए रखेंगे। भीम सेना के कार्यकर्ता घरों से बाहर निकलकर बंद के आयोजन पर नजर रखेंगे। स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, पेट्रोल पंप, बाजार आदि बंद रहेंगे।

## आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकियों के खिलाफ चार्जशीट

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में आईएसआईएस की जिहादी गतिविधियों को बढ़ावा देने और लक्षित हत्याओं से जुड़ी एक बड़ी आतंकी साजिश में शामिल होने के मामले में सोमवार को दो लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया। आधिकारिक बयान में कहा गया कि आरोपी अब्दुल मतीन ताह और मुस्सवीर हुसैन शाजिब कर्नाटक के शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के निवासी हैं। दोनों आईएसआईएस की एक बड़ी आतंकी साजिश में शामिल थे और 12 अप्रैल को उन्हें गिरफ्तार किया गया था। संघीय एजेंसी की जांच से पता चला कि ताह इस संगठन से प्रभावित हो गया था।

### कोल इंडिया की इकाई एनसीएल में घूसखोरी का भंडाफोड़, 3.85 करोड़ रुपये जब्त

# सीबीआई ने अपने ही डीएसपी समेत 5 को पकड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने मध्य प्रदेश के सिंगरौली में नॉदर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के मामले में अपने ही पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एनसीएल के दो अधिकारी भी शामिल हैं। इनमें से एक के आवास से 3.85 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए थे।

संघीय जांच एजेंसी ने इस मामले के संबंध में 17 अगस्त को उत्तर प्रदेश के नोएडा के अलावा सिंगरौली और जबलपुर में तलाशी ली थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एनसीएल के विभिन्न अधिकारियों के परिसर की तलाशी ली गई, जिनमें एनसीएल के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के निजी सचिव और प्रबंधक सूबेदार ओझा, एनसीएल के पूर्व सीएमडी भोला सिंह और इसके वर्तमान मुख्य सतर्कता अधिकारी समेत अन्य अधिकारी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि पांच लोगों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें जबलपुर में सीबीआई की भ्रष्टाचार रोधी शाखा में तैनात पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) जॉय जोसेफ दामले, एनसीएल के मुख्य प्रबंध निदेशक के निजी सचिव सूबेदार ओझा, कंपनी के मुख्य प्रबंधक (प्रशासन) लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) बसंत कुमार सिंह, सिंगरौली स्थित संगम इंजीनियरिंग के निदेशक और कथित बिचौलिए रविशंकर सिंह और उनके सहयोगी दिवेश सिंह के नाम शामिल हैं। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि दिवेश सिंह को उनके खिलाफ लंबित शिकायतों और जांच के मामलों में अनुकूल रिपोर्ट प्राप्त करने और जांच एजेंसी द्वारा की जा रही जांच के बदले डीएसपी दामले को पांच लाख रुपये की रिश्वत देते समय रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।




# नौकरी मिल गई, धन्यवाद दो...

## कैट की टिप्पणी पर हाईकोर्ट की फटकार, कहा- हम फैसलों से एहसान नहीं करते

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- रेलवे कर्मचारी को पुरानी पेंशन स्कीम में शामिल करने का आदेश

**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) द्वारा एक आदेश में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी फटकार लगाते हुए कहा कि कोर्ट कर्मचारी के पक्ष में कानून के आधार पर फैसला सुनाता है, इसमें कोई एहसान नहीं करता। जो आदेश अधिकरण या कोर्ट देता है, वह कानून के मुताबिक होता है।

उक्त टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने रेलवे कर्मी अविनाशी प्रसाद की याचिका को स्वीकार करते हुए की। दरअसल, अविनाशी प्रसाद द्वारा कैट के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की गई थी। कैट ने अपने आदेश के माध्यम से याची को पुरानी पेंशन स्कीम में शामिल करने से इस आधार पर इनकार कर दिया था कि नौकरी मिल गई, उसे धन्यवाद देना चाहिए। वरना, सैकड़ों लोग नौकरी के लिए मुकदमा लड़ रहे हैं। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची की पदोन्नति 3 फरवरी 1990 की बनी वरिष्ठता सूची के आधार पर हुई थी। इस कारण याची को सभी सेवाजनित परिणामी लाभ उसी तिथि से मिलने चाहिए, लेकिन कैट ने उसे देने से मना कर दिया। याची रेलवे में ट्रैकमैन (ग्रुप डी) पद पर कार्यरत था। उसका प्रमोशन सीनियर सेक्शन इंजीनियर पद पर कर दिया गया। याची की मांग थी कि उसकी नौकरी को देखते हुए उसे पुरानी पेंशन योजना में शामिल कर लिया जाए। हाईकोर्ट ने उक्त याचिका स्वीकार कर कैट के आदेश को रद कर दिया और याची को पुरानी पेंशन स्कीम में शामिल करने का निर्देश दिया।

# किसानों को जलवायु परिवर्तन के खतरों से बचाएगी सरकार

## कृषि विविधिकरण, सिंचन क्षमता में विस्तार के जरिये हो रही है भविष्य की तैयारी, मोटे अनाज-बागवानी बनेंगे विकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** खेतीबाड़ी के सामने आने वाले समय में जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी चुनौती बन सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत जलवायु परिवर्तन से सर्वाधिक प्रभावित होने वाले देशों में से एक है। रिपोर्ट कहती है कि दुनिया की सबसे उर्वर भूमि में शुमार इंडो गंगेटिक बेल्ट पर जलवायु परिवर्तन का व्यापक स्तर पर प्रभाव पड़ेगा। फिलहाल इस बेल्ट में अभी दुनिया का करीब 15 फीसद गेहूं पैदा होता है। वर्ष 2050 तक जलवायु परिवर्तन के कारण इसमें 50 फीसदी तक कमी संभव है।

स्वाभाविक है कि उत्तर प्रदेश में बिजनौर से बलिया तक गंगा के विस्तार को देखते हुए राज्य भी जलवायु परिवर्तन से इंडो गंगेटिक बेल्ट के प्रदेश में विस्तार के अनुसार प्रभावित होगा। चूंकि उत्तर प्रदेश दूध समेत खाद्यान्न, साग भाजी और कई फलों के उत्पादन में देश में अग्रणी है। लिहाजा इस जलवायु परिवर्तन का असर सिर्फ प्रदेश पर ही नहीं पूरे देश के खाद्यान्न और पोषण सुरक्षा पर पड़ेगा।

इस नजर से देखें तो योगी सरकार के कार्यकाल में तीन दर्जन से अधिक सिंचाई परियोजनाएं पूरी हुईं। इनके पूरा होने से 23.23 लाख हेक्टेयर से अधिक अतिरिक्त भूमि सिंचित हुई। उप्र. में कृषि भूमि का 86 फीसद रकबा सिंचित है। वहीं, केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल में न केवल फसलों की एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) को बढ़ाया गया, बल्कि इनके दायरे में कृषि विविधिकरण और क्लाइमेट चेंज की चुनौती से निबटने के लिए नई फसलों को भी लाया गया। हाल ही केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने तुअर, उड़द और मसूर को भी एमएसपी पर खरीदने की घोषणा की। इसके बहुआयामी लाभ होंगे।



### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना भी महत्वपूर्ण

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा भी क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों से मुकाबले की ही कड़ी है। हाल ही में केंद्र सरकार ने खेती और बागवानी की फसलों के लिए जिन 109 प्रजातियों को जारी किया है। वह भी खेतीबाड़ी के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। उत्तर प्रदेश में खेती करने वालों की संख्या और यहां के वैविध्यपूर्ण जलवायु के मद्देनजर तो और भी। ये सभी प्रजातियां अलग-अलग कृषि जलवायु क्षेत्र के अनुकूल हैं।

## एक नजर

### फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने गांधी पार्क में किया पौधारोपण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट के तत्वाधान में अजीजगंज चौकी स्थित गांधी पार्क में सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। फार्मासिस्ट के पदाधिकारियों ने एलोवेरा, तुलसी, नीम, बेल आदि के औषधीय पौधे रोपित किए। इस दौरान जिलाध्यक्ष बृजेश कुशवाहा ने बताया कि पेड़ पौधे हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इनसे पर्यावरण स्वच्छ होता है। प्रवक्ता देश कुमार ने बताया कि हम पौधरोपण करके सभी को यह संदेश देना चाहते हैं कि पौधे हमारे जीवन में उसी प्रकार महत्वपूर्ण हैं, जिस प्रकार एक स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए अन्न और जल महत्वपूर्ण है। इस मौके पर गौरव पाल, विकास कुमार, शिवम पाल, अरशद खान, प्रथमेश शुक्ला, दीपक गुप्ता, विमलेश वर्मा, विकास वर्मा, महेश आदि थे।

### स्वच्छकार समाज आज सौंपेगा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सुप्रीम कोर्ट के समर्थन में आज एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए वाल्मीकि/स्वच्छकार समाज के आकाश आनंद ने बताया कि ज्ञापन में एक अगस्त को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए अनुसूचित जाति/जनजाति में आरक्षण के वर्गीकरण के आदेश को शीघ्र लागू करने की मांग की जाएगी। उन्होंने 11 बजे रामलीला मैदान खिरनीबाग में पहुंचने की अपील की है।

# बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है ...

## उल्लास और उमंग के साथ घर-घर मना भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन

- बहनों ने भाइयों को रोली तिलक कर बांधी राखी, की दीर्घायु की कामना
- भाइयों ने उपहार और नगद दक्षिणा देकर बहनों का लिया आशीष
- राखी और मिठाई की दुकानों पर दिन भर उमड़ते रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व घर-घर उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों को मंगल टीका लगाकर और राखी बांधकर उनके स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने बहनों को तरह-तरह के उपहार और नगद दक्षिणा देकर उनका आशीष लिया।

रक्षाबंधन पर्व की चहुंओर धूम रही। शहर से लेकर गांव-गांव घरों में रक्षाबंधन पर्व पारंपरिक ढंग से मनाया गया। त्योहार पर घर-घर तमाम प्रकार के व्यंजन तैयार किए गए। स्नान-ध्यान से निवृत्त होकर रक्षाबंधन की तैयारियां शुरू की गईं। बहनों ने थाल में रोली-अक्षत और मिठाई सजाकर भाइयों को तिलक करके राखी बांधी और मिठाई खिलाकर ढेरों दुआओं से नवाजा। लोगों ने पारंपरिक ढंग से बहनों को उपहार के साथ नगद दक्षिणा देकर उनका आशीष लिया। राखी बांधने को लेकर बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया। रंग-बिरंगी पोशाकों में सजधज कर बच्चों ने अपने भाइयों से राखियां बंधवाईं। साथ ही भाइयों से गिफ्ट लेकर खुशियां मनाईं।

कई घरों में तो बच्चों में राखी बंधवाने को लेकर रूठने-मनाने का भी सिलसिला चलता रहा। बड़ी मुश्किल से बच्चे मनाए जा सके। इधर, त्योहार डिमांड को देखते हुए बाजारों में जगह-जगह पर मिठाई और गिफ्ट की दुकानें भी दिनभर सजी रही। नामी-गिरामी दुकानों पर तो लोग मिठाई खरीदने के लिए सुबह से उमड़ते रहे। रिफाइंड के साथ देशी घी की मिठाइयों के साथ ब्रांडेड मिठाई भी खूब बिकी। महानगर में तमाम स्थानों पर लोगों ने सड़क किनारे अस्थाई रूप से दुकानें सजा रखीं थीं, जिन पर भी महिलाएं-पुरुष मिठाई खरीदकर त्योहार की खुशियां मनाते रहे। बड़ी संख्या में ससुराल में रह रहीं बहनें भी मायके में त्योहार मनाने आईं। भले ही त्योहार पर उन्होंने सफर में भारी परेशानी उठाई हो, लेकिन वह जैसे-तैसे मायके पहुंचीं और भाइयों को राखी बांधकर सभी की सुख-संपन्नता की कामना की। त्योहार पर घरों में तरह-तरह के व्यंजन भी पकाए गए। राखी बांधकर सभी ने परिवार के सदस्यों के साथ भोजन ग्रहण किया। इस तरह रक्षाबंधन पर्व की चहुंओर धूम मची रही।


त्योहार पर भाई को रोली तिलक करती एक बहन। ● अमृत विचार


भाई को राखी बांधती बहन। ● अमृत विचार


राखी बांधने के बाद भाई को मिठाई खिलाती एक बहन।

### सैनिकों को राखी बांध की दीर्घायु की कामना

**शाहजहांपुर।** सामाजिक संगठन इनरव्हील क्लब से जुड़ी महिलाओं ने अध्यक्ष ज्योति शर्मा के नेतृत्व में छावनी परिषद में सैनिकों को राखी बांधकर दीर्घायु की कामना की। महिलाओं ने सैनिकों को रोली तिलक लगाकर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर ढेरों आशीष दिए। इतना ही नहीं, महिलाओं ने सैनिकों को उपहार स्वरूप ड्राई फ्रूट्स के गिफ्ट पैक भेंट किए। वरिष्ठ सदस्य सुनीता गर्ग ने फौजी बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान सचिव निधि मिश्रा, कंचन खन्ना, सुधा प्रसाद, रेनू अरोरा, मंजुला शर्मा, गीता गुप्ता, राजेंद्र कौर, अलका अरोड़ा, ज्योति गुप्ता, मधु कपूर, सरिता अग्रवाल, सुषमा सक्सेना आदि शामिल रहीं।


छावनी परिषद में सैनिकों को राखी बांधतीं इनरव्हील क्लब की महिलाएं।


रक्षाबंधन पर मिठाई की दुकान पर उमड़े ग्राहक। ● अमृत विचार


पुवायां में भाई शिवांग को राखी बांधती बहन आराध्या।


जमुका में भाई को राखी बांधती छोटी बहन नित्या पाल।


खुटार में बहन तनवी मिश्रा से राखी बंधवाते युवान मिश्रा।


जिला कारागार में भाइयों को राखी बांधने के लिए अपनी बारी का इंतजार करती बहनें। ● अमृत विचार

# रक्षाबंधन: रोडवेज बसों और ट्रेनों में उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रक्षा बंधन के पर्व को लेकर सोमवार को रोडवेज की बसों और ट्रेन में भीड़ उमड़ पड़ी। बसों में तीन वाली सीट पर चार महिलाएं बैठी थी। जबकि ट्रेन में भीड़ होने के कारण यात्रियों ने पार्सल यान में सफर किया। सुरक्षा की दृष्टि से रोडवेज बस अड्डे और स्टेशन पर पुलिस फोर्स तैनात रहा।

प्रदेश सरकार ने रक्षा बंधन को लेकर महिलाओं को निःशुल्क सुविधा प्रदान की थी। सोमवार की सुबह नौ बजे से महिलाएं अपने छोटे बच्चों और पति के साथ बस अड्डे पर पहुंच गई। वर्कशॉप से बस आकर बस स्टैंड पर रुकती तो महिलाएं सीट पाने के लिए बस की तरफ दौड़ पड़ती। खिड़की में स्टील की रॉड लगी होने के कारण खिड़की से नहीं जा पाती तो सीट पाने के लिए खिड़की से सीट पर सामान रख देती। बस के अंदर रखा पर्स या रुमाल हटाकर लोग दूसरी सीट पर रख रहे थे। सीट को लेकर महिलाओं में आपस में कई बार नोकझोंक हुई। तीन सीट पर चार यात्री बैठे। बस न होने से कुछ यात्रियों ने खड़े होकर सफर किया। सुबह के समय दिल्ली, हरिद्वार और चंडीगढ़ से आने वाली ट्रेन में पैर रखने की जगह तक नहीं थी। लोग स्लीपर कोच में जबरन घुसे हुए थे। यात्रियों को जगह नहीं मिली तो पार्सल यान में बैठ गए। जिन यात्रियों को रिजर्वेशन था, उन यात्रियों को काफी परेशानी हुई। कुल मिलाकर रक्षा बंधन वाले दिन ट्रेन और रोडवेज की बसों में भीड़ रही।


रोडवेज बस में चढ़ने का प्रयास करतीं बहनें। ● अमृत विचार

### फर्रुखाबाद, बरेली, खीरी के लिए चलीं अधिक बसें

रोडवेज बस अड्डे पर सबसे अधिक सवारियां फर्रुखाबाद, बरेली, खीरी, पलिया की थी। इन स्थानों की बसें आती तो यात्री बसों की तरफ दौड़ पड़ती। बस के अंदर सवारियां उतर नहीं पाती थी कि बाहर वाली सवारियां चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की कर रही थी। खीरी, पुवायां और बंडा के लिए यात्रियों को घंटों बस इंतजार करना पड़ता था। पूछताछ कार्यालय पर यात्री शिकायत करते तो दूसरे रूट की बस को भेजा जाता था।

- ट्रेन के पार्सल यान और बस में खड़े होकर किया सफर, सीट को लेकर कई बार हुई नोकझोंक

### ई-रिक्शा चालकों ने वसूला मनमाना किराया

जिला प्रशासन द्वारा ई-रिक्शा का किराया निर्धारित नहीं हो पाने से चालकों ने सोमवार को स्टेशन से दस रुपये किराया वसूल किया। जबकि किराया पांच रुपये है। रोडवेज से रोजा का किराया 15 रुपये है और 20 रुपये वसूल किया। इसी प्रकार बरेली मोड़ का किराया दस रुपये है और चालकों ने बहनों से 20 रुपये लिए। अधिक किराया लेने पर कई लोगों की चालकों से नोकझोंक हुई।


ट्रेन में चढ़ने के लिए मशक्कत करते लोग। ● अमृत विचार


रोडवेज बस स्टैंड पर सुरक्षा के लिहाज से तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

# बहनों को जेल तक खींच लाया भाई का प्यार

- छलछलातीं आंखों के साथ बहनों ने भाइयों को बांधी राखी
- अफ्रीकी और नेपाली बंदियों ने भी बंधवाई राखी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रक्षाबंधन पर भाइयों के प्रति बहनों का प्यार कारागार तक खींच लाया। जेल में पिछले दो दिनों से त्योहार की खुशियां मनाई जा रही हैं। सोमवार को जिला कारागार में विश्व बंधुत्व एवं सर्वधर्म समभाव का नजारा दिखाई दिया। कारागार में निरुद्ध बंदियों को रक्षा सूत्र बांधने एवं मुंह मीठा कराने के लिए सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडल, ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आदि से जुड़ीं महिलाएं पहुंचती रहीं। शाम पांच बजे तक लगभग 1080 बहनों ने जेल में बंद भाइयों के साथ त्योहार मनाया। इनके साथ लगभग 250 बच्चे भी शामिल रहे। बहनों ने बंदी भाइयों को रोली तिलक लगाकर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर उनकी शीघ्र रिहाई और दीर्घायु की कामना की। इस दौरान अफ्रीकी, नेपाली बंदियों ने भी राखी बंधवाकर आशीर्वाद लिया।

कारागार में भारतीय संस्कृति का भी बोलबाला दिखाई दिया। एक मौका ऐसा आया जब ब्रह्मा कुमारी बहनों ने एक अफ्रीकी बंदी को तिलक लगाकर राखी बांधी तो उसने तत्काल उनके पैर छूकर आशीर्वाद दिया। इसी तरह नेपाली बंदियों ने भी राखी बंधवाई और प्रसाद रूप में मिष्ठान ग्रहण किया और बहनों के पैर छूकर उनका आशीष लिया। इतना ही नहीं कारागार में निरुद्ध अनेक मुस्लिम, सिख समुदाय के बंदियों ने महिलाओं से तिलक लगवाकर राखी बंधवाई। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब, सहयोग संस्था, वीआईपी ग्रुप व ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय समेत व्यापार संगठनों से जुड़ी महिलाओं ने भी बंदियों संग त्योहार की खुशियां बांटीं। मिठाई के साथ बच्चों को तमाम प्रकार के खानपान के आइटम और गिफ्ट भेंट किए। तमाम बहनें और भाई राखी बंधवाकर भावुक भी हो गए। उनकी आंखें छलछला उठीं। एक-दूसरे को ढांढस बंधाते हुए उन्होंने मुलाकात का समय काटा और सुख-दुख साझा किए। त्योहार पर बंदियों के लिए पूड़ी, हलवा व विशेष सब्जी का प्रबंध किया गया था।


कारागार में बंदी भाइयों को राखी बांधतीं बहनें। ● अमृत विचार

### राखी बंधवाकर जेल अधीक्षक ने पूरी की भाई की कमी

बहनों के जीवन में भाई की कितनी महत्ता होती है, यह बात भी कारागार में दिखाई दी। रक्षाबंधन पर जब तमाम बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने पहुंच रही थीं, तब जेल में निरुद्ध महिलाएं गुमसुम खड़ी भाई-बहन के प्रेम और स्नेह को टकटकी लगाए निहार रही थीं। ये वह महिलाएं थी, जिनके भाई नहीं है। ऐसे में जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने उनके लिए राखी की व्यवस्था की और उनसे कहा कि वह उन्हें अपना भाई मानकर राखी बांध सकती हैं। मिजाजी लाल ने बताया कि 14 बहनों से राखी बंधवाकर उनके साथ त्योहार की खुशियां बांटीं।


कारागार में बंद महिलाओं से राखी बंधवाते जेल अधीक्षक मिजाजी लाल।

### बहनों के लिए की गई थी विशेष व्यवस्था

जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने बताया कि सोमवार को रक्षाबंधन पर भाइयों से मुलाकात करने आने वाली बहनों के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। पुलिस अधीक्षक व प्रतिसार निरीक्षक की ओर से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था, ताकि कोई अव्यवस्था न फैल सके। सुबह सात बजे से ही बहनों की भाइयों से मुलाकात करानी शुरू कर दी गई थी। महिलाओं की 50-50 की टोली बनाकर उनके भाइयों से मुलाकात कराई गई। गर्मी को देखते हुए सभी के लिए शरबत की व्यवस्था की गई थी।


रक्षाबंधन पर ब्रह्मा कुमारी के पैर छूकर आशीर्वाद लेता अफ्रीकी बंदी। ● अमृत विचार

# सहयोग संस्था ने बंदियों को राखी बांध मनाया रक्षाबंधन


जेल में रक्षाबंधन मनाते सहयोग संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सहयोग संस्था ने जिला जेल में बंदियों को राखी बांध कर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। बंदी व कैदियों को रक्षासूत्र बांधने पहुंची सहयोग संस्था की अध्यक्ष नेहा यादव सक्सेना, उपाध्यक्ष नुजहत अंजुम, सह कोषाध्यक्ष शालू यादव, रजनी गुप्ता, स्तुति गुप्ता, सुमन गुप्ता ने पहले जिला कारागार अधीक्षक मिजाजी लाल को राखी बांधी, उसके बाद लगभग 50 पुरुष, 65 महिला बंदियों व 6 बच्चों को राखियां बांधी और कैदियों को राखी बांधकर प्रसाद वितरण किया।

इस मौके पर सहयोग संस्था की सभी बहनों ने राखी बांधने से पहले बंदी भाइयों से वचन भी लिया कि वह भविष्य में कभी अपराध नहीं करेंगे और अच्छा इंसान बनकर अपना जीवन व्यतीत करेंगे। उपस्थित सभी बंदियों ने भावुक होते हुए उन्हें वचन दिया कि अपराध की दुनिया से अब दूर रहेंगे और सजा पूरी कर जल्द से जल्द बाहर आएंगे। इस दौरान सहयोग संस्था के संरक्षक शाहनवाज़ खां एडवोकेट, अनिल गुप्ता प्रधान, महासचिव अनूप कुमार एडवोकेट, कोषाध्यक्ष महेंद्र दुबे, उपाध्यक्ष शिवम वर्मा, सरदार हरजीत सिंह, सचिव निखिल महेंद्रू, मोहम्मद नाजिम आदि लोग उपस्थित रहे।






शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

**आज का मौसम**



32.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

# पत्नी की तहरीर पर तीन आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, खुटार

- 10 अगस्त को बेहोशी की हालत में मिला था रामप्रसाद

**अमृत विचार :** रामप्रसाद की मौत के मामले में दस दिन के बाद पुलिस ने उनकी पत्नी की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लेकिन आरोपियों को पकड़ा नहीं गया है।

क्षेत्र के गांव सौफरी निवासी ललिता देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 10 अगस्त की शाम करीब चार बजे उसके पति रामप्रसाद के मोबाइल नंबर पर दूर के रिश्तेदार लखीमपुर खीरी के कस्बा पलिया के गांव आजाद नगर निवासी चंदन का फोन आया और खुटार बंडा रोड पर बिल्लू बाबू जी पेट्रोल पंप पर बुलाया था। इसके बाद वह बाइक लेकर पहुंच गए। जहां से चंदन पति को कार में बैठाकर ले गया। उसके साथ चार लोग और थे। रात करीब 7:30 बजे जेठ बिकटपाल के पास पति का फोन आया और कहा कि भाई जल्दी आ जाओ। मैं खुटार गोला बाईपास रामलीला शमशान घाट के पास हूं। परिजन पहुंचे, इससे पहले उक्त आरोपी फरार हो गए। उधर, परिजनों ने गंभीर हालत में रामप्रसाद को खुटार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद ललिता देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

## अभिनव ओमर की पत्नी ने लगाया ट्रस्ट का पैसा निकालकर निजी कार्य में खर्च करने का आरोप

# उद्यमी पर रेप का आरोप लगाने वाली महिला पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसपी के आदेश पर थाना सदर बाजार में दर्ज किया गया मामला

**अमृत विचार :** आईआईए के पूर्व चैप्टर अध्यक्ष उद्यमी अभिनव ओमर के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराने वाली लखनऊ की महिला के खिलाफ अब धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है।

आरोप है कि उसने ट्रस्ट का पैसा निकालकर अपने निजी कार्य में खर्च कर दिया। फर्जी दस्तावेज तैयार करके बैंक से दोबारा ट्रस्ट का खाता चालू कराने का प्रयास किया। आरोपी महिला ने पीड़िता के पति पर लखनऊ में दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज कराया था।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला केशव नगर निवासी रोशनी गुप्ता ने बताया कि उसके पति अभिनव ओमर ने चार वर्ष पूर्व एक ट्रस्ट ग्रीन फ्यूचर कलेक्टिव का निर्माण कराया था। लखनऊ की एक महिला और उनकी माता को ट्रस्ट में सदस्य बनाया। रोशनी ने बताया कि ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए धन लगाया गया था। लखनऊ निवासी उक्त महिला ने ट्रस्ट के धन को ट्रस्ट में न लगाकर अपने निजी कार्य में प्रयोग किया।

> एसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।
>
> **– रवींद्र सिंह**, प्रभारी निरीक्षक

जानकारी होने पर पति ने 9 अप्रैल को बैंक में पत्र भेजकर ट्रस्ट के खाते पर लेन-देन करने में रोक लगवा दी। आरोपी महिला ने खाते से रुपये निकालने के लिए रोशनी को व्हाटसएप पर मैसेज करके जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने ट्रस्ट के खाता का संचालन दोबारा करने के लिए झूठे तथ्यों पर आधारित एक पत्र डीएम को दिया। आरोपी महिला और उसकी मां ने 10 जून 24 को रजिस्ट्रार सदर के यहां षड्यंत्र रचकर योजना बनाते हुए पूर्वी गुप्ता, कमलेश कुमार गुप्ता निवासी फरीदाबाद, श्रेयांश सक्सेना निवासी सदर बाजार, उदयराज निवासी बहादुरपुरा थाना सदर बाजार के साथ मिलकर एक कूटरचित दस्तावेज तैयार करके ट्रस्ट का खाता पुनः चालू कराने का प्रयास किया। जबकि पीड़िता ने कोर्ट में वाद दायर किया था। बताया कि उसके पति के खिलाफ आरोपी महिला ने दो साल पहले शाहजहांपुर से बाहर लखनऊ शहर की घटना दिखाते हुए झूठी बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज करा दी। आरोपी महिला ने कूटरचित दस्तावेज का प्रयोग किया है, जो अपराध की श्रेणी में आता है। पीड़िता ने 28 जुलाई को सदर बाजार में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद उसने एसपी से गुहार लगाई।

# गंगा एक्सप्रेस-वे घटाएगा शाहजहांपुर से प्रयागराज की दूरी

## अच्छी खबरः लगभग 150 किलोमीटर दूरी घटने के आसार, साढ़े छह घंटे में तय होगा आठ घंटे का सफर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 75 प्रतिशत काम पूरा, लाखों लोगों को होगा फायदा
- दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री ने किया था शिलान्यास

**अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेस- वे मेरठ और प्रयागराज के साथ-साथ शाहजहांपुर और प्रयागराज के बीच की दूरी भी घटाएगा। जिले की प्रयागराज से दूरी लगभग डेढ़ सौ किलो मीटर घट जाएगी और डेढ़ घंटा कम समय में यह सफर पूरा किया जा सकेगा। अब तक जहां जिले के लोगों को प्रयागराज पहुंचने में लगभग आठ घंटे का समय वाया रोड लगता है, वहीं एक्सप्रेस वे बनने के बाद यह सफर लगभग साढ़े छह घंटे में तय किया जा सकेगा। अब तक जहां लगभग चार सौ किलोमीटर का सफर तय करना होता है वहीं एक्सप्रेस वे से यह सफर मात्र ढाई सौ किलोमीटर पड़ेगा। इसके लिए जलालाबाद के कलक्टरगंज में एक्सटेंशन बनाया जा रहा है। यहां लोग एक्सप्रेस वे पर चढ़ और उतर सकेंगे। जिले की औद्योगिक इकाइयों को भी इससे फायदा होगा।



जलालाबाद में निर्माणाधीन एक्सप्रेस वे। ● अमृत विचार

आम जनता की भी प्रयागराज तक पहुंच बढ़ेगी। रेल के अलावा हाईवे भी प्रयागराज पहुंचने का एक महत्वपूर्ण माध्यम होगा। साल 2025 में एक्सप्रेस वे पूरा होने के आसार हैं।

वर्तमान में एक्सप्रेस वे का कार्य तेज गति से चल रहा है। बीते दिनों प्रशासन की ओर से जमीन अधिग्रहित करके दी जा चुकी है। अब यूपीडा निर्माण कार्य करा रहा है। सरकार की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि हर हाल में साल 2025 में निर्माण कार्य पूरा किया जाए। अब पुल व पुलियों का निर्माण अंतिम चरण में है। दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा एक्सप्रेस वे का यहां के रोजा स्थित मैदान में शिलान्यास किया था। इसके बाद से निर्माण कार्य चल रहा है। जलालाबाद में हवाई पट्टी भी बनाई जा रही है। अगले वर्ष प्रयागराज में महाकुंभ होना है। ऐसे में सरकार की प्राथमिकता दिसंबर तक कार्य पूरा कराने की है। इसमें धन की कमी आड़े न आए, इसके लिए जुलाई में पेश हुए अनुपूरक बजट में गंगा एक्सप्रेस वे के लिए 5664 करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था की गई।

### 3 तहसीलों से होकर गुजरेंगे वाहन

जिले की बात करें तो यहां की तीन तहसील सदर, जलालाबाद व तिलहर के 44 गांवों से होकर एक्सप्रेस वे होकर निकल रहा है। इसका लगभग 75 प्रतिशत निर्माण कराया जा चुका है। जलालाबाद क्षेत्र में बन रही हवाई पट्टी का 90 प्रतिशत निर्माण भी हो गया है। इसी क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुलड़िया में औद्योगिक गलियारा भी बनाया जाना है। इसके लिए 600 किसानों की 105 हेक्टेयर जमीन के बैनामे की प्रक्रिया लगभग पूरी की जा चुकी है। बता दें कि मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण वर्षा के बाद गति पकड़ेगा। दिसंबर तक कार्य पूरा हो जाए इसके लिए प्रशासन ने भी कार्यदायी संस्था व यूपीडा के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। हवाई पट्टी का काम लगभग हो चुका है।

### 594 किलो मीटर है एक्सप्रेस वे की लंबाई

मेरठ से प्रयागराज तक बन रहे एक्सप्रेस वे की लंबाई 594 किमी है। जिले की तीन तहसीलों में इसका 41 किमी का दायरा है। 44 पुलिया, दो फ्लाईओवर 44 गांवों में बनाए जाएंगे। यह मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाला गंगा-एक्सप्रेस वे है। इससे शाहजहांपुर और प्रयागराज के बीच की दूरी भी घट जाएगी और आर्थिक विकास और रोजगार की नई राह खुलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योगी सरकार के इस मेगा प्रोजेक्ट की आधारशिला शाहजहांपुर में रखी थी।

### इन जिलों से होकर गुजरेगा एक्सप्रेस वे

यह एक्सप्रेसवे 12 जिलों से होकर गुजरेगा। जिनमें मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज शामिल है। इसका लाभ भी इन जिलों के लोगों को सीधा मिलेगा। आवागमन करने में आसानी होगी।

> गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण तय समय पर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकांश कार्य पूरे होने की स्थिति में हैं। निर्माण स्थल पर समय-समय पर निरीक्षण भी किए जा रहे हैं।
>
> **–संजय कुमार पांडेय**, एडीएम प्रशासन

# पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** पिकअप पलट जाने से तीन सत्संग अनुयायियों की की मौत के मामले में चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मुजफ्फरनगर जिले के थाना भोपा के गांव बिहारगढ़ निवासी सुरेश पाल ने चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 18 अगस्त की सुबह छह बजे हरिद्वार से पिकअप बुक कराके सीतापुर जिले के नैमिष में जय गुरुदेव के सत्संग कार्यक्रम में जा रहे थे। पिकअप में दो दर्जन सत्संगी सवार थे। पिकअप कटार सिंह चला रहा था। चालक की लापरवाही से पिकअप टोल टैक्स के निकट डिवाइडर से टकरा जाने पर पलट गयी। पिकअप से दबकर उसके भाई राधे श्याम निवासी बिहार गढ़ थाना भोपा जिला मुजफ्फरनगर समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। जबकि 15 अनुयायी घायल हो गए थे। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## एक नजर

### पहले वाली मार दी, तुम्हें भी मार दूंगा

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सलनहा निवासी अरुण कुमार की पत्नी अनीता देवी ने पुलिस को बताया कि 18 अगस्त को उसका देवर, जेठ, सास, ननद उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर पिटाई कर दी। इसके बाद शराबी देवर ने जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर डीजल छिड़क दिया और माचिस की तीली जलाकर साड़ी में लगा दी। जैसे-तैसे उसने आग बुझाई। शोर मचाने पर उसके बाल पकड़कर पिटाई कर दी, साथ ही धमकी दी कि पहले वाली मार दी, तुम्हें भी मार दूंगा। पीड़ित अनीता देवी किसी तरह उक्त लोगों से बचकर थाने पहुंची। पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

### किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी के एक गांव की एक किशोरी रविवार को सुबह आठ बजे खेत पर शौच करने गई थी। गांव निवासी अमित ने उसका हाथ पकड़ लिया और गन्ने के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। किशोरी की उम्र 16 साल है। एसओ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### महिला से छेड़छाड़

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला 13 अगस्त की रात साढ़े आठ बजे खेत पर शौच करने के लिए गयी। वह शौच करके घर वापस आ रही थी। गांव के ही श्याम वीर ने उसे रास्ते में गलत नीयत से रोक लिया। आरोप है कि आरोपी ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने उसे मारा पीटा। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। पुलिस ने आरोपी श्याम वीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# इंजेक्शन लगाने के बाद मुंह से आया झाग, महिला की मौत

संवाददाता, जलालाबाद

- झोलाछाप खुद ही पूनम को लेकर पहुंच गया सरकारी अस्पताल

**अमृत विचार :** गलत इंजेक्शन लगने से विवाहिता की मौत हो गई। थाना पुलिस ने तहरीर आने पर कार्रवाई करने की बात कही है।



मृतक पूनम।

थाना क्षेत्र के गांव रामपुर बैन निवासी राजेंद्र ने पुलिस को बताया कि उनके छोटे बेटे निर्देश की बहू पूनम (25) को बुखार आया था। दवा लेने के लिए सिकंदरपुर रोड बारापत्थर स्थित एक झोलाछाप के पास ले गए। झोलाछाप ने एक गोली खिलाई और दो मिनट के बाद इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगते ही उसके मुंह से झाग आने लगा। यह देख साथ में गया चचेरा देवर श्यामसुंदर घबरा गया और खबर देने घर पहुंचा। तब तक झोलाछाप खुद ही पूनम को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंच गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का बड़ा पुत्र शिवा दो साल और छोटा दो माह का है। तीन वर्ष पहले राजेंद्र ने अपने बेटे निर्देश की गांव पुसौरा थाना बेहटा गोकुल हरदोई से शादी की थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और तहरीर मिलने पर कार्रवाई करने की बात कही है।

# आमने-सामने भिड़ी बाइकें, चार जख्मी, एक गंभीर

**खुटार, अमृत विचार :** बंडा मार्ग पर गांव खमरिया गदियाना मोड़ के पास सोमवार शाम करीब सात बजे आमने-सामने दो बाइक टकरा गईं।

हादसे में कस्बा बंडा के गांव उदरा टिकरी निवासी वीरपाल (35), उनकी पत्नी नन्ही देवी (30) पुत्र योगेश (11) और दूसरी बाइक पर सवार कस्बा बंडा के गांव रामटांडा निवासी छत्रपाल घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर 108 सेवा एंबुलेंस से घायलों को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया।

जहां डॉक्टर ने गंभीर घायल नन्ही देवी को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जबकि अन्य घायलों की मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी गई। बता दें कि वीरपाल अपनी पत्नी, पुत्र के साथ खुटार के गांव सौफरी ससुराल आ रहे थे। वही, छत्रपाल गांव कढ़ैया ससुराल से वापस घर लौट रहे थे। गांव खमरिया गदियाना के पास हादसा हो गया।

# वाहन की टक्कर से गई बारहसिंगा की जान

संवाददाता, खुटार

- लौहंगापुर जंगल में हुआ था हादसा, पुलिसकर्मियों की सूचना पर पहुंचे वनकर्मी
- बारहसिंगा के शव को कब्जे में लेकर कराया पोस्टमार्टम, मुंह और गर्दन में आई थी चोट

**अमृत विचार :** पूरनपुर मार्ग पर लौहंगापुर जंगल में रविवार देर रात अज्ञात वाहन ने बारहसिंगा को टक्कर मार दी। जिससे उसकी जान चली गई।

खुटार वन रेंज का क्षेत्रफल करीब साढ़े छह हजार हेक्टेयर में फैला हुआ है। जंगल बंडा, पूरनपुर तक और नेपाल जंगल की सीमा तक जुड़ा है। यहां बाघ, तेंदुआ, हिरण, बारहसिंगा आदि जंगली जानवर निवास करते हैं। रविवार रात करीब 12 बजे खुटार पूरनपुर रोड पर स्थित लौहंगापुर जंगल में सड़क पार कर रहे बारहसिंगा को वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसने वही गिरकर दम तोड़ दिया। रविवार रात करीब एक बजे खुटार पुलिसकर्मी गश्त कर रहे थे। तभी सड़क पर बारहसिंगा मृत अवस्था में दिखाई दिया। सिपाहियों ने सूचना दरोगा प्रमोद कुमार को दी। उन्होंने जानकारी रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव को दी। रेंजर ने वन रक्षक संतोष गौड़ के साथ ही अन्य वनकर्मियों को भेजा। बारहसिंगा के शव को सिहुरा वन चौकी ले गए।



जंगल में बारहसिंगा को दफनाते वनकर्मी। ● अमृत विचार

### ...कहीं बाघ से बचने का तो नहीं किया था प्रयास

दरोगा प्रमोद कुमार ने बताया कि रविवार रात को सिपाही गश्त कर रहे थे, तो पूरनपुर रोड पर लौहंगापुर जंगल में कुछ लोग वाहन लेकर खड़े थे। सिपाहियों के पूछने पर पता चला कि बाघ सड़क पर खड़ा है। इससे सड़क के दोनों और वाहन के पहिये थम गए। सिपाहियों ने टॉर्च की रोशनी लगाकर देखा तो बाघ जंगल में चला गया लेकिन बारहसिंगा का शव पड़े होने की सूचना पर रेंजर को बताया। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि बाघ शिकार करने के लिए बारहसिंगा का पीछा कर रहा था। हमले के बचने से बारहसिंगा सड़क पर पहुंच गया और वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

मामले में अधिकारियों को जानकारी दी। सोमवार सुबह वनकर्मियों ने खुटार पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद को सूचना देकर पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हादसे से मौत की पुष्टि हुई है। सोमवार दिन में करीब 12 बजे वनकर्मियों ने लौहंगापुर जंगल में गड्ढा खोदकर बारहसिंगा का शव दफना दिया।

> वनकर्मियों की सूचना पर बारहसिंगा का पोस्टमार्टम कराया गया है। बारहसिंगा की हादसे में चोट लगने बाद मौत हुई।
>
> **– डॉ. राजेंद्र प्रसाद**, पशु चिकित्सा अधिकारी, खुटार

> रात्रि में गश्त के दौरान एक बारहसिंगा घायल अवस्था मे सड़क पर पड़ा था। जिसकी सूचना वनकर्मियों को रात्रि में ही दे दी गई थी।
>
> **– प्रमोद कुमार**, दरोगा, थाना खुटार

> सूचना पर वनकर्मियों को रात में ही मौके पर भेजा गया था। बारहसिंगा का शव रात में ही उठाकर सिहुरा वन चौकी पर रखवा दिया गया था। सुबह पोस्टमार्टम कराने का बाद उसे दफ़नवा दिया गया है। शिकार का आरोप गलत है। बारहसिंगा की सड़क पार करते समय हादसे में मौत हुई है।
>
> **– मनोज श्रीवास्तव** रेंजर खुटार

# मायके जा रही महिला की बाइक से गिरकर मौत

सवाददाता ,कलान

- बदायूं फरुखाबाद हाईवे पर रुकनपुर धर्मकांटा के पास हुआ हादसा

**अमृत विचारः** भाई को राखी बांधने मायके जा रही महिला की हाईवे पर बाइक से गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया लेकिन परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भर कर शव परिजनों को सौंप दिया।

थाना क्षेत्र के गांव दारानगर निवासी प्रेमबाबू की पत्नी शोभा देवी अपने पुत्र अनूप और पुत्री रेनू के साथ बाइक से अपने मायके थाना मदनापुर के ग्राम बरुआ जा रही थीं। बदायूं फरुखाबाद मार्ग पर स्थित रुकनपुर धर्म कांटा के पास सोमवार दोपहर करीब दो बजे शोभा देवी अचानक बाइक से पीछे गिर गईं। जिससे उसके सिर में चोट आई और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। खबर पाते ही थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र घटना स्थल पर पहुंचे और जानकारी ली। मृतका के पति प्रेमबाबू ने पुलिस को बताया कि पत्नी शोभा की बाइक से गिरने से मौत हुई है, इसमें किसी का दोष नहीं है। वहीं पुलिस ने पंचनामा भर शव को परिजनों को सौंप दिया। मृतका के पति प्रेम बाबू ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रक्षाबंधन की खुशियां मातम में बदल गईं।



मौके पर घटना के बारे में जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

### सड़क हादसे में चार घायल, एक रेफर

**खुटार, अमृत विचार :** पुवायां रोड पर गांव रुजहा कलां मोड़ के पास दो बाइक आपस में टकरा गईं। हादसे में बाइक सवार कस्बा निगोही के गांव पिपरिया निवासी श्यामा चरण(25), फहीद अली(19) और दूसरी बाइक पर सवार पीलीभीत के थाना बरखेड़ा के गांव नकटा निवासी गुड्डू(22) और उनके साले गांव भगवंता निवासी मुकेश(25) घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 सेवा एंबुलेंस से खुटार सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने मुकेश की हालत नाजुक देख उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जबकि श्यामा चरण, गुड्डू, फहीद अली की मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी गई।

### वाहन से टकराकर युवक की मौत

**रोजा, अमृत विचार :** रविवार की रात सल्लिया रोड पर एक युवक की अज्ञात वाहन से टकराकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सिंधौली के भटपुरा रसूलपुर निवासी मृतक के भाई सुनील ने बताया कि मृतक शिव कुमार(30) ससुराल कांट थाना क्षेत्र के गांव बरुआ में थी। वह घर से ससुराल जाने के लिए निकला था। वह शराब का आदी था। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि किसी वाहन से टकराकर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर रोजा थाना क्षेत्र के गांव बरतारा निवासी विजय पाल सड़क पार करते समय वाहन से टकराकर घायल हो गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

# पिपरिया गांव में हुई लूटपाट में दो बदमाश और गिरफ्तार

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

- दो मोबाइल और 12 लाख रुपये के जेवर बरामद

**अमृत विचार :** पिपरिया में एक मकान में हुई लूट की घटना में एसओजी और रोजा पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लूटा गया जेवर बरामद कर लिया है।

रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि 10 अगस्त की रात में पिपरिया गांव में बदमाशों ने एक घर में परिवार वालों को बंधक बनाकर लूटपाट की थी। पुलिस इस घटना में पहले बदमाश को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। एसओजी और पुलिस अन्य बदमाशों की तलाश में जुटी थी। पुलिस को सोमवार की रात दो बजे सूचना मिली कि कैलाश नगर कॉलोनी में कुछ बदमाश है। पुलिस और एसओजी ने घेराबंदी करके दो बदमाशों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी जुनैद व फहीम निवासी लोधीपुर थाना रोजा है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो मोबाइल, दो जोड़ी झाले, छह सोने की अंगूठी, दो जोड़ी पायल, एक सोने का हार, सोने की चूड़ी, एक मंगल सूत्र बरामद किया है। पुलिस ने करीब 12 लाख रुपये का जेवर बरामद किया है। पूछताछ में बताया कि मुजम्मिल के साथ पिपरिया गांव में एक घर में लूटपाट की थी। मकान मालिक को बंधक बना लिया था। रुपये का बंटवारा हो गया था। अगली रात फिर एक बंद मकान में चोरी की थी। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। टीम में एसओजी प्रभारी आरपी सिंह, रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, उप निरीक्षक वेदपाल सिंह, राजेश कुमार आदि थे।



रोजा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# मायके जाने से मना किया तो फंदे पर लटक गई महिला

**मदनापुर, अमृत विचार :** रक्षा बंधन पर मायके न भेजने पर महिला ने कमरे में पंखे के कुंडे से साड़ी का फंदा गले डालकर आत्महत्या कर ली है। कस्बा मदनापुर निवासी चंद्रशेखर की शादी कलान कस्बा में वैशर्वी सिंह(25) के साथ हुई थी। रक्षा बंधन के पर्व पर उसने मायके जाने के लिए कहा तो ससुराल वालों ने मना कर दिया।

इस बात से नाराज होकर सोमवार की शाम सात बजे महिला ने कमरे का दरवाजा बंद करके कुंडे से साड़ी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। ससुराल वालों ने दरवाजा तोड़कर उसके शव को नीचे उतारा। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर उसके मायके वालों की सूचना दे दी गई है। मृतका के दो बच्चे है। मौत की खबर से बच्चों का रो-रोकर बुराहाल है।

# किराना व्यापारी के घर मिला युवक का शव

संवाददाता, अल्हागंज

- शराब का आदी था मनोज अक्सर रुकता था व्यापारी के घर

**अमृत विचार :** गांव कोयला ज्ञानपुर में एक युवक का शव किराना व्यापारी के घर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है।

थाना क्षेत्र के गांव कोयला ज्ञानपुर निवासी मनोज कुमार(30) गांव के ही किराना व्यापारी सालिग राम की दुकान का सामान लाने और ले जाने में सहयोग करता था। दुकानदार भी समय-समय पर उसकी मदद करता था। बताते है कि रविवार रात दस बजे मनोज अपने मित्र के घर से पार्टी करके लौटा था और घर न जाकर किराना व्यापारी के घर सो गया था। उसे सुबह उठाया तो नहीं उठा। पीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार वालों ने बताया कि वह शराब का आदी था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। मृतक दो भाइयों में छोटा था। उसकी शादी नहीं हुई थी।

### नशे में खाया जहरीला पदार्थ, युवक की मौत

**पुवायां।** नगर के कसभरा आढत मोहल्ले में एक युवक ने शराब पीने के बाद जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन युवक को सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुवायां नगर के कसभरा आढत निवासी राजीव पुत्र नन्हेलाल ने शराब के नशे में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन राजीव को पुवायां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने राजीव को मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक राजीव शराब पीने का आदी था। वह सोमवार सुबह से ही शराब के नशे में घूम रहा था। राजीव ने नशे में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिस कारण राजीव की मौत हो गई।

# सड़क पर नहीं दिखते गड्ढे...गिरकर चोटिल हो रहे लोग

## भटियुरा पृथ्वीपुर-बिलसंडा मार्ग का हाल, सड़क किनारे खड़े किए जा रहे वाहनों से दिक्कत

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार :** निगोही से बिलसंडा जाने वाला प्रमुख मार्ग भटियुरा पृथ्वीपुर के पास बदहाल है। जिससे लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सड़क किनारे एक फैक्ट्री के वाहन खड़े हो जाते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है, जो जाम का सबब बनता है। समस्या का समाधान नहीं होने पर लोगों ने मुख्यमंत्री और डीएम को पत्र भेजकर समस्या समाधान की मांग की है।

निगोही से बिलसंडा को जाने वाले मार्ग पर गांव पृथ्वीपुर भटियूरा पड़ता है। इस रोड पर एक फैक्ट्री के सामने सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई है। सड़क के दोनों ओर ट्रक खड़े हो जाने से सड़क और संकरी भी हो जाती है। चूंकि लोगों को बिलसंडा व्यापार व जरूरी सामान की खरीदारी के लिए आना-जाना लगा रहता है, इसलिए इस रोड पर आवागमन भी अधिक होता है लेकिन इस जर्जर सड़क की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।


भटियुरा पृथ्वीपुर के पास जर्जर मार्ग और रोड किनारे खड़े वाहन। ● अमृत विचार

● **संकरी सड़क पर दो बड़े वाहन आमने-सामने आने पर लग जाता है जाम**

कई बार तो दो पहिया वाहन आपस में टकराने से लोग चोटिल हो चुके है। एक सप्ताह पहले एक बाइक पर सवार दो युवकों ने जैसे ही सामने आए गड्ढे को बचाने के लिए बाइक मोड़ी, तभी पीछे से आई तेज रफ्तार कार बाइक से सटकर निकल गई लेकिन बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिससे दोनों युवक चोटिल हो गए।

राहगीरों ने उन्हें उठाया और कुछ देर बाद चोट में राहत मिलने पर वह दोनों चले गए।

ग्रामीणों ने बताया कि इसके अलावा सड़क किनारे वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे संकरी सड़क पर जब दो बड़े वाहन आमने-सामने से आ जाते हैं और जाम की स्थिति बन जाती है। ग्रामीणों ने इस समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री और डीएम को पत्र भेजा गया है।

### रात में होती है सबसे ज्यादा दिक्कत

सबसे अधिक परेशान रात के समय में होती है। बाइक की हल्की रोशनी में गड्ढे दिखाई नहीं देते और अक्सर बाइक व स्कूटी सवार गिर जाते हैं। स्कूली बच्चों के लिए तो हर समय खतरा बना रहता है। आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की यह जर्जर हालत फैक्ट्री में सामान लेकर आने वाले ट्रकों की वजह से हुई है। बरसात में सड़क किनारे गड्ढों में भरे पानी में ट्रक का पहिया पड़ता है और उसमें लगकर मिट्टी सड़क पर पहुंच जाती है, जिससे सड़क पर दलदल होने से सड़क दिन ब दिन जर्जर होती जा रही है। लोगों की दिक्कतों को अधिकारी भी अनदेखा कर रहे हैं।

### इन गांवों के लोगों को सबसे अधिक परेशानी

इस रूट पर पतराजपुर, अर्जुनपुर, भटियुरा पृथ्वीपुर, खिरिया, टिकमापुर, धीरठ, ईसापुर, मिल्किया, सहेदेव, भटपुरा मिश्र, भदेगकंजा, हरसैली आदि गांव पडते हैं। इन गांव के लोगों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इन लोगों का बिलसंडा और निगोही हर वक्त आना-जाना बना रहता है।

# प्रभात फेरी में नीला झंडा लहराए जाने की डीआईओएस से शिकायत

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार :** जीआईसी कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस पर प्रभात फेरी के दौरान एक पार्टी विशेष का झंडा लहराए जाने पर कुछ लोगों ने आपत्ति करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक से शिकायत की है। नगर निवासी अंशू गुप्ता, अमन कुमार, राजू ने कार्रवाई की मांग की है।

कलान कस्बे में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस के बाद कस्बे में छात्रों ने प्रभात फेरी निकाली। छात्र हाथों में भगवा झंडा लेकर पहुंचे तो कॉलेज स्टाफ ने उन्हें रोक दिया। छात्रों में विवाद की स्थिति हो गई। कुछ छात्र तो तिरंगा लेकर हाथों में चल रहे थे, लेकिन कुछ छात्रों के हाथ में विशेष पार्टी का नीला झंडा था। छात्रों के हाथों में नीला झंडा देख लोग अचरज में पड़ गए।

इसके बाद कुछ छात्रों ने भगवा झंडा लहराना शुरू किया तो छात्रों के दो गुटों में रार जैसी स्थिति हो गई। कस्बे के लोग स्वतंत्रता दिवस पर हुए इस मामले को लेकर नाराज हैं। कस्बा वासियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार से शिकायत की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई शुरू नहीं हुई है, जिससे कस्बे के लोगों में नाराजगी है। लोगों ने जांच कर कार्रवाई के जाने की मांग की है।


तिरंगा के साथ नीला झंडा लहराते युवा। ● अमृत विचार

● **पार्टी विशेष का झंडा नजर आने पर कुछ लोगों ने जताई आपत्ति**

> हमें इस मामले की जानकारी नहीं है, हम अपनी टीम के साथ आगे चल रहे थे। अगर नीला झंडा छात्रों ने लहराया है तो गलत है। ऐसे छात्रों को चिन्हित कर रहे हैं। -सियाराम प्रधानाचार्य जीआईसी, कलान

### घर के बाहर से दो बाइक चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी के गांव सरौरा पूर्वी निवासी राकेश ने बताया कि वह और अरुण कुमार सक्सेना निवासी भारद्वाजी चौक कोतवालीमोहल्ला अजीजगंज में श्यामा के मकान में किराए पर रहते है। राकेश व अरुण कुमार ने मकान मालिक के घर के बाहर लोहे के गेट के पास 16 अगस्त की रात में अपनी-अपनी बाइक खड़ी कर दी। चोर रात में साढ़े तीन बजे दोनों बाइक चुराकर ले गए। दोनों लोग चोरी गई बाइक की तलाश करते रहे, लेकिन नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि चोरी गई दोनों बाइकों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### जमीन पर कब्जे का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** परौर के मजरा मोहनपुर निवासी सुमेर कश्यप ने गांव के राजीव सिंह चौहान से रहने के लिए जगह का बैनामा अपने दिव्यांग भतीजे देवेंद्र के नाम कराया था। जिस पर कुछ लोगों ने जबरिया नींव खोद दी। पीड़ित सुमेर कश्यप ने पुलिस और तहसील के अधिकारियों से शिकायत की लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी। पीड़ित ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है।

### कुत्तों ने बछड़े को किया जख्मी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एक बछड़ा गायों के झुंड से बिछड़ गया। जिस पर परौर की रामगंगा कटरी में जंगली कुत्तों ने हमला कर दिया। जिसमें वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। उसे शिवम यादव, छविराम, वीरपाल समेत कई लोगों ने बचाया और जनहित शिक्षा सेवा समिति के प्रबंधक सत्यवीर सिंह चौहान को जानकारी दी। उन्होंने मिर्जापुर के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सहदीप कुमार को जानकारी दी, उन्होंने बछड़े का उपचार कराया।

### किशोरी को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि शनिवार की शाम पांच बजे उसकी 16 वर्षीया पुत्री किसी काम से गई थी। वह रात आठ बजे तक घर वापस नहीं आई। परिजनों ने उसे तलाशा लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। जानकारी मिली कि मोहल्ले का नीरज उसकी बेटी को अगवा करके ले गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।


ढाई घाट गंगा तट पर स्नान करते बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# सावन पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी, किया दान

● **घाटों पर पुरोहितों से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराके जरूरतमंदों को किया दान**

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** सावन माह की पूर्णिमा व रक्षाबंधन के पर्व पर ढाई घाट गंगा तट पर श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे के जयघोष के साथ डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने घाटों पर पुरोहितों से पूजा कराई, साथ ही जरूरतमंदों को दान किया।

सोमवार को गंगा पुल के दोनों ओर घाटों पर ब्रह्म मुहूर्त से शुरू हुआ स्नान देर शाम तक चलता रहा। हर-हर गंगे के जयघोष से सभी घाट गुंजायमान रहे। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पुरोहितों से विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। मनोकामना पूरी होने पर श्रद्धालुओं ने सत्यनारायण की कथा सुनकर गरीबों को आटा, चावल, दाल, वस्त्र आदि दान किया। गंगा तट पर बड़ी संख्या में दुकानदारों ने दुकानें सजाई थी, जिससे गंगा तट पर मेले जैसा माहौल रहा।


कोलाघाट पर जाम में फंसे लोग। ● अमृत विचार

### घंटों जाम में फंसे रहे लोग

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** रक्षाबंधन व पूर्णिमा पर्व के चलते सोमवार को कोलाघाट पुल पर भीषण जाम लग गया। राखी बांधने जा रही बहनें घंटों जाम में फंसी रही। गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालु भी जाम का शिकार बने। पुल के दोनों तरफ रखे पत्थरों ने जाम को और विकराल बना दिया। पत्थरों को बड़े वाहन निकलने से रोकने के लिए रखा गया था। जिसके चलते एक बार में एक ही बाइक आ जा सकती है। त्यौहार के चलते उमड़ी भारी भीड़ से पुल के दोनों तरफ लंबा जाम लगा रहा। बहनें जाम के लिए प्रशासन की व्यवस्था को कोसती रही।

### बदायूं फर्रुखाबाद मार्ग पर जाम से जूझते रहे लोग

**कलान, अमृत विचार :** सोमवार को रक्षाबंधन के कारण बदायूं फर्रुखाबाद मार्ग पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। जाम खुलवाने के लिए पुलिस को पसीना बहाना पड़ा। इस दौरान वाहन रेंग-रेंग कर चलते रहे। थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र ने रक्षाबंधन पर जाम न लगे इसके लिए परौर चौराहा, थाना ब्लॉक मोड आदि स्थानों पर पुलिस फोर्स लगाया था फिर भी ई-रिक्शा, फल आदि ठेली लगाने वालों ने सड़क की पटरी पर कब्जा कर रखा था। जिस कारण कई बार जाम लगा।


Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003
0581-2530800/700
HELPLINE : 9760701234
गुर्दा एवं मूत्र रोग विभाग
डॉ. सौरभ गुप्ता
एम.डी., डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
नेफ्रोलॉजी एवं किडनी ट्रान्सप्लान्ट विशेषज्ञ
ओपीडी का समय
प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक
● यूरिया/क्रिएटिनिन का अधिक बढ़ जाना।
● शरीर पर सूजन/सूजी हुई आँखें।
● अनियमित ब्लड प्रेशर की शिकायत
● किडनी की बीमारी
● गुर्दे की बीमारी के साथ मधुमेह की शिकायत होना।
● किडनी में सिस्ट का होना।
● गम्भीर गुर्दे की बीमारी
● गुर्दे में इन्फेक्शन
उपलब्ध सुविधायें
● ए.वी. फिस्टुला बनना
● रक्त प्लाज्मा को निकालना
● किडनी बायोप्सी
● डायलिसिस सुविधा
● पर्मकैथ की सुविधा
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
24 घण्टे इमरजेंसी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website : www.khushlokhospital.com
Email : khushlokhospital@rediffmail.com

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रुप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला IFFCO HOSPITAL मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
● 24 घंटे के अन्दर
● 14 दिन के बाद भी
● हथेली व तलुवे का भी पीला होना
● Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
NABH PRE ACCREDITED
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## एक नजर

### डॉ. साजिद को मिलेगा साहित्य सम्मान



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बाल वाटिका भीलवाड़ा की ओर से जीएफ कॉलेज के प्रवक्ता डॉ. मोहम्मद साजिद खान को आनंद प्रकाश जैन शिखर सम्मान के लिए नामित किया गया है। बाल साहित्यकार डॉ. साजिद की विविध विधाओं की अब तक लगभग 650 रचनाएं विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। इस उपलब्धि के लिए उन्हें भारतेंदु हरिश्चंद्र बाल-साहित्य पुरस्कार, राष्ट्रीय युवा कवि अवार्ड, प्रतिभा-अलंकरण सम्मान, पं. बृज बहादुर पांडेय स्मृति बाल साहित्य सम्मान समेत कई अन्य पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि बाल वाटिका भीलवाड़ा की ओर से पांच और छह अक्टूबर को होने वाली 25वीं राष्ट्रीय बाल साहित्य संगोष्ठी में सम्मानित किया जाएगा।

### छत से गिरकर घायल महिला की मौत



**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव अपगना निवासी गीता (45) पत्नी राकेश रविवार रात छत पर सो रही थीं। सोमवार तड़के वह जीने से नीचे आने के लिए आईं। इसी दौरान गीता जीने से नीचे जमीन पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन गीता को चिकित्सक के पास ले गए। हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने महिला को रेफर कर दिया। परिजन घायल को बरेली ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। परिजन महिला का शव गांव ले आए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

### रुहेलखंड विवि को ग्लोबल यूनिवर्सिटी रैंकिंग में मिला डायमंड बैंड

**बरेली, अमृत विचार :** ग्लोबल यूनिवर्सिटी रैंकिंग लंदन की ग्रेजुएट आउटकम वर्ल्ड रैंकिंग 2024 में रुहेलखंड विवि को डायमंड बैंड मिला है। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि ग्लोबल यूनिवर्सिटी रैंकिंग लंदन सात मानकों के आधार पर विश्व स्तर पर रैंकिंग जारी करती है। इसमें अमेरिका की हॉवर्ड यूनिवर्सिटी, स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, चीन की शिंगुआ यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो समेत अन्य यूनिवर्सिटी भी शामिल रहती हैं। विश्व भर से 1054 यूनिवर्सिटी की ओर से प्रतिभाग किया गया। इसमें एमजेपीआरयू को 721 रैंक मिली है। इस रैंकिंग के मानकों में एम्प्लॉयमेंट रेट, प्लेसमेंट रेट, जॉब सटिस्फैक्शन, करियर प्रोगेसेसिवनेस, अलुमिनाई अचीवमेंट, एम्प्लॉय फीडबैक, अलुमिनाई सटिस्फैक्शन जैसे मानक शामिल हैं। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने इस उपलब्धि पर रुविवि टीम को बधाई दी है।

### आरटीओ कार्यालय के निर्माण को मंजूरी

**बरेली, अमृत विचार :** नकटिया में वर्षों से किराये के भवन में संचालित संभागीय परिवहन कार्यालय को जल्द अपना भवन मिल जाएगा। परसाखेड़ा में भवन निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। निर्माण पर 16.60 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पहली किस्त के रूप में तीन करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। शासन ने कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज उप्र जल निगम को कार्यदायी संस्था नामित किया है। जल्द निर्माण शुरू होने की उम्मीद है। विशेष सचिव केपी सिंह की ओर से धनराशि स्वीकृत करने के संबंध में परिवहन आयुक्त को पत्र भेजा गया है।

# नो सेफ्टी, नो सर्विस की तख्ती लेकर गरजे

## मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने की नारेबाजी, चौथे दिन भी जारी रही हड़ताल

कार्यालय, संवाददाता, शाहजहांपुर




मेडिकल कॉलेज में हड़ताल पर बैठे जूनियर डॉक्टर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोलकाता में महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या के विरोध में मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। डॉक्टरों ने ओपीडी गेट के बाहर तख्तियां लेकर धरना दिया और केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। इस दौरान ओपीडी में आने वाले मरीज वापस लौट गए। मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। हालांकि इमरजेंसी सेवाएं सुचारू रहीं।

कोलकाता में जूनियर डॉक्टर की हत्या को लेकर राष्ट्रीय आह्वान पर मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल जारी है। ओपीडी बंद है इसके बावजूद आपातकालीन स्थिति में डॉक्टर सेवाएं दे रहे है। सोमवार को हड़ताल का चौथा दिन था। जूनियर डॉक्टर ओपीडी गेट पर एकत्रित हुए। डॉक्टरों ने नो सेफ्टी, नो सर्विस के नारे लगाए। उनका आरोप था कि कोलकाता की घटना के बाद वहां के प्रशासन ने आरोपियों के खिलाफ नरमी दिखायी है। इतना

● **वापस लौटे मरीज, इमरजेंसी सेवाएं रहीं चालू**

ही नहीं विरोध कर रहे डॉक्टरों पर हमला भी किया गया, लेकिन अब तक आरोपियों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई। यहां के डॉक्टर अपनी सुरक्षा को लेकर भी चिंतित है। उन्होंने मेडिकल प्रशासन और जिला प्रशासन से वार्डों में सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इधर मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी सेवाएं चालू है।

**मरीजों को हो रही दिक्कत**

मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में रोजाना करीब साढ़े चौदह सौ पर्चे बनते है। मरीज काफी दूर से डॉक्टर को दिखाने के लिए पहुंच रहे है लेकिन ओपीडी बंद होने से वापस हो जा रहे है। जिससे मरीजों और तीमारदारों को काफी दिक्कत हो रही है। प्राइवेट डॉक्टरों से ज्यादा रुपये देकर इलाज करवाने को मजबूर है। सोमवार को भी अस्पताल परिसर में मरीज इधर-उधर जानकारी करते मिले कि ओपीडी में मरीज कब देखे जाएंगे।

### खांसी की दवा समझकर पी लिया विषाक्त पदार्थ किशोरी की मौत

**बिसौली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव नागपुर निवासी किशोरी ने खांसी की दवा के धोखे में विषाक्त पदार्थ पी लिया। किशोरी की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने किशोरी को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव निवासी नेमपाल की 17 साल की बेटी रेशमा की रविवार देर रात इलाज के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार कुछ दिनों से रेशमा की तबीयत खबर चल रही थी। उसे खांसी भी थी। रेशमा ने खांसी की दवा के धोखे में घर पर रखा विषाक्त पदार्थ पी लिया। कुछ देर में बार उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सक ने हालत गंभीर बताते हुए किशोरी को रेफर कर दिया। किशोरी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# कोलकाता कांड के विरोध में निकाला कैंडल मार्च




कैंडल मार्च निकालते फार्मासिस्ट और वेलफेयर सोसाइटी के लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **फार्मासिस्ट और वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने की कठोरतम कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचार:** कोलकाता में हुई घटना को लेकर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन व एकता वेलफेयर सोसाइटी ने सोमवार को कैंडल मार्च निकाला और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई किए जाने की मांग की।

शहर के घंटाघर से पैदल कैंडल मार्च में कई डॉक्टर समेत फार्मासिस्टों ने शहीद पार्क में पुष्पांजलि अर्पित कर कोलकाता निर्भया कांड के संबंध में न्याय की गुहार के लिए आवाज उठाई। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार ने बताया कि कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ जघन्य अपराध किया गया है। इस घटना ने पूरे चिकित्सा जगत को झकझोर कर रख दिया है। इस मामले के दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। कैंडल मार्च में जिलाध्यक्ष बृजेश कुशवाहा, शुऐब हसन, शुऐब मंसूरी, गौरव पाल, विकास, शिवम पाल, अरशद खान, प्रथमेश शुक्ला, दीपक गुप्ता, विमलेश वर्मा आदि शामिल रहे।

# मेडिकल स्टोर संचालक को भेजा जेल, घर में भी तलाशी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **एक ही लाइसेंस पर तीन मेडिकल स्टोर संचालित, तीनों पर मिले नशे के प्रतिबंधित इंजेक्शन**
● **नशा छुड़ाने के लिए रेक्सो जेसिक इंजेक्शन का उपयोग करते हैं चिकित्सक**
● **इंजेक्शन लगने के 5-6 घंटे बेहद नशे में रहता है व्यक्ति, 24 घंटे तक असर**

**अमृत विचार :** मेडिकल संचालक जिस रेक्सो जेसिक इंजेक्शन की बिक्री कर रहा था। वह न सिर्फ प्राण घातक है बल्कि उसके लगातार इस्तेमाल से गंभीर बीमारी का लोग शिकार हो सकते हैं। इस इंजेक्शन का प्रयोग चिकित्सक नशा छुड़ाने के लिए उपयोग करते हैं। यह इतना नशीला होता है कि इसके प्रयोग से व्यक्ति पांच से छह घंटे तक बेहद नशे में रहता है। कभी व्यक्ति को 24 घंटे तक होश नहीं आता। जिस मेडिकल स्टोर से नशे के इंजेक्शन बरामद हुए थे। उसके संचालक को पुलिस ने जेल भेज दिया है। इंजेक्शन कहां से आ रहे थे, इसकी जांच की तैयारी ड्रग विभाग कर रहा है।

शहर में बड़े पैमाने पर नशे का कारोबार हो रहा है। जिसका भंडाफोड़ पुलिस और प्रशासन ने एक मेडिकल स्टोर से हजारों रुपये के प्रतिबंधित नशे के इंजेक्शन बरामद करने के बाद किया था। उसके संचालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे जेल भेज दिया गया है। जिस दिन सीओ सिटी आलोक मिश्रा और सिटी मजिस्ट्रेट से मेडिकल स्टोर पर छापा मारा था। उस दिन उसके अन्य दो अन्य मेडिकल स्टोर की भी तलाशी ली गई थी। उसके घर का हर कोना तलाशा गया था। परंतु पुलिस को मेडिकल स्टोर को छोड़कर घर पर कुछ नहीं मिला। ड्रग विभाग के अधिकारियों के अनुसार एक लाइसेंस पर तीन मेडिकल संचालन करना जांच का विषय है। जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि अन्य मेडिकल पर लाइसेंस हैं या नहीं। जिसकी जांच रक्षाबंधन की छुट्टी के बाद शुरू कर दी जाएगी।

**नशे की लत में जीवन बर्बाद कर रहे हैं युवा**

शहर के साथ-साथ गांवों में भी युवा नशे की लत में पड़ अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। गांजा, अफीम के बाद युवा व्हाइटर और आयोडेक्स का सेवन कर रहे हैं। नशे की लत में पड़ कर युवाओं की मानसिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। इनकी स्थिति देख अभिभावक भी परेशान हैं और ये लोग नशे का कारोबार करने वालों को कोस रहे हैं। शहर में भी बेधड़क होकर नशे का कारोबार हो रहा है। परंतु ड्रग विभाग लापरवाह बना हुआ है।

**मेडिकल स्टोर पर नहीं हो सकती बिक्री**

जिस इंजेक्शन को पुलिस और ड्रग विभाग ने मेडिकल स्टोर से बराद किया है। उसकी बिक्री मेडिकल स्टोर पर नहीं हो सकती है। यह सरकारी अस्पतालों में मिलता है। इसकी सरकारी सप्लाई होती है। जिसे डॉक्टर के द्वारा मरीज की स्थिति को देखकर मंगाया जाता है।

"मुझे आए कुछ ही माह हुए हैं। पहले लोकसभा चुनाव में ड्यूटी लगा दी गई थी। उसके बाद कांवड़ यात्रा में ड्यूटी लगा दी गई। इसके बाद भी जनपद में अवैध मेडिकल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसे मेडिकल स्टोर से दवाएं बरामद हुई हैं। उसे जेल भेज दिया है। मेडिकल स्टोर से लेकर उसके घर तक की तलाशी ली गई थी। वहां कुछ नहीं मिला। इंजेक्शन कहां से आ रहे थे। इसकी जांच की जाएगी।

**-लवकुश प्रसाद**, ड्रग इंस्पेक्टर

### अवैध पिस्टल समेत युवक गिरफ्तार, चालान किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि रविवार की रात खिरनीबाग चौराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान एक युवक के कब्जे अवैध पिस्टल, पांच कारतूस और एक एअर पिस्टल व एक डिब्बी छर्रे की बरामद की है। पकड़ा गया अभियुक्त अभिषेक कुमार निवासी नरपत नगर जिला कानपुर है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

# हनुमतधाम में वित्त मंत्री खन्ना ने परिजनों संग किया शिवार्चन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सावन के अंतिम सोमवार को भोले बाबा के भक्तों में खासा उत्साह दिखाई दिया। चूंकि अंतिम सोमवार को रक्षाबंधन पर्व भी था, इसलिए कांवड़ियों की संख्या कम ही रही, लेकिन शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु उमड़ते रहे। प्रमुख मंदिरों के अलावा गली-मोहल्लों के मंदिरों में महिलाएं, पुरुष, युवा भोले बाबा का अभिषेक करने को कतार में खड़े अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे। वहीं, सावन के अंतिम सोमवार को हनुमतधाम स्थित मंदिर में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने परिवार के सदस्यों के साथ विधि-विधान से शिवार्चन कर विश्व कल्याण की कामना की।

हनुमतधाम स्थित मंदिर में कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने अग्रज कमलेश खन्ना समेत परिवार के अन्य सदस्यों और शुभचिंतकों के साथ शिवार्चन किया। मंदिर पुजारी जय प्रकाश वाजपेयी, अमन पांडेय आदि ने मंत्रोच्चार के साथ विधि-



हनुमतधाम में बड़े भाई के साथ शिवार्चन करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना।



बक्सरिया स्थित श्री दुर्गा रतन मंदिर में शिवार्चन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● **श्री दुर्गा रतन मंदिर में भक्तों ने किया भव्य रुद्राभिषेक**

विधान से पूजन कराया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने भी मंत्रोच्चार के साथ आदिदेव भगवान शिव का अभिषेक कर बेलपत्र, पुष्प, भांग, धतूरा, मिष्ठान, फल आदि अर्पित कर आशीर्वाद लिया। अनुष्ठान में उद्योगपति सुरेश सिंह, धीरू खन्ना, रागिनी खन्ना, सरला खन्ना, प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, अंशुमान अग्रवाल, आनंद मिश्रा, कृष्ण कुमार गर्ग, ज्ञानदेव गुप्ता, जितेंद्र तिवारी, रजत खन्ना समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। वहीं, बक्सरियां स्थित श्री दुर्गा रतन मंदिर में रविवार रात भोलेबाबा का रुद्राभिषेक किया गया। मंदिर पुजारी पंडित अवधेश मिश्र ने मंत्रोच्चार के साथ पार्थिव शिवलिंग का पूजन कराकर शिवार्चन अनुष्ठान पूर्ण कराया। आयोजन में पुनीत मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, विनीत मेहरोत्रा, लक्ष्मी, सीमा गुप्ता, आशुतोश तिवारी, कपिल वर्मा, कन्हैया लाल वर्मा, हरिओम, बलराम भारद्वाज, यश मिश्रा, राकेश कुमार त्रेहन, आशुतोष त्रेहन, अभि आदि श्रद्धालु मौजूद शामिल रहे। इधर, महानगर के मुख्य शिवालय बाबा विश्वनाथ मंदिर, बाबा बनखंडीनाथ मंदिर, बाबा चौकसीनाथ मंदिर, बाबा मनोकरण मंदिर आदि में हजारों श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन किया।



बाबा विश्वनाथ मंदिर में भोले बाबा का अभिषेक कर बेलपत्र अर्पित करते श्रद्धालु।

# भोलेश्वरनाथ धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़

संवाददाता, जमुका/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सावन माह के आखिरी सोमवार को रोजा की आदर्श नगर कॉलोनी स्थित भोलेश्वर नाथ धाम में भक्तों का तांता लगा रहा।

सोमवार सुबह सूर्य उदय होने से पहले ही मंदिर में घंटे और भोलेनाथ के जयकारों की गूंज से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शिवालयों में ओम नमः शिवाय के मंत्रों के जाप के साथ शिवभक्तों ने अपनी श्रद्धा के अनुसार जलाभिषेक व रुद्राभिषेक किया। फूल, मिष्ठान, बेलपत्र, भांग, धतूरा और अन्य सामग्री चढ़ाकर प्रभु का स्मरण किया। लोगों ने सावन माह के नियम पूरे किए। शिवलिंग के समक्ष बैठकर भोले का ध्यान किया। मठिया कॉलोनी, बल्लिया के छोटे बच्चों से लेकर महिलाओं और बड़े बुजुर्गों ने भी भोलेनाथ की अर्चना वंदना कर मनौती मांगी। दोपहर बाद राखी का त्योहार होने के चलते लोगों को सुबह पूजन का काफी समय मिल गया।



भोलेश्वर नाथ धाम में जलाभिषेक करते भक्त। ● अमृत विचार

### कलान में कई जगह किया भंडारे का आयोजन

**कलान, अमृत विचार :** कस्बे में परौर रोड पर रामकुमार गुप्ता के आवास पर सोमवार को आयोजित भंडारे में पटना देवकली शिव मंदिर जा रहे कांवड़ियों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। हाईवे किनारे व्यापारी सुधाकर गुप्ता ने भंडारा आयोजित कराया। भंडारे में प्रभाकर गुप्ता, दिवाकर गुप्ता, कार्तिक गुप्ता, केतन गुप्ता, नंदी गुप्ता आदि का सहयोग रहा। पटना देवकली शिव मंदिर तिराहे पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख वेतन लाल गुप्ता द्वारा भंडारा आयोजित किया गया। इस मौके पर मनोज गुप्ता, पंकज गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। देवकली शिव मंदिर पर भी कई लोगों ने भंडारे किया।



### रुपये के लेनदेन में विवाद, भतीजे ने चाचा पर किया हमला

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला महाराज नगर में रुपए के लेनदेन को लेकर चाचा भतीजे के बीच विवाद हो गया। भतीजे ने चाचा पर धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया। आरोपी मौके से भाग गया। घायल चाचा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भोला महाराज नगर निवासी जमील पुत्र शफी अहमद का उनके घर के पास रहने वाले भतीजे आशु पुत्र पप्पू से 300 के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा है। रुक क्यों को लेकर अक्सर वह दोनों आमने सामने आ जाते हैं। पिछली बार विवाद होने के दौरान मोहल्ले के लोगों ने दोनों को समझाकर शांत करा दिया था। सोमवार को भी दोनों के बीच कहासुनी हुई। मामला इतना बड़ा भतीजे ने चाचा पर हमला करके घायल कर दिया। जमील लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# सावन के अंतिम सोमवार निकली भोले बाबा की भव्य बरात

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सावन के अंतिम सोमवार को महानगर में भोलेनाथ की बरात बैंड बाजे और आकर्षक झांकियों के साथ धूमधाम से निकाली गई। शिव बरात का नगरवासियों ने पुष्पवर्षा और ठंडाई आदि वितरण कर स्वागत किया।

भोले बाबा की बरात रंग महला स्थित हिंदू सत्संग भवन से शुरू हुई, जो चौक, कच्चा कटरा मोड़, घंटाघर, बहादुरगंज, सदर बाजार होते हुए टाउनहाल स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में विसर्जित हुई। समापन अवसर पर भगवान शिव का देवी पार्वती जी का विवाह संपन्न कराया गया। विवाह अवसर पर श्रद्धालुओं के



शिव बरात में भोले बाबा की आरती के लिए खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार



नंदी पर सवार भोलेनाथ की झांकी। ● अमृत विचार

● **आकर्षक झांकियों ने मन मोहा शिव विवाह भी कराया गया**

गगनभेदी जयघोष के वातावरण गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा से अपने आराध्य देव का स्वागत किया। इसके बाद सभी ने भंडारे में प्रसाद छका। शिव भोले की बरात में भगवान शिव रूप के साथ राधा-कृष्ण, यमदेव, नंदी पर सवार शंकर जी, गणेश जी, श्री लक्ष्मी-नारायण, विशाल रूप में हनुमान जी, उज्जैन के महाकालेश्वर की महाआरती, मां काली आदि देव स्वरूपों की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बहेड़ी, संभल, चंदौसी के बैंड समेत डीजे पर बज रहे भोले बाबा के भजनों पर सैकड़ों युवा थिरकते हुए मस्ती कर रहे थे। बैद्यराज के नाम से पहचान बनाने वाले किशन की अगुआई में निकली शिव बरात में नरेंद्र त्यागी, विजय प्रकाश, आरती सिंह, नीरा त्यागी, रेखा, प्रशंसा, प्रीति किन्नर, राजकमल बाजपेई, विनय अग्रवाल, अंकुर कटियार, नरेंद्र मिश्रा, चिन्मय त्यागी, सुनील तिवारी, रजत सिंह, पीयूष मिश्रा, विजेंद्र कुमार, मोहित कुमार, राजेश अवस्थी, आशीष वर्मा, विजय प्रकाश, राजीव कुमार, राजा सिंह, गौरव सिंह, आशीष गुप्ता, रानी पांडेय आदि का सहयोग रहा।



शिव बरात में शामिल यम देव की झांकी।



शिव बरात में शामिल मां दुर्गा की झांकी।

### बाइक और टेंपो टकराने से बच्चों सहित दंपती घायल

**इस्लामनगर (बदायूं), अमृत विचार :** सोमवार को बाइक और टेंपो की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार पति पत्नी सहित उनके दो छोटे-छोटे बच्चे घायल हो गए। पत्नी अपनी ससुराल से पति के साथ बाइक से मायके राखी बांधने जा रही थी। जिला संभल के गांव चांटन निवासी अवनीश 30 पुत्र सूरजपाल अपनी पत्नी नीलेश और दो बच्चों के साथ पल्सर बाइक से बिसौली क्षेत्र के गांव सिद्धपुर अपनी रिश्तेदारी में राखी बांधने जा रहे थे। इस्लामनगर क्षेत्र के गांव कंधरपुर से पहले एक भट्टे पास पहुंचने पर सामने से आ रहे टेंपो से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार पति पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चे घायल हो गए। राहगीरों ने टेंपो चालक को रोक लिया। और उसी टेंपो में बैठाकर घायल पति पत्नी को इस्लामनगर ले जाकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.**
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
**BEST PRICE & BEST SERVICE**

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड
Complex Fistula (जटिल भगन्दर)
पाइल्स तथा एनल फिसर एवं
Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा
पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of
Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ
व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर,
ऐनल फिसर रेक्टल
पालिप, पाइलोनिडल
साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

अम्बा हैल्थ क्लीनिक


डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरूष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● योन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः- 18 अगस्त 2024, रविवार
01 सितंबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# जनपद में 1.36 करोड़ रुपये से किया जाएगा आठ पंचायत भवनों का निर्माण

## एक बड़ा हॉल व आठ कमरे बनाए जाएंगे, प्रधान, सचिव और ग्रामीणों के बैठने की होगी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- आज सभी सुविधाओं से जैस होगा पंचायत भवन
- डीपीआरओ ने बीडीओ और एडीओ से मांगे प्रस्ताव

**अमृत विचारः** जनपद को जल्द आठ पंचायत भवनों की सौगात मिलने वाली है। राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान के तहत 1.36 करोड़ की लागत से बनने वाले वृहद पंचायत भवन में एक बड़ा हॉल और आठ कक्ष बनाए जाएंगे, जो सुविधाओं से लैस होंगे। इसको लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी ने बीडीओ एवं एडीओ पंचायत से प्रस्ताव मांगे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का पहिया तेजी से आगे बढ़ सके और ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर हो सके, इसके लिए जनपद की ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन की स्थापना की गई है। इन पंचायत भवनों के बेहतर संचालन के लिए पंचायत सहायकों की तैनाती की गई है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक जनपद की 720 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें 688 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन बन चुके हैं। इन सभी पंचायत भवनों में पंचायत विभाग की ओर से सारी सुविधाएं दी जा रही हैं। वहीं 14 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों के लिए जमीन नहीं मिल पा रही थी। पिछले दिनों डीएम के प्रयास से आठ ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन बनाने के लिए जमीन मिल गई। जबकि शेष छह ग्राम पंचायतों में जमीन खरीदकर पंचायत भवन बनाने का निर्णय लिया गया है।

### 17 लाख की लागत से बनेगा एक भवन

शासन के निर्देशानुसार अब ग्राम पंचायतों में बनने वाले पंचायत भवनों की क्षमता में बढ़ोत्तरी की जा रही है। अब आठ कक्षों वाले वृहद पंचायत भवन बनाने के निर्देश दिए गए हैं। आठ कमरों के भवन में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव कक्ष और ग्रामीणों आदि के बैठने की व्यवस्था होगी। अधिकारियों के मुताबिक इन वृहद पंचायत भवनों का निर्माण राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान के तहत किया जाएगा। आठ वृहद पंचायत भवन बनाए जाने हैं। इसमें प्रत्येक पंचायत भवन 17 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा। इसमें आठ कमरों के अलावा एक बड़ा हॉल समेत शौचालय, हैंडपंप, सोलर लाइट आदि की व्यवस्था भी होगी। जिला पंचायत राज अधिकारी के मुताबिक यह वृहद पंचायत भवन केवल उन्हीं ग्राम पंचायतों में बनेंगे, जहां पहले से ही जमीन उपलब्ध है और वहां पंचायत भवन नहीं बना है।

> कुछ राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान के तहत आठ वृहद पंचायत भवन बनाए जाने हैं। ये सभी पंचायत भवन आठ कमरों के होंगे। सभी बीडीओ और एडीओ पंचायत से प्रस्ताव मांगें गए हैं। प्रस्ताव आने के बाद ही ग्राम पंचायतों का चयन किया जाएगा। – सतीश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी

## दो युवतियों से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा।** शादी करने का जबरन दबाव बनाते हुए एक युवक ने अपने बहनोई के साथ मिलकर दो युवतियों को रास्ते में रोक लिया और छेड़छाड़ की। इस मामले में पीड़िताओं के पिता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के गांव रहने वाले ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 अगस्त की रात साढ़े आठ बजे उनकी दो बेटियां पौटा स्टेशन से घर वापस आ रही थी। तभी गांव विक्रमपुर के साहिद पुत्र एजाज अहमद और उसके बहनोई जीशान ने उन्हें रास्ते में उसे रोक लिया और शादी करने का दबाव बनाते हुए उसे छेड़छाड़ करने लगे। जब उसने विरोध किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जल्द आरोपी जेल भेजे जाएंगे।

# प्रेम विवाह से क्षुब्ध लड़की पक्ष ने युवक को पीटकर किया घायल

संवाददाता, दियोरिया कला

- एसपी के निर्देश पर दियोरिया पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार :** प्रेम विवाह करने से क्षुब्ध लड़की पक्ष के लोगों ने युवक को पीटकर घायल कर दिया। युवती ने अपने पिता और भाई के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लभौआ निवासी ममता देवी ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसने छह साल पहले अपनी मर्जी से छंगेलाल से प्रेम विवाह किया था। उसके तीन बच्चे भी है। उसके पिता और भाई आए दिन झगड़ा करते हैं। आरोप है कि 13 अगस्त की रात दस बजे वह अपने पति और बच्चों के साथ घर में थी। तभी उसके पिता श्यामलाल और भाई रमाकांत ने घर में घुसकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से मारपीट की। हमलावर छंगेलाल को मरा समझकर मौके से चले गए। ममता देवी ने की सूचना पर 112 मौके पर पहुंची और घायल छंगेलाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलसंडा ले गई। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मेडिकल परीक्षण के बाद ममता देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिस पर ममता देवी ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इधर, एसपी के निर्देश पर पुलिस ने श्याम लाल और उसके पुत्र रमाकांत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि लभौआ में मारपीट को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच शुरु कर दी है।

# टनकपुर हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक खड़े ट्रक में घुसी, एक की मौत, दो दोस्त घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


हादसे की सूचना मिलने के बाद मेडिकल कॉलेज पहुंचे मृतक के परिजन और रिश्तेदार। ● अमृत विचार

- न्यूरिया क्षेत्र में सैदपुर गांव के पास हुआ हादसा, एक बाइक पर सवार थे तीन दोस्त

**अमृत विचारः** टनकपुर हाईवे पर बाइक सवार तीन युवक खड़े ट्रक में जा घुसे। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। हादसे का पता लगने पर परिवार वाले मेडिकल कॉलेज में पहुंच गए, जिसके बाद हंगामा होने लगा। इस पर वहां मौजूद पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत करा दिया।

यह हादसा रविवार रात दस बजे हुआ। माधोटांडा क्षेत्र के गांव कैम निवासी टीटू (22) पुत्र कृपाल सिंह रविवार को गांव में रहने वाले दोस्त जितेंद्र (30) पुत्र हरीश कुमार के साथ न्यूरिया आशीष पुत्र दाताराम से मिलने गया था। वहां रात होने पर आशीष बाइक पर दोनों को बैठाकर पीलीभीत आ रहा था। तभी टनकपुर हाईवे पर न्यूरिया क्षेत्र के गांव सैदपुर में सड़क पर खड़े ट्रक में उनकी बाइक घुस गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां डॉक्टर ने टीटू को मृत घोषित कर दिया। जबकि जितेंद्र व आशीष की हालत गंभीर बनी हुई है। इस हादसे की सूचना मिलते ही मेडिकल कॉलेज में परिजनों और रिश्तेदारों की भीड़ जुट गई। हादसे को लेकर आक्रोशित लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया।

इधर, हादसे की जानकारी मिलते ही कोतवाल नरेश त्यागी मेडिकल कॉलेज जा पहुंचे। जहां उन्होंने भीड़ को समझाकर शांत कराया। न्यूरिया एसओ प्रदीप विश्नोई ने बताया कि ट्रक खराब होने के कारण हाईवे पर खड़ा था। ट्रक को कब्जे में ले लिया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज लिया जाएगा।

## उत्तराखंड से बरेली पहुंची किशोरी पुलिस को मिली

**पीलीभीत।** कुछ माह पहले दूसरे समुदाय का एक युवक किशोरी को अगवा कर ले गया था, जिसे पुलिस ने खोज लिया। थाना न्यूरिया क्षेत्र के एक गांव की निवासी किशोरी को दूसरे समुदाय का न्यूरिया के कस्बा स्थित वार्ड नंबर पांच निवासी किशोर बहला फुसलाकर ले गया था। किशोरी के मामा ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद एसपी ने किशोरी की बरामदगी के लिए पुलिस की चार टीमों को गठन किया था। टीमों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के अलावा जनपद बरेली देहरादून में जाकर सीसी कैमरों की फुटेज चेक की। फुटेज में देहरादून में किशोरी और आरोपी युवक दिखाई दिए थे। इसके बाद लोकेशन ट्रेस करते हुए हरिद्वार, लक्सर, रूडकी, यमुनानगर, अंबाला, चंडीगढ़ आदि स्टेशनो पर लगे सीसी कैमरों की फुटेज देखी गई। पुलिस ने एक सूचना के आधार पर किशोरी और आरोपी को जनपद बरेली में एक स्थान से बरामद कर लिया। किशोरी का मेडिकल कराने के बाद कोर्ट में बयान दर्ज कराए जाएंगे। किशोरी को बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक न्यूरिया प्रदीप कुमार विश्नोई, उपनिरीक्षक नीरज कुमार, एसओजी प्रभारी क्रांतिवीर सिंह, सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक सुनील कुमार, साइबर सेल प्रभारी अजय कुमार आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# बच्ची से युवक ने की अश्लील हरकतें, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक गांव का मामला, रविवार को हुई थी वारदात
- पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर आरोपी को जेल भेजा

**अमृत विचार :** घर के बाहर खेल रही एक साढ़े चार साल की बच्ची के साथ एक युवक ने अश्लील हरकतें कीं। बच्ची के पिता ने देख लेने पर आरोपी को पकड़कर पीटा। हालांकि वह छूटकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज ली है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बताया कि वह अपनी दोनों पुत्री को पीपल के पेड़ के नीचे खिलाने के लिए ले गए थे। थोड़ी देर बाद वह छोटी पुत्री को लेकर घर चले गए। उसे घर छोड़ने के बाद वह अपनी साढ़े चार वर्षीय बड़ी पुत्री को लेने गए। वहां उन्होंने देखा तो गांव का 30 वर्षीय राम भरोसे उनकी पुत्री के साथ अश्लील हरकतें कर रहा था। उन्होंने आरोपी को मौके पर पकड़ लिया और पिटाई की। मगर आरोपी हाथ छुड़ाकर मौके से भाग गया। इसके बाद वह अपनी पुत्री को लेकर थाना सुनगढ़ी गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसको जेल भेज दिया गया है।

**बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायलः** शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी रामनरेश सोमवार दोपहर अपनी बहन के घर राखी बंधवाने जा रहा था। तभी तेज रफ्तार में आई बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग जमा हो गए।

## छुट्टा पशु से टकराई बाइक, दंपती घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** रक्षाबंधन पर बीसलपुर से वापस लौट रहे बाइक सवार दंपति आवारा पशु से टकरा गए। इसमें पति और पत्नी दोनों घायल हो गए। यह हादसा पीलीभीत-बीसलपुर हाईवे पर गांव नवादा महेश के पास हुई। सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के मोहल्ला नौगवां पकड़िया निवासी 49 वर्षीय ईश्वरी प्रसाद रक्षाबंधन के पर्व पर अपनी पत्नी पुष्पा देवी के साथ कस्बा बीसलपुर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद में अपनी ससुराल बाइक से गए थे। जहां पुष्पा देवी ने अपने मायके में राखी बांधी। सोमवार दोपहर बाद दोनों पति-पत्नी बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। बाइक सवार दंपति पीलीभीत-बीसलपुर हाईवे पर गांव नवादा महेश के पास पहुंचे ही थे कि अचानक सामने से आवारा पशु के आने बाइक उससे टकरा गई। बाइक गिरने से ईश्वरी प्रसाद घायल हो गए, जबकि उनकी पत्नी के गुम चोटें आई। उन्हें एंबुलेंस में से सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

# अटकलों पर विराम...मानसी सिंह को भाजपा ने प्रत्याशी किया घोषित

संवाददाता, पूरनपुर



- पार्टी नेताओं ने पुराने जिताऊ प्रत्याशी से किया किनारा, नए पर लगाया दांव
- मंगलवार को होगा उप चुनाव के लिए नामांकन

**अमृत विचारः** पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख के उपचुनाव में भाजपा ने मानसी सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। हालांकि भाजपा से सिंबल पाने की कोशिश में तीन लोग लगे थे। भाजपा ने मानसी को मजबूत प्रत्याशी मानते हुए पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। उपचुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन पत्र जमा होंगे।

पूरनपुर में ब्लॉक प्रमुख रही कमलेश्वरी देवी के निधन के बाद पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख पद की सीट खाली थी। लंबे समय से संभावित प्रत्याशी उपचुनाव की प्रतीक्षा कर रहे थे। अधिसूचना जारी होने के बाद उपचुनाव के लिए खेल शुरू हो गया। भाजपा से टिकट पाने के लिए पल्लवी दीक्षित, मानसी सिंह और मनप्रीत कौर प्रयासरत थीं। सभी राजनीतिक गुणा भाग कर संगठन में अपनी मजबूत पैठ बताते हुए भाजपा से सिंबल मिलने का दावा कर रहे थे। इसको लेकर कई तरह की अटकलें चल रही थी। मंगलवार दोपहर भाजपा से टिकट पाने को लेकर चल रही सभी अटकलों पर विराम लग गया। भारतीय जनता पार्टी ने पूरनपुर में ब्लॉक प्रमुख पद के उपचुनाव के लिए निर्विकार सिंह उर्फ अपूर्व सिंह की पत्नी मानसी सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। प्रत्याशी के नाम की घोषणा होने के बाद उपचुनाव के समीकरण अचानक बदल गए। पूर्व ब्लाक प्रमुख कमलेश्वरी देवी की पुत्रवधू पल्लवी दीक्षित को टिकट न मिलने से समर्थक मायूस हो गए। हाल ही में कमलेश्वरी देवी की सीट से उनके बेटे अंशुमान दीक्षित ने क्षेत्र पंचायत का चुनाव जीता है। मानसी सिंह को भाजपा से प्रत्याशी घोषित होने के बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। माना जा रहा है भाजपा से टिकट न मिलने के बावजूद मनप्रीत कौर चुनाव लड़ेंगी। उनके पति एट अतेंद्र पाल सिंह ने मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख सीट के उपचुनाव के लिए नामांकन करने की बात कही है। मंगलवार के बाद प्रत्याशियों के नाम खुलकर सामने आ जाएंगे।

> संगठन मानसी सिंह को पूरनपुर में होने वाले ब्लॉक प्रमुख के उपचुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित किया है। संगठन के सभी साथी मिलकर प्रत्याशी को चुनाव लड़ाएंगे। – **संजीव सिंह**, जिला अध्यक्ष भाजपा

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# भीड़ के आगे दावे धड़ाम, बसें-ट्रेनें फुल, भटकती रहीं बहनें

## घंटों बसों का इंतजार करती रहीं बहनें, कई बसें तो बिना रुके निकल गईं, डग्गामार वाहनों का लिया सहारा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बीसलपुर कस्बे में ईदगाह चौराहे पर लगा जाम। • अमृत विचार



पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सीट पाने की कोशिश करतीं बहनें। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** रक्षाबंधन पर्व पर परिवहन विभाग की ओर से महिलाओं के लिए फ्री यात्रा की घोषणा की गई थी, लेकिन जिले में बहनों को बस सेवा पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं हो सकी। बस का घंटों इंतजार करने के बाद तमाम बहनों को डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ा। देर शाम तक बहनें अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए हाईवे पर बसों का इंतजार करतर नजर आईं। कई बसें तो पहले से फुल होने के कारण बिना रुके निकल गईं।

योगी सरकार की ओर से रक्षाबंधन पर 24 घंटे के लिए महिलाओं को बस सेवा फ्री की गई थी, जो 18 अगस्त की रात 12 बजे से सोमवार रात 12 बजे तक रही। जिले में हर रूट पर रोडवेज बसों के फेरे बढ़ाने की घोषणा की गई थी। बरेली, पूरनपुर, बीसलपुर रूट पर बसों के फेरे बढ़ा दिए गए। ताकि सवारियों को दिक्कत न उठानी पड़ी। रविवार को कुछ बहनों को बसें और ट्रेनें आसानी से मिल गईं। मगर सोमवार को जब बहनों की भीड़ उमड़ी तो बसें नाकाफी रहीं। महिलाओं की संख्या के आगे बसें कम पड़ गईं। सुबह से नौगांव चौराहा, छतरी चौराहा, गौहनिया चौराहा, आसाम चौराहा, पूरनपुर हाईवे , बीसलपुर हाईवे और अमरिया हाईवे पर सवारियों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। लंबा इंतजार करने के बाद अगर बस मिल भी रही थीं। तो भीड़ होने के कारण बहनों को सीट भी नहीं मिल पा रही थी। हालांकि बरेली रूट पर सवारियां आसानी से मिल गईं। मगर अमरिया, बीसलपुर, पूरनपुर रूट पर रोडवेज बसें नाम मात्र की रहीं। इस वजह से रक्षाबंधन के दिन सवारी के इंतजार में खड़ी बहनों को चौराहों पर पर्याप्त व्यवस्था न होने के चलते काफी देर तक तपती धूप में इंतजार करना पड़ा। हालांकि इससे उनके हौसले कम नहीं हुए। कई महिलाएं तो गोद में बच्चे और हाथ से सामान लेकर सवारी के लिए इधर-उधर दौड़ती नजर आईं।

### ईदगाह चौराहे पर लगा जाम, फंसे रहे राहगीर

बीसलपुर,अमृत विचार : रक्षाबंधन के दिन नगर के ईदगाह चौराहे पर लगे जाम में फंस जाने के कारण बहनों को करीब दो घंटे तक परेशान होना पड़ा। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। रक्षाबंधन के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टिकोण से चौराहे पर पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके बावजूद सोमवार दोपहर ढाई बजे ईदगाह चौराहे पर जाम लग गया। जाम में बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस वजह से लोगों को अपनी मंजिल पर पहुंचने में देरी हो गई। जाम बहनों के अलावा कांवड़ियों के जत्थे भी फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाया।

### माधोटांडा रोड पर रही सवारियों के लिए मारामारी

रोडवेज की ओर से भले ही हर रूट पर सवारी उपलब्ध करने का दावा किया गया। लेकिन माधोटांडा और टनकपुर रूट पर बस सेवा नाकाफी रही। बस न होने के कारण माधोटांडा रूट पर मैजिक और अन्य डग्गामार वाहनों में बहनों को लटक कर सफर तय करना पड़ा। लेकिन इसके बाद भी परिवहन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गई। सुबह से शाम तक माधोटांडा और टनकपुर रूट पर सवारियां बसों के इंतजार में भटकती रही।



पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर टेंपो के पीछे खड़े होकर सफर करते युवा।



पूरे परिवार के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाने जाता बाइक सवार।

ऐसे में अपनी मंजिल तक पहुंचने की जल्दी में महिलाओं को टेंपो, मैजिक, ईको और प्राइवेट बसों का सहारा लेना पड़ा। उनसे किराया भी मनमाना वसूला गया। सबसे ज्यादा किल्लत ग्रामीण रूटों पर देखने को मिली। जहां पूरे दिन महिलाओं को बसों का इंतजार करना पड़ा। आखिर में उन्हें डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ा। डग्गामार वाहनों में सवारियों को ठूंसकर बैठाया गया था। मजबूरी में कई यात्रियों को निजी वाहनों से सफर करना पड़ा।

इधर,असम चौराहे पर दिक्कत अधिक हुई। इन दिनों फ्लाईओवर का निर्माण चल रहा है। यात्रियों के खड़े होने की जगह भी नहीं है। वाहनों के गुजरने से उड़ती धूल से चौराहे पर वाहनों का इंतजार करने वालों को काफी दिक्कत हुई। फ्लाईओवर का निर्माण कराने वाली संस्था ने पानी का छिड़काव भी नहीं कराया। बाइक सवारों को धूल के गुबार से होकर गुजरना पड़ा। दिनभर यही स्थित बनी रही। बाइक पर भी यातायात नियमों को दरकिनार कर जान जोखिम में डालकर सफर करते लोग दिखाई दिए।

**तमाम ने लटक कर किया सफरः** रक्षाबंधन के दिन रोडवेज बसें और ट्रेनें फुल रहीं।पीलीभीत-शाहजहांपुर, टनकपुर और बरेली रूट पर ट्रेनें चल रही हैं। जबकि एक समर स्पेशल पीलीभीत-पूरनपुर चल रही है। सोमवार को ट्रेनों में भीड़ के चलते धक्का मुक्की के बीच सफर हो सका। सुबह से लोग ट्रेनों का रेलवे जंक्शन पर इंतजार करते रहे। ट्रेनें पीछे से ही फुल आ रही थीं। ऐसे में जिसको जहां जगह मिली वहीं खड़ा हो गया। भीड़ के चलते महिला बोगी भी फुल रही है। ऐसे में कई लोगों ने ट्रेन के गेट पर लटक कर सफर तय किया। दिन भर ट्रेनों में यहीं सिलसिला चलता रहा।



नौगांव चौराहे पर रोडवेज बस का इंतजार करतीं बहनें। • अमृत विचार

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



## प्रसव के बाद नवजात की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने की कार्रवाई

# पूरनपुर का श्रद्धा नर्सिंग होम सील

संवाददाता, पूरनपुर



नर्सिंग होम सील करने पहुंचे तहसीलदार वीरेंद्र कुमार और एमओआईसी डॉ. आलमगीर।

**अमृत विचारः** प्रसव के बाद नवजात की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने नर्सिंग होम सील कर दिया। जांच के दौरान स्टाफ नर्स के प्रसव कराने की बात सामने आई। अस्पताल में महिला डॉक्टर नहीं है। नवजात के पिता ने संचालक पर गाली गलौज करते हुपुलिस को तहरीर दी है।

नगर से सटी पंकज कॉलोनी के रहने वाले आलोक वर्मा ने बताया कि रविवार को वह पत्नी पुष्पा देवी को प्रसव के लिए सरकारी अस्पताल ले जा रहे थे। आरोप है कि आशा ने आलोक को डराते हुए पुष्पा को कोतवाली रोड स्थित श्रद्धा नर्सिंगहोम में भर्ती करवा दिया। इस दौरान अस्पताल संचालक ने पुष्पा की सभी जांचें कराईं और साधारण प्रसव कराने का आश्वासन दिया। आलोक ने साधारण प्रसव न होने पर सीजर करने के लिए कहा। बावजूद इसके नर्सिंग होम में स्टाफ ने महिला का जबरन साधारण प्रसव ही कराया। इससे नवजात बच्चे की मौत हो गई। मगर स्टाफ उन्हें गुमराह करता रहा। आलोक जबरन प्रसव कक्ष में पहुंचे तो उनकी पत्नी पुष्पा बेहोशी की हालत में पड़ी थी। नवजात की मौत हो चुकी थी। आरोप है अस्पताल में बिना महिला डॉक्टर के जबरन साधारण प्रसव कराया गया। इस लापरवाही के चलते नवजात बच्चे की मौत हो गई। इस पर परिवार वालों ने लापरवाही बरतने की बात कही तो नर्सिंग होम संचालक सौरभ सिंह ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

### फिर सामने आया आशा की साठगांठ का मामला

कस्बे में संचालित निजी अस्पताल और क्लीनिक में प्रसव के नाम पर मौत का खेल चल रहा है। इन अस्पतालों में प्रसूताओं को भर्ती कराने में आशाओं की साठगांठ रहती है। इससे पहले कोतवाली रोड पर रामा नर्सिंगहोम में 16 जून को महिला रीता देवी की प्रसव के दौरान मौत हो गई थी। रीता देवी के परिजनों ने आशा पर जबरन नर्सिंग होम में भर्ती कराने का आरोप लगाया था। रविवार को श्रद्धा नर्सिंग होम में पुष्पा देवी को आशा द्वारा जबरन भर्ती कराने का आरोप है। इससे पहले भी कई अन्य मामलों में आशाओं पर लापरवाही करने का आरोप लगाया गया है।

# अस्पताल में ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत

- शहर के माधोटांडा मार्ग किनारे स्थित एक निजी नर्सिंगहोम का है मामला

**अमृत विचार :** शहर के एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत हो गई। महिला के परिजनों ने अस्पताल संचालक व स्टाफ पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने के बाद पहुंची कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए उन्हें शांत कराया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम भमौरा निवासी रोहित कुमार ने बताया कि उन्होंने पत्नी 27 वर्षीय कमलेश को प्रसव पीड़ा होने पर शनिवार को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां चिकित्सकों की हड़ताल के कारण उनकी पत्नी का इलाज नहीं हो पाया। इसके बाद रोहित कुमार अपनी पत्नी कमलेश को शहर के माधोटांडा रोड पर स्थित एक निजी अस्पताल में पहुंचे। यहां ऑपरेशन के बाद महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद से लगातार महिला की हालत खराब थी, लेकिन कोई डॉक्टर देखने नहीं आया। परिजनों ने जब सोमवार को महिला की हालत ज्यादा खराब देखी तो स्टाफ पर इलाज करने का दबाव बनाया। इस पर स्टाफ के लोगों ने महिला को रेफर कर दिया। जैसे ही महिला को एंबुलेंस में ले जाकर लिटाया गया तो उसकी मौत हो गई। मृतक महिला की मां राम कुमारी ने बताया कि उनकी बेटी के लगातार ब्लीडिंग हो रही थी। परिजनों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

# भाकियू 22 को करेगी चक्का जाम

**पीलीभीत, अमृत विचारः** किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर भाकियू (अराजनैतिक) 22 अगस्त को पीलीभीत में चक्का जाम करेगी। इस दौरान डीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। यह ऐलान भाकियू (अराजनैतिक) के मंडलीय अध्यक्ष चौधरी अरुण राठी ने किया है। उन्होंने मंडल के चारों जनपद समेत रामपुर और लखीमपुर के जिलाध्यक्षों को अधिक से अधिक किसानों के साथ पीलीभीत पहुंचकर चक्का जाम में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के मंडलीय अध्यक्ष की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि पीलीभीत में सीलिंग की जमीन पर कब्जा करा दिया गया। इसकी अधिकारियों से शिकायत की तो पुलिस ने किसानों पर ही फर्जी मुकदमे लिख दिए।

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़े।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1047831 का अंक सह प्रमाण पत्र जोकि उमाशंकर इ.का. रम्पुरा मिश्र, पीलीभीत से जारी किया गया था वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। मो. शोएब पुत्र श्री अली हसन निवासी मोहल्ला मनिहारान थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत।

NOTICE
My daughter Anushka Prajapati is studying in class IX-B St. Maria Goretti Inter College, Cantt, Bareilly in your School. in School record her father's name is mentioned as Rajesh Kumar Prajapati. My Aadhaar & Pan Card record my name is Rajesh Kumar. School record the name of Rajesh Kumar Prajapati must be corrected as Rajesh Kumar. Rajesh Kumar S/o Ram Swaroop Prjapati R/o 259, Jasoli Bareilly.

आवश्यकता
बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।
कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।
DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।
जल आकाश, परसाखेड़ा
7669334441, 7599074780, 9720554832

महाविद्यालय में निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है
एम.ए.
(हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र शिक्षाशास्त्र, चित्रकला)
बी.एस.सी.
गृह विज्ञान
योग्यता : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/ विश्वविद्यालय के नियमानुसार इच्छुक अभ्यर्थी 10 दिनों में निम्न पते पर आवेदन करें।
कृष्णा नरेश (पी.जी.) महाविद्यालय
गौहनियां बिलसण्डा पीलीभीत
9368335021
E-mail : mjp229@mjpru.ac.in

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## निष्कासित सेल्हा कमेटी सदस्यों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

माधोटांडा। सेल्हा बाबा दरगाह कमेटी में गबन और धोखाधड़ी करने के आरोप में सदस्य और मेला प्रबंधक पर कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार खलीक खां मेला प्रबंधक थे। वह अपने भाई अब्दुल नफीस व भतीजे फहमीद खां के सहयोग से कमेटी की होने वाली आय को लंबे समय से अपने पास रखकर बेईमानी पूर्वक हड़प रहे थे। वर्ष 2023 में उक्त अब्दुल खलीक के कहने पर कमेटी ने तीन एकड़ भूमि क्रय कर दी। जिसमें उन्होंने कमेटी से 27.75 लाख रुपये लिए। जबकि बैनामा मात्र 22 लाख रुपये देकर कराया। शेष रकम अपने पास रख ली। इसके अलावा उक्त जमीन का 90 हजार रुपये में ठेका व भूमि पर खड़े सागौन के वृक्षों की 1.80 लाख रुपये में बिक्री कर दी। इसके अतिरिक्त खजांची से 60 हजार रुपये नकद लिए। दरगाह की गोलक तोड़कर 32 हजार रुपये निकाले। आरोप है कि मेले से पूर्व सर्कस वाले से 50 हजार व मुर्गा ठेकेदार से एक लाख रुपये भी बिना कमेटी की राय से ले लिए। उक्त राशि को धोखाधड़ी कर हड़प लिया गया। हिसाब मांगने पर न देने पर उन्हें नियमों के अनुसार कमेटी से निष्कासित कर दिया। एक अन्य मामले में गबन के बाद निष्कासन की कार्रवाई के बाद उक्त निष्कासित मेला प्रबंधक की ओर से फर्जी तरीके से कमेटी के लेटर पैड छपवा कर एसडीएम कार्यालय में आवेदन कर उर्स की अनुमति मांगने का आरोप लगाया गया।

# जहरीला हो रहा देवहुति गंगा का पानी, जिम्मेदार कर रहे खिलवाड़

सौरभ सिंह, पीलीभीत


रोडवेज के पास देवहा नदी किनारे लगाया जा रहा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार


खकरा नदी में गिरता नाले का पानी। ● अमृत विचार


खकरा नदी पर बना बायो ट्रीटमेंट प्लांट में भरा कचरा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत नदियों को स्वच्छ व साफ सुथरा करने का ऐलान किया था। मगर अपने जिले में यह अभियान सिर्फ कागजों तक सीमित रहा। शहर से नजदीक से होकर बहने वाली गंगा की सहायक नदियां देवहा और खकरा अभी भी प्रदूषण का दंश झेल रही है। स्वच्छता के नाम पर घरों से निकला गंदा पानी और कूड़ा-कचड़ा इन नदियों में बहाया जा रहा है। शहर के छोटे-बड़े नौ नालों का पानी देवहा और खकरा नदी में गिराया जा रहा है। खास बात यह है कि इस ज्वलंत मुद्दे पर जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व अन्य जिम्मेदार सब खामोश हैं।

शहर के पश्चिम में बहने वाली देवहा नदी का प्राचीन काल से विशेष महत्व रहा है। देवहा की सहायक नदी खकरा शहर के उत्तर-पश्चिम में बहती हुई ब्रह्मचारी घाट पर देवहा में विलीन हो जाती है। बदलते जमाने के साथ इन दोनों नदियों का पानी विषैला हो चुका है। हालांकि आस्था के चलते गंगा दशहरा व अन्य पर्वों पर तमाम श्रद्धालु अभी भी इन नदियों में डुबकी लगाते हैं। इन नदियों में लोगों के साथ जिम्मेदार विभाग भी शहर में बहने वाले गंदे नालों का पानी देवहा और खकरा नदी में डाल रहे है। इसके अलावा पालिका का मीरापुर में डंपिंग ग्राउंड होने के बावजूद कूड़ा देवहा किनारे डाला जा रहा है। कुछ साल पहले खकरा नदी को दूषित होने से बचाने के लिए नगर पालिका की ओर से बॉयो ट्रीटमेंट स्क्रीन चैंबर प्लांट बनाया गया था। ताकि नाले का गंदा पानी फिल्टर होकर नदी में गिरे। मगर, लंबे समय से चैंबर ठप पड़ा है। जिसमें कूड़ा और गोबर का ढेर लगा है, जो खकरा नदी को मैला कर रहा है। जिम्मेदारों ने लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी इसे दोबारा चलाने का प्रयास नहीं किया।

### देवहा में छह और खकरा में गिरते हैं तीन नाले

शहर भर का गंदा पानी एवं अपशिष्ट 32 छोटे-बड़े नालों के माध्यम से बिना शोधन किए ही देवहा और खकरा नदी में बरसों से बहाए जा रहे है। इनमें छह नाले देवहा और तीन खकरा नदी में गिरते हैं। गंदे पानी के साथ घरेलू-कारखानों का कूड़ा, प्लास्टिक कचरा, मेडिकल कचरा व अन्य अपशिष्ट नदियों में बहाया जा रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक इससे नदियां मैली होने के साथ ही भूगर्भ जल के प्रदूषित हो रहा है।

### गंगा स्वच्छता का बीड़ा उठाने वाले लापता

देश में जब-जब बड़ी नदियों के प्रदूषण से मुक्त करने की सरकार ने आवाज उठाई गई, तब-तब शहर के कई समाजसेवी व स्वयंसेवी संगठनों ने इन नदियों प्रदूषण मुक्त कराने को कसम खाई थी। इनमें तमाम ब्रह्मचारी घाट पर गंगा आरती का आयोजन कर अपने फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते थे। ये प्रहरी भी लापता हो गए। दिन पर दिन देवहुति गंगा मैली होती जा रही है, लेकिन वादे करने वाले प्रहरी और जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।


लकड़ी मंडी से देवहा नदी में जाता नाले का गंदा पानी और कचरा। ● अमृत विचार

- **देवहा व खकरा नदी में गिराया जा रहा शहर के नौ नालों का गंदा पानी**
- **लाखों रुपये खर्च करके खकरा किनारे बना वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पड़ा ठप**

"अभी तक शहर के नालों का गंदा पानी नदियों में गिर रहा था। इस पर संज्ञान लेते हुए जो नाले नदी में गिर रहे उन पर बायो रिमडेसर प्लांट लगाए जाएंगे। यह प्रोजेक्ट स्वीकृत हो चुके हैं। जिन पर अक्टूबर से काम शुरू हो जाएगा। ताकि देवहा और खकरा नदी को स्वच्छ रखा जा सके। बंद पड़े प्लांटों को भी ठीक कराया जाएगा। अगर कूड़ा नदी किनारे डाला जा रहा है तो इसको लेकर सफाई विभाग से जानकारी की जाएगी।

– **डॉ. आस्था** अग्रवाल, चेयरमैन नगरपालिका

### देवहा में गिरने वाले शहर के नाले

- शाहजी मियां की मजार से लकड़ी मंडी होकर जाने वाला नाला।
- फीलखाना से होकर देवहा नदी तक जाने वाला नाला।
- गुरुद्वारे के समीप पंजाबियान होकर जा रहा नाला।
- नौगवां चौराहे से रोडवेज होते हुए देवहा तक जाने वाला नाला।
- गौरीशंकर मंदिर पंप के पास से लेकर गुजरने वाला नाला।
- नौगवां चौराहे से पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस होते हुए देवहा तक जाने वाला।

### खकरा में गिरने वाले शहर के नाले

- वाले मियां की मजार से खकरा नदी तक जाने वाला नाला।
- जामा मस्जिद से होते हुए खकरा तक जाने वाला गंदा नाला।
- शईहर के नाले मिलने के बाद एक हुआ मुख्य नाला।


रक्षाबंधन के दिन सोमवार को कुरैंया पुल पर लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

## गोला हाईवे पर कुरैंया पुल पर लगा जाम, घंटों फंसे रहे लोग

**बिलसंडा, अमृत विचार:** बरेली-गोला हाईवे पर रक्षाबंधन के दिन सोमवार को वाहनों की संख्या बढ़ने से जाम लगा। इससे कई घंटे तक राहगीर जाम में फंसे रहे। जनपद शाहजहांपुर सीमा को जोड़ने बाली खन्नौत नदी के दोनों ओर सोमवार दोपहर बाद भारी जाम लग गया, जो कि देर रात्रि तक जारी रहा। जाम की स्थिति ऐसी थी कि जो जहां खड़ा था, वहीं रह गया। बिलसंडा थाने से भारी पुलिस बल भेजा गया, लेकिन तब तक मकसूदापुर स्थित शारदा नहर के पुल पर हालात इससे बद्तर हो गए। फौरन बंडा एवं पुवायां की पुलिस को सूचना दी गई। जाम की स्थिति यह रही कि बसों के अंदर बैठी महिलाएं बच्चों का गर्मी से बुरा हाल था। वह पीने के पानी को भी तरस रहे थे, लेकिन चार किलोमीटर लंबी लाइन में उन तक पानी पहुंचना भी असंभव था।

# युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च, दिवंगत डॉक्टर को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मझोला में कैंडल मार्च निकालते युवा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोलकाता में महिला डॉक्टर से दरिंदगी और बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में मझोला में युवाओं ने कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान युवाओं ने नारेबाजी कर दोनों घटनाओं के प्रति अपना आक्रोश जताया। सभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफा देने और महिला डॉक्टर के हत्यारों को फांसी देने की मांग की गई।

पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर से दरिंदगी और बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के नरसंहार को लेकर आम जनमानस आक्रोशित है। इधर दोनों घटनाओं के विरोध में रविवार शाम मझोला कस्बे के तमाम युवा बिजली घर के समीप एकत्र हुए। यहां युवाओं ने युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल की अगुवाई में कैंडल मार्च निकाला। बिजली घर के समीप से रवाना हुआ कैंडल मार्च पुलिस चौकी चौराहे पर पहुंचा। यहां युवाओं ने शहीद स्मारक पर कैंडल लगाकर दिवंगत ट्रेनी डॉक्टर को श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च में शामिल युवा हाथों में पोस्टर लेकर वी वांट जस्टिस, ममता बनर्जी शर्म करो, बांग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा करो आदि नारे लगाते चल रहे थे। इस दौरान कपिल अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल इस समय जल रहा है। एक महिला मुख्यमंत्री के राज्य में एक महिला के साथ हृदय विदारक घटना हो जाने के बाद भी राज्य सरकार द्वारा शुरूआत में आत्महत्या दिखाकर इस जघन्य हत्याकांड पर लीपापोती करने का प्रयास करना यह प्रदर्शित करता है कि पश्चिम बंगाल में सरकार अपराधियों का संरक्षण कर रही है। राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित गुंडों ने अस्पताल पर हमला कर इस घटना के सारे सबूत मिटाने का प्रयास किया जो कि अत्यंत खेद जनक है। ममता बनर्जी की सरकार राज्य के नागरिकों को सुरक्षा और शांति देने में बुरी तरह असफल सिद्ध हुई है। ऐसे में उन्हें तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए और राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया जाना चाहिए। पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने कहा कि ममता बनर्जी ने अस्पताल पर हमला करने वालों को वाम और राम के लोग कह कर 100 करोड़ हिंदूओं की आस्था को भी गहरी चोट पहुंचाई है। वरिष्ठ व्यापारी अरुण सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में जिस तरह अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को चिन्हित कर उनका नरसंहार किया जा रहा है, वह अत्यंत चिंताजनक है। दो मिनट का मौन रखकर कार्यक्रम की समाप्ति शांति पाठ से की गई।

कैंडल मार्च में गुलशन स्वर्णकार, अभिनव वर्मा, कपिल वर्मा, कनिष्क गौतम, अतुल, शुभम विश्वास, अभय कुमार मौर्य, दिलीप वर्मा, रामसेवक, लक्ष्य, आजाद शर्मा, आदित्य शर्मा, मुकेश कश्यप, मुकेश, ऋषिकांत, उद्देश्य, अमित, बॉबी, अमित, हिमांशु, रोहित, विजय, दिवाकर, महेश, अरून कश्यप, शिवांशु समेत बड़ी संख्या में युवा शामिल रहे।

- **ममता बनर्जी से इस्तीफा देने और महिला डॉक्टर के हत्यारों को फांसी की मांग**

## तंजीम अइम्मा ए मसाजिद ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, पूरनपुर


पूरनपुर में सीओ को ज्ञापन देने पहुंचे उलमा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पैगंबर को लेकर महाराष्ट्र के महंत पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है। उलमाओं ने सीओ को ज्ञापन सौंपा। इसमें महंत की गिरफ्तारी की मांग की गई।

सोमवार को दर्जनों उलमा सीओ कार्यालय पहुंचे। उन्होंने तंजीम अइम्मा ए मसाजिद के बैनर तले एसपी को संबोधित ज्ञापन सीओ विशाल चौधरी को सौंपा। इसमें कहा गया कि महाराष्ट्र के नासिक में एक महंत ने पैगम्बर मोहम्मद साहब की शान में टिप्पणी की है। वह बर्दाश्त के काबिल नहीं है। ऐसे लोग धार्मिक चोला ओढ़कर माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। इसको लेकर लोगों में गुस्सा है। उन्होंने कहा कि हमारा धर्म किसी धर्म की मुखालफत नहीं करता। उन्होंने कहा कि साजिश के तहत ऐसे लोग आए दिन शोहरत हासिल करने के लिए इस तरह की बयान बाजी कर रहे हैं। उलेमा ने महंत की गिरफ्तारी की मांग की। कार्रवाई न होने पर उग्र विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई। इस दौरान हाफिज नूर अहमद अजहरी, हाफिज जाकिर खान नूरी, हाफिज असलम नूरी, हाफिज मुफ्ती शेर मोहम्मद खान, मौलाना शमीम गजाली, मुफ्ती नूर मोहम्मद हंसी रहे।

- **पैगंबर को लेकर महाराष्ट्र के महंत पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप**

### श्रावणी उत्सव में वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ संपन्न

**दियोरिया कला।** क्षेत्र के गांव बढैरा में आर्य समाज की ओर से श्रावणी उत्सव मनाया गया। सोमवार को हुए कार्यक्रम में वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ संपन्न कराया गया। यज्ञ आचार्य राम बहादुर शास्त्री एवं राम प्रताप आर्य द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान आचार्य शिशुपाल शास्त्री ने सरल शब्दों के माध्यम से श्रावणी का महत्व बताया। कहा कि हम सभी को वेद मार्ग पर चलते हुए अपने राष्ट्र को उन्नति के पथ पर अग्रसर करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य संचालक नरेश शास्त्री ने भजन के माध्यम से देवताओं का वर्णन किया। मुख्य यज्ञमान इंद्रपाल आर्य रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

## गौरीशंकर व मढ़ानाथ मंदिर में हुए रुद्राभिषेक

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार :** सावन के अंतिम सोमवार को नगर के उर्वरक व्यापारी श्रीपाल जायसवाल, अजय जायसवाल, प्रियंक तिवारी, रामचन्द्र जायसवाल, दीपक जायसवाल, दीनदयाल दुर्गेश गंगवार, बन्टू जायसवाल, रवि जायसवाल ने परिवार सहित गौरीशंकर मंदिर में भोलेनाथ का दूध, गंगाजल आदि से रुद्राभिषेक किया। मरौरी स्थित मढ़ानाथ शिव मंदिर में भोलेनाथ की श्रृंगार पूजा का आयोजन किया गया। यहां व्यापारी शिखर जायसवाल ने बाबा का आकर्षक श्रृंगार कराकर पूजा अर्चना की। कांवरथी सेवा दल ने मिलकर मरौरी के मढानाथ महादेव मंदिर में भोलेनाथ अलौकिक श्रृंगार कराया। इसके बाद महंत शिखर जायसवाल की अगुवाई में पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। कार्यक्रम में पवन जायसवाल, प्रदीप वर्मा, अर्पित वर्मा, अमित वर्मा, अभिषेक जायसवाल, मीत राठौर, दिव्यांशु वर्मा, विशाल, अनमोल गुप्ता, देवेश गुप्ता शामिल रहे।

- **मरौरी स्थित शिव मंदिर में भोलेनाथ का किया श्रृंगार**


श्री गौरी शंकर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# अंतिम सोमवार: मंदिरों में लगी रही कतारें, गूंजे भोलेनाथ के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


रविवार देर शाम पीलीभीत पहुंचा कावड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार


जलाभिषेक के लिए गौरीशंकर मंदिर जाते कावड़िया। ● अमृत विचार


जलाभिषेक करते कांवड़िये।


गौरीशंकर मंदिर में जलाभिषेक करने को कतार में खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ता नजर आया। श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त से शिव के दर्शन कर जलाभिषेक शुरू कर दिया। कछला घाट से गंगाजल लेकर पहुंचे कावड़ियों ने विधि विधान से भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और जलाभिषेक किया। सुबह से मंदिरों में कतारें लगने लगने के साथ जयकारे गूंजने लगे। सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में शिवालयों और कावड़ियों के रास्तों पर पुलिस बल तैनात रहा। शिवालयों में सुबह से देर शाम तक जलाभिषेक का सिलसिला चला।

इस बार सावन में पांच सोमवार हुए। 22 जुलाई से सावन की शुरुआत हुई और समापन सोमवार 19 अगस्त को हुआ। सोमवार को सुबह से शहर के प्राचीन गौरीशंकर मंदिर, दूधिया नाथ मंदिर, अर्धनारीश्वर मंदिर समेत सभी शिवालयों में दिनभर शिव भक्तों का रेला उमड़ता नजर आया। श्रद्धालुओं ने पहले घर में शिवजी की पूजा अर्चना की और फिर मंदिर जाकर जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने पहले भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इसके बाद रक्षाबंधन पर्व मनाया। कुछ कांवड़ियों ने कछला से गंगाजल लाकर एक दिन पहले रविवार को बाबा का जलाभिषेक किया। कांवड़ियों के कई जत्था शनिवार रात में गंगाजल लेने के लिए बदायूं के कछला घाट के लिए रवाना हुए। हालांकि रविवार शाम से ही कांवड़ियों का गंगा जल लेकर पीलीभीत लौटना शुरू हो गया था। रविवार रात मंडी समिति में कांवड़ियों ने विश्राम कर सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त में शिवालय जाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की और जलाभिषेक किया।


पूजा अर्चना के बाद शिवजी पर दूधाभिषेक करतीं महिलाएं।


बाइक पर बाबा महाकाल का ध्वज लकार जाता युवक।

### शिवालयों में दिनभर रही श्रद्धालुओं की भीड़

**बीसलपुर, अमृत विचार :** सावन के आखिरी सोमवार को नगर के प्राचीन बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर, बड़ा स्थल शिव मंदिर, राम जानकी मंदिर बेनी राम मंदिर बंगाली बाबा मंदिर देवेश्वर नीलकंठ महादेव मंदिर, गौरी शंकर मंदिर व अन्य मंदिरों में सुबह से पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। जहां पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा को राखी भी बांधी। दिन भर पूजा अर्चना का सिलसिला चलता रहा

**सुरक्षा को लेकर अलर्ट रही पुलिस:** सावन के आखिरी सोमवार को पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। इस सोमवार रक्षाबंधन का पर्व भी था। एसपी अविनाश पांडे ने कई क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया था। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मी सुबह से ही अपने प्वाइंट पर तैनात हो गए। अफसर खुद भ्रमण कर हालात परखने में जुटे रहे। गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों को पुलिस ने शिवालयों तक पहुंचाया। इधर, रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर के मुख्य नौगांव चौराहा, गौहनिया चौराहा, छतरी चौराहा, असम चौराहा समेत अन्य स्थानों पर पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई।


गौरीशंकर मंदिर परिसर में कांवड़ की पूजा अर्चना करते कावड़िये। ● अमृत विचार

# बंधन से और मजबूत हुई रिश्तों की डोर, हर जन्म में तू ही बने मेरा भाई

## जिले में हर्षोल्लास से मनाया भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन, बहन ने तिलक लगाकर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर दीर्घायु की कामना की

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन सोमवार को जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। बहन और भाइयों के रिश्ते को रेशम के धागे ने और मजबूत बना दिया। रक्षाबंधन पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर प्यार बांधा तो भाइयों ने ताउम्र उनकी रक्षा का वचन दिया। राखी बांधकर मुंह मीठा कराया और तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु की कामना की।

सोमवार का दिन होने की वजह से पहले लोगों ने शिवालयों में जाकर पूजा अर्चना कर भोलेनाथ को भी राखी बांधी। हालांकि इस बार बहनों की परीक्षा योग और लग्न ने भी ली। भाइयों को अपनी कलाई पर अपनी पसंदीदा राखी बंधने का, तो बहनों को भाई से मिलने वाले उपहार का इंतजार था। यह इंतजार दोपहर में डेढ़ बजे समाप्त हुआ। इसके बाद राखी बांधने का सिलसिला शुरू हो गया। बहनों ने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांध और तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना की। भाईयों ने बहनों को रक्षा वचन देते हुए गिफ्ट भी दिए। छोटे बच्चों और किशोरों में त्योहार को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। महिलाएं अपनी ससुराल से अपने भाइयों के घरों के लिए प्रस्थान करना शुरू हो गई। तो वहीं मायके जाते वक्त रास्ते में ही मिठाइयों की दुकानों पर मिठाई भी खरीदी गई।

शहर के पार्क आदि भी गुलजार दिखे। लोगों ने अपने परिवार के साथ इस पल को यादगार बनाया। इधर, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के घर पर भी दिन भर बहनें उन्हें राखी बांधने के लिए पहुंची। उनकी पत्नी रश्मि सिंह गंगवार को भी महिलाओं ने राखी बांधी। राज्यमंत्री ने बहनों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और उपहार दिए। इधर, चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने अपने भाई सचिन अग्रवाल को भी राखी बांधी। इधर, पुलिस विभाग में भी महिला सिपाहियों ने भाइयों को राखी बांधी।


जिला कारागार के सामने लगी बहनों की भीड़। ● अमृत विचार


छोटे भाई को राखी बांधती बहन। ● अमृत विचार

### रक्षाबंधन पर बिकी 3.5 करोड़ की मिठाई

रक्षाबंधन पर इस बार ग्राहकों ने मावा की मिठाई से परहेज करते हुए छेने, बेसन की मिठाइयों को अधिक मात्रा में खरीदा। कारोबारियों के अनुसार करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने का अनुमान है।


भाई को राखी बांधती नन्हीं बहन। ● अमृत विचार


इक दूजे की राखियों को देखते भाई रुद्रादित्य सहाय, युवराज जौहरी।

### बालाजी दरबार में मनाया गया राखी का पर्व

शहर के श्री बालाजी ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार की ओर से भी रक्षाबंधन पर्व पर बालाजी महाराज को चोला चढ़ाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दरबार में पहुंचकर उन्हें राखी बांधकर मनोकामना मांगी। इसके बाद दोपहर में नगर पंचायत चेयरमैन पति संतोख सिंह सिंधु और महंत सेवक विशाल की ओर से राखी कार्यक्रम रखा गया। जहां बहनों ने दोनों को तिलक लगाकर उनकी आरती की। फिर राखी बांधी। इस दौरान चेयरमैन पति और महंत विशाल की ओर से बहनों को उपहार भी भेंट किए। इस दौरान अंशु, मनीष, हर्ष तिवारी, वीरु गुप्ता, नीलू आदि लोग मौजूद रहे।

**बिलसंडा, अमृत विचार :** सोमवार को क्षेत्र भर में रक्षाबंधन का पर्व परंपरागत ढंग से हर्षोल्लास से मनाया गया। एकल संस्था की आचार्य बहनों ने थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष रणजीत सिंह व पुलिस कर्मियों के राखी बांधी। चेयरमैन डीके गुप्ता ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर स्टाफ की महिलाओं से राखी बंधवाई। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, महामंत्री एम. रेहान, युवा अध्यक्ष देवदत्त सक्सेना व अंकित जायसवाल ने अपने कार्यकाल पर नारी उत्थान समिति की महिलाओं से राखी बंधवाकर उन्हें उपहार दिए।

### बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर लिया संकल्प


बहन से राखी बंधवाने के बाद उपहार भेंट करता मुस्लिम युवक।


डॉ. भरत कंचन व उनकी पत्नी डॉ. आस्था कंचन को राखी बांधतीं शाहीन खान।

## 502 बहनों ने जेल पहुंचकर भाइयों को बांधी राखी

**पीलीभीत।** जेल में भी राखी के त्योहार के मौके पर बड़ी संख्या में बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए पहुंची। जेल अधिकारियों ने बताया कि सुबह से ही राखी बांधने के लिए बड़ी संख्या में बहनें पहुंची थी। इसके लिए जेल वार्ड में विशेष व्यवस्था की गई है। जिला कारागार में सुबह नौ बजे से भाइयों से मिलने पहुंची बहनों को मिलवाने की व्यवस्था की गई थी। सुबह नौ बजे से प्रारंभ हुआ यह क्रम दोपहर तीन बजे तक चला। जेल परिसर में पूर्ण सुरक्षा के बीच बहाने अपने भाइयों को राखी बांधी गई। परिसर में प्रवेश से पहले महिलाओं की चेकिंग की गई ताकि कोई आपत्तिजनक सामान अंदर न जा सके, हालांकि मिठाई और फल ले जाने की छूट दी गई। इस दौरान जेल पुलिस के अलावा सिविल पुलिस और महिला पुलिस को भी सुरक्षा के लिए लगाया गया था। भाइयों को राखी बांधने पहुंची बहनों की आंखे राखी बांधते वक्त खुशी से छलक उठी। जिला कारागार के जेल अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान समय में जेल में 590 कैदी और बंदी निरुद्ध हैं। जिनसे मिलने के लिए 502 महिलाएं, 217 बच्चे पहुंचे। जेल में बंद महिला कैदियों और बंदियों से मिलने के लिए 12 पुरुष भी आए। राखी बांधने आई कोई भी महिला निराश होकर नहीं लौटी।


बीसलपुर में बड़े भाई को राखी बांधती छोटी बहन

### सशस्त्र सीमा बल के जवानों के बांधा रक्षा सूत्र

इंडो नेपाल सीमा पर सुरक्षा की कमान एसएसबी जवानों ने संभाल रखी है।– रक्षाबंधन के त्योहार पर विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी की बहनों ने सशस्त्र सीमा बल के जवानों और अधिकारियों को राखी बांधी। अपने घरों से दूर यहां रह रहे एसएसबी के अधिकारी, जवान बेहद भावुक दिखाई दिए। बहनों ने उनकी लंबी उम्र व स्वस्थ जीवन की कामनाएं की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजिका दुर्गा वाहिनी बहन रीना दीदी, प्रांत मातृशक्ति संयोजिका हिमाचल दीदी, प्रांत सह संयोजिका शशिबाला, संगठन मंत्री प्रिंस, जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण, जिला मंत्री प्रवीन मोहन अग्रवाल, जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी परमजीत कौर, जिला संयोजक मातृशक्ति सोनी पटेल मौजूद रहे।


भाई को तिलक लगाकर राखी बांधतीं नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल।


नन्हें भाई को राखी बांधती बहन इनाया।


राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को राखी बांधती दिव्यांग बहन।

### उत्साह से मनाया रक्षाबंधन

**बीसलपुर।** नगर सहित पूरे क्षेत्र में रक्षाबंधन का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार मिश्र ने रक्षा बंधन के महत्व को बताया। इस मौके पर वरिष्ठ आचार्य जनार्दन मिश्रा, रमेश पाल, दिनेश पाल, राजेश उपाध्याय, तेज प्रकाश, महेंद्र पाल, नवेंद्र कुमार, विक्रम प्रताप सिंह, अभिषेक यादव, विनित अग्रवाल, अशोक पांडे, मोहित रस्तोगी मौजूद रहे।


भाई नैवेद्य और विनायक को राखी बांधतीं श्रीयांशी व दिया। ● अमृत विचार

## एक नजर

### श्रावणी उत्सव में वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ संपन्न

**दियोरिया कला।** क्षेत्र के गांव बढ़ैरा में आर्य समाज की ओर से श्रावणी उत्सव मनाया गया। सोमवार को हुए कार्यक्रम में वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ संपन्न कराया गया। यज्ञ आचार्य राम बहादुर शास्त्री एवं राम प्रताप आर्य द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान आचार्य शिशुपाल शास्त्री ने सरल शब्दों के माध्यम से श्रावणी का महत्व बताया। कहा कि हम सभी को वेद मार्ग पर चलते हुए अपने राष्ट्र को उन्नति के पथ पर अग्रसर करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य संचालक नरेश शास्त्री ने भजन के माध्यम से देवताओं का वर्णन किया। मुख्य यज्ञमान इंद्रपाल आर्य रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### पंचायत के फैसले पर हुआ प्रेमी युगल का निकाह

**संभल/मनोटा :** असमोली थाना क्षेत्र में प्रेमिका से मिलने घर पहुंचे प्रेमी का सामान छूट गया तो थाने में तहरीर देने की तैयारी हो गई। हालांकि युवती के पिता को ग्रामीण थाने ले गए। बाद में पंचायत बैठी और प्रेमी युगल का निकाह करा दिया गया। असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव में चार दिन पहले प्रेमी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया। वहां से आते समय प्रेमी का सामान प्रेमिका के घर रह गया। जब परिजनों ने पूछा कि यह सामान किसका है तो कुछ नहीं बताया। जानकारी होने पर युवती का पिता रविवार को असमोली थाने में तहरीर देने के लिए पहुंच गया। वहां गांव के कुछ ग्रामीण भी पहुंच गए। युवती के पिता को समझाकर थाने से घर ले आए। जिसके बाद गांव में पंचायत बैठी। पंचायत ने फरमान सुनाया कि प्रेमी प्रेमिका का निकाह करा दिया जाना चाहिए। जिसके बाद प्रेमी के परिजनों से बात की गई तो वह भी निकाह के लिए सहमत हो गए। जिसके बाद रात में दोनों का निकाह करा दिया गया। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दंपती समेत 4 घायल

**एटा, अमृत विचार :** नयागांव थाना क्षेत्र में मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार पति-पत्नी और उनके दो बच्चों को रौंद दिया। इस दर्दनाक घटना में बाइक सवार परिवार के सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। नीलम (30) अपने पति शिवम और दो बच्चों के साथ फर्रुखाबाद जिले के नगला बलिया स्थित अपनी ससुराल से अलीगंज के गांव भदुईया मठ अपने मायके भाईयों को राखी बांधने आ रही थी। तभी अलीगंज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उसका पैर टूट गया। ग्रामीणों ने घायल महिला को अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# दिनदहाड़े रामेश्वरधाम कॉलोनी में बंद मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी

बरेली कार्यालय

- 80 हजार नगदी और पांच लाख से अधिक कीमत के जेवर ले गए चोर
- सीओ और इंस्पेक्टर ने की जांच, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

**अमृत विचार:** कैंट थाना क्षेत्र की रामेश्वरधाम कॉलोनी में बंद मकान का ताला तोड़कर चोर नकदी समेत लाखों का जेवर समेट ले गए। दिनदहाड़े चोरी से इलाके के लोगों में दहशत फैल गई। सीओ प्रथम पंकज कुमार, इंस्पेक्टर कैंट और फॉरेंसिक टीम ने निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए।

रामेश्वरधाम कॉलोनी निवासी अमृत विचार के वरिष्ठ पत्रकार अनूप शर्मा सोमवार दोपहर करीब 2.30 बजे पत्नी और बेटी संग बहन के यहां राखी बंधवाने के लिए महानगर कॉलोनी गए थे। वहां से वह शाम करीब 5.15 बजे अमृत विचार कार्यालय आ गए। उन्होंने यहां से पत्नी और बेटी को ऑटो से घर भेज दिया। कुछ देर बाद उनकी पत्नी मकान पहुंचीं तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। कमरे में पहुंचीं तो अलमारी खुली और सामान अस्त-व्यस्त देख उनके होश उड़ गए। चोर घर में रखी 80 हजार रुपये की नगदी और करीब पांच लाख रुपये के सोना-चांदी के जेवर चुरा ले गए। सूचना मिलने पर अनूप शर्मा घर पहुंचे और कैंट पुलिस को जानकारी दी।सीओ प्रथम पंकज कुमार और इंस्पेक्टर कैंट और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।

> पुलिस चोरों की तलाश करने लिए जुट गई है। आसपास के संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जाएगी। पुलिस चोरों का जल्द पता लगाएगी, इसके लिए इंस्पेक्टर कैंट को दिशा निर्देश दिए गए हैं। -**पंकज कुमार**, सीओ प्रथम

### फटकार के बाद मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर कैंट

घटना की इंस्पेक्टर कैंट को फोन पर सूचना दी गई, लेकिन उन्होंने थाने में तैनात दरोगा को भेज दिया। अकेला दरोगा देखकर कॉलोनी के लोगों में रोष व्याप्त हो गया। सीओ प्रथम ने इंस्पेक्टर को फोन पर घटना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए। सीओ के कहने के बाद इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। कुछ देर बाद सीओ प्रथम पंकज कुमार पहुंचे।

### आधा घंटे में की चोरी

पुलिस के अनुसार घटना में कोई ऐसा व्यक्ति शामिल है, जिसे मालूम होगा कि अनूप शर्मा परिवार सहित बाहर गए हैं और घर में ताला पड़ा है। ताला तोड़कर चोर उसी कमरे में दाखिल हुए, जिसमें उनका जेवर, नकदी और पिस्तौल रखी थी। चोरों ने जेवर और नकदी ले ली, लेकिन पिस्तौल छोड़ गए।

# देहरादून दुष्कर्म मामला: तीन माह पहले हुई थी शादी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** देहरादून में बस में मुरादाबाद की किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव निवासी पीड़िता की भाभी ने बताया कि परिवार के लोग भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। उनके पति और देवर दिल्ली में नाई का काम करते हैं। उसने बताया कि उनकी ननद की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती है। 10 दिन पहले लोग भट्ठे पर गए हुए थे। इसी दौरान वह बिना किसी को बताए घर से चली गई थी। 11 अगस्त को मुरादाबाद से बस में सवार होकर देहरादून के लिए निकली थी। इसी दौरान देहरादून आईएसबीटी पर बस चालक समेत कई लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और उसे बस अड्डे पर छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता के घर के आसपास के लोगों ने बताया कि पीड़िता दो बहनें हैं।

# दूसरे समुदाय की महिला ने खरीदा मकान तो लोगों ने दी सामूहिक पलायन की चेतावनी

बरेली कार्यालय

- मोहल्ले के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर बैनामा निरस्त कराने की मांग की
- बजरिया वार्ड के पंजाबपुरा के वकीलों वाली गली में है दो मंजिला मकान

**अमृत विचार:** बजरिया वार्ड के पंजाबपुरा मोहल्ले की वकीलों वाली गली में दूसरे समुदाय की महिला ने पुराना मकान करीब 12 लाख रुपये में खरीद लिया। लोगों ने आपत्ति जताते हुए अपने-अपने मकानों पर सामूहिक पलायन की चेतावनी देते हुए पंफलेट चस्पा कर दिए। सोमवार दोपहर मोहल्ले के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर बैनामा निरस्त कराने की मांग की। साथ ही लोगों ने प्रधानमंत्री आफिस, मुख्यमंत्री पोर्टल और जिलाधिकारी से शिकायत की।

बजरिया वार्ड 66 के पंजाबपुरा मोहल्ले में वकीलों की गली में विशाल सक्सेना का दो मंजिल मकान था। जिसे उन्होंने 12 जुलाई को चौधरी मोहल्ला निवासी शबनम पुत्री रईस मियां को 11 लाख 62 हजार रुपये में बेच दिया। इस बीच शबनम अपने नए घर में रहने लगीं। लोगों को उनके रहन-सहन से दिक्कत होने लगी। उनका आरोप है कि महिला घर में तांत्रिक बुलाती है। एक मौलाना ने मकान का सौदा कराया है। चिकन बनाने के बाद उसके पंख बाहर फेंक दिए जाते हैं। सोमवार सुबह इसी बात को लेकर मोहल्ले के करीब 40 से 50 घरों के दीवार और दरवाजे पर लोगों ने पलायन करने की चेतावनी देते पंफलेट चस्पा कर दिए। लोगों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। मकान क्रेता शबनम ने बताया कि पूरे मोहल्ले में सभी धर्म जाति के लोग मिल कर रहे हैं। अगर किसी को हम से परेशानी थी तो वह मिल बैठकर बात कर लेता। नारेबाजी कर विरोध करना गलत है। मैं मिल जुलकर रहना पसंद करती हूं। विहिप के विभाग मंत्री मानवेंद्र प्रताप सिंह राणा ने कहा कि पलायन के पोस्टर को प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिए।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत

**कासगंज, अमृत विचार:** ढोलना क्षेत्र के मुबारिकपुर गांव निवासी अखिलेश कुमार पत्नी विमलेश व दो बेटियों के साथ राखी बांधने बाइक पर ससुराल जा रहे थे। रास्ते में गंजडुंडवारा रोड पर मुलायम सिंह इंटर कॉलेज के समीप सामने आए वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें पति-पत्नी सहित दोनों बच्चे घायल हो गए। जिला अस्पताल पहुंचने पर अखिलेश को मृत घोषित कर दिया। परिजन चार वर्षीय शशि को अलीगढ ले जा रहे थे, तभी उसने भी दम तोड़ दिया।

# चक्का फेंक में पीलीभीत के रोहित दूसरे स्थान पर

मुरादाबाद कार्यालय

### 72वीं अंतर जनपदीय एथलेटिक कलस्टर प्रतियोगिता का आगाज

**अमृत विचार:** बरेली जोन की 72वीं अंतर जनपदीय एथलेटिक कलस्टर प्रतियोगिता की मेजबानी मुरादाबाद कर रहा है। सोमवार सुबह डीआईजी और एसएसपी ने प्रतियोगिता का आरंभ किया। पहले दिन चक्का फेंक में महिला वर्ग में मुरादाबाद पहले स्थान पर रहा। बिजनौर द्वितीय स्थान पर रहा।

सोमवार को पुलिस लाइन में डीआईजी मुनिराज जी और एसएसपी सतपाल अंतिल ने बरेली जोन की 72वीं अंतर जनपदीय एथलेटिक कलस्टर (महिला/पुरुष) साइक्लिंग एथलेटिक प्रतियोगिता-2024 का फीता काटकर आरंभ किया। इस बार प्रतियोगिता की मेजबानी मुरादाबाद कर रहा है।

प्रतियोगिता में बरेली जोन के मुरादाबाद समेत सभी जिले रामपुर, संभल, बिजनौर, अमरोहा, बरेली, बदायूं और पीलीभीत के कुल 175 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

शाहजहांपुर की टीम इस बार प्रतियोगिता में शामिल नहीं हुई है। इस मौके पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### पहले दिन विजेता प्रतिभागी

**चक्का फेंक :**– पुरुष वर्ग– रामपुर के विवेक प्रथम, द्वितीय स्थान पीलीभीत के रोहित रहे। **महिला वर्ग**–प्रथम स्थान पर मुरादाबाद की अमरीन, बिजनौर की यासमीन द्वितीय स्थान पर रहीं। **भाला फेंक :–पुरुष वर्ग :** अमरोहा के विश्वास तोमर प्रथम पर रहे वहीं रामपुर के मुजम्मिल को द्वितीय स्थान मिला। **महिला वर्ग :** राजू यादव बिजनौर प्रथम स्थान, रामपुर की देवन्द्री द्वितीय स्थान पर रही। **गोला फेंक :–पुरुष वर्ग :** बदायूं के प्रिंस सिवाच प्रथम और दानिश द्वितीय पर रहे। **महिला वर्ग :** बिजनौर के यासमीन प्रथम, मुरादाबाद की बबीता द्वितीय स्थान पर रही। **तार गोला फेंक :पुरुष वर्ग**– रामपुर के विवेक प्रथम वहीं बदायूं योगेन्द्र को द्वितीय स्थान मिला। **महिला वर्ग :** बरेली की अर्चना प्रथम, मधु कश्यप मुरादाबाद द्वितीय स्थान पर रही।

# मनचलों ने युवती का तीन किमी पीछा कर की छेड़छाड़

कार्यालय, आगरा

- पुलिसकर्मी को आता देख युवक भाग खड़े हुए
- केस दर्ज व दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार:** छत्ता थाना क्षेत्र में यमुना किनारे रोड पर दो बाइकों पर सवार आधा दर्जन मनचलों ने एक युवती का तीन किमी तक पीछा किया। अश्लील कमेंट किए। एक पुलिसकर्मी को आता देख युवक भाग खड़े हुए। इसका वीडियो भी वायरल हुआ।

यमुना किनारे रोड पर एक युवती स्कूटी से जा रही थी उसके साथ बाइक से एक युवक भी जा रहा था। तभी बाइक सवार तीन युवक पीछे से आए और उन्होंने युवती को घेर लिया। फिर काफी दूर तक पीछा किया। अश्लील कमेंट किया। साथ चल रहे युवक ने विरोध किया तो युवकों ने उसको भी धमका दिया। तभी यातायात पुलिस के कांस्टेबल राजीव की नजर उन लोगों पर पड़ गई। उन्हें टोका तो लड़कों ने उन्हें भी धमकाया। इस पर राजीव ने थाना छत्ता पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत डूँगरपुर वि.ख. फतेहगंज (प.) बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पं. डूँगरपुर की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदायें 22.08.2024 तक ग्रा.पं. कार्यालय पर अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन 22.08.2024 को ग्रा.पं. अध्यक्ष महोदय/प्रधान एवं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | कोमिल के घर से नरेन्द्र के घर तक सीसी नाली निर्माण | ईट, सीमेन्ट, पत्थर रोड़ी बजरी बजरफुट | 3.95 लाख |
| 2. | सुखलाल के घर से रामलाल के घर तक सीसी नाली निर्माण | ईट, सीमेन्ट, पत्थर रोड़ी बजरी बजरफुट | 3.98 लाख |

नियम व शर्में :- (1) निविदादाता निविदा के साथ पैन नं. छायाप्रति आवश्यक रूप से संलग्न करेंगे। (2) समस्त सामग्री आर.ई.डी./पी.डब्लू.डी. के अनुसार आपूर्ति की जायेगी। (3) निविदादाताओं को सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करनी होगी। जिसका अलग से कोई भी भाड़ा देय नहीं होगा। (4) किसी भी समय निविदा ग्राम पंचायत द्वारा निरस्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान-श्री चन्द्र पाल सचिव-श्री पुष्पेन्द्र कुमार गंगवार



**प्रथमा यू0 पी0 ग्रामीण बैंक**
मुख्य कार्यालय- रामगंगा विहार, फेज-2 मुरादाबाद-244001 (उ0प्र0)
**Prathama U.P. Gramin Bank**
Head Office Ram Ganga Vihar-Phase-2 Moradabad-244001(U.P)

बैंक द्वारा अपनी शाखाओं के अन्तर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग तकनीकों के प्रचार-प्रसार हेतु अपनी 05 मोबाइल वैन को OPEX मॉडल पर चलाने के इच्छुक वेंडरों से सील्ड निविदाएँ आमंत्रित की जा रही है। टेंडर की समस्त जानकारी/नियम व शर्तें / टेंडर परिपत्र, बैंक की वेबसाइट www.prathamaupbank.com से प्राप्त की जा सकती है। बैंक द्वारा टेंडर प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 04/09/2024 अपराहन 02.00 बजे तक है। टेंडर दिनांक 04/09/2024 को सायं 04.00 बजे उपस्थित वेंडरों के समक्ष खोले जायेंगें। टेंडर से सम्बंधित किसी भी जानकारी हेतु ई-मेल आई.डी fi@prathamaupbank.com पर संपर्क करें।

महाप्रबन्धक

बलवानप्यशक्तोऽसौ धनवानपि निर्धनः ।
श्रुतवानपि मूर्खोऽसौ यो धर्मविमुखो जनः ॥

जो व्यक्ति कर्मठ नहीं हैं, अपना धर्म नहीं निभाता वो शक्तिशाली होते हुए भी निर्बल हैं, धनी होते हुए भी गरीब हैं और पढ़े लिखे होते हुए भी अज्ञानी हैं ।

## संपादकीय

# निगरानी बढ़ाई जाए

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एमपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। चिंता की बात है कि दो वर्षों में यह दूसरी बार है जब एमपॉक्स को वैश्विक आपातकाल घोषित किया गया है। अफ्रीकी देशों में आतंक मचाने के बाद यह वायरस स्वीडन और फिर पड़ोसी देश पाकिस्तान तक पहुंच चुका है। अभी भारत में इस वायरस का असर नहीं दिख रहा है लेकिन चिंताएं बढ़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एमपॉक्स की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। भारत के लिए जोखिम का आंकलन करने के लिए 12 अगस्त को राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा विशेषज्ञों की एक बैठक बुलाई गई थी। एनसीडीसी द्वारा पहले जारी किए गए एमपॉक्स पर एक संक्रामक रोग अलर्ट को नए घटनाक्रमों का पता लगाने के लिए अद्यतन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर स्वास्थ्य टीमों को संवेदनशील बनाया गया है। 2022 में एमपॉक्स का वैश्विक प्रकोप हुआ और भारत समेत कई देश इससे प्रभावित हुए। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 2022 से वैश्विक स्तर पर 116 देशों से एमपॉक्स के कारण 99,176 मामले और 208 मौतें दर्ज की गई थीं। कांगो में एमपॉक्स के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले साल, रिपोर्ट किए गए मामलों में काफी वृद्धि हुई और इस साल अब तक दर्ज किए गए मामलों की संख्या पिछले साल की कुल संख्या से अधिक हो गई है, जिसमें 15, 600 से अधिक मामले और 537 मौतें शामिल हैं। 2022 में अंतर्राष्ट्रीय चिंता से जुड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किए जाने के बाद से भारत में 30 मामले सामने आए। एमपॉक्स का आखिरी मामला मार्च 2024 में पता चला था। एमपॉक्स की पहचान पहली बार 1950 के दशक में अनुसंधान प्रयोगशालाओं में बंदरों में की गई थी, इंसान में इसका पहला मामला 1970 में ही पता चला था। डर यह है कि यह वायरस विकसित हो सकता है।

यह वायरस श्वसन संक्रमण विकसित कर सकता है और घातक हो सकता है। इसे रोकने का सबसे अच्छा तरीका संक्रमण की संख्या को कम करना, इसे वर्तमान भौगोलिक क्षेत्र में सीमित रखना और धीरे-धीरे इसे खत्म करना है। विशेषज्ञों के मुताबिक भारत को एमपॉक्स वायरस को समझने के लिए जीनोमिक निगरानी पर फोकस करना चाहिए और इसके प्रसार को रोकने के तरीके विकसित करने चाहिए। इससे पहले कि यह प्रकोप तेजी से पश्चिमी देशों और अन्य स्थानों पर फैल जाए, हमें प्रकोप को दबाने और सामूहिक प्रतिरक्षा में सुधार करने की आवश्यकता है। एमपॉक्स वायरस की रोकथाम में मामलों का तेजी से पता लगाना महत्वपूर्ण है। वायरल प्रकोप को रोकने के लिए दुनिया को एकजुट और सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है।

# जन विज्ञान लेखन में मीमांसा और विमर्श का अभाव



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

नई स्थितियों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं, अन्वेषण और डिस्कवरीज को जो नाम विदेशियों ने अपनी कल्चरल और भाषायी विरासत के हिसाब से दिए, उन्हें भारत की भाषायी विरासत के अनुसार हम देखें और मौजूदा सूत्रों के अनुसार नए, समानार्थी शब्दों को गढ़ कर काम चला पाएं, ऐसी कोशिश भी हमने की है।

देवीप्रसाद चट्टोपाध्याय की मानक किताब -स्टडीज इन द हिस्ट्री ऑफ़ साइंस इन इंडिया के अध्ययन से यह ज्ञात होता है सन 1875 से पहले वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में नवीन गतिविधि का विकास भारत में सदियों तक बाधित रहा। वैज्ञानिक शोध और विकास (आरएंडडी) में निरंतरता का ह्रास के अलावा नई चुनौतियों के समाधान तलाशने हेतु देश के प्रबुद्ध लोगों द्वारा शोध अध्ययन नहीं किए जाएंगे, नए ज्ञान का सृजन नहीं होगा, और इन नई स्थितियों का सामना करते हुए, नई खोज या नई क्रियाओं और अन्वेषण से प्राप्त परिणाम, नए ज्ञात हुए पदार्थ, नई प्रक्रियाओं के लिए नाम नहीं सोचे जाएंगे तो नए शब्द कैसे बनेंगे? विज्ञान शोध साहित्य में जिन सहस्रों नए नामों का जन्म पश्चिम के देशों में हुआ और ज्ञान संकलन की एक पद्धति अर्थात इनफार्मेशन कैटेलॉगिंग हुई इन्हें ही हम अब इस्तेमाल करने के लिए बाध्य हैं। विधाओं का पश्चिम के शैली में वैश्विक-मानकीकरण करने से देशज और स्थानीय नाम हम इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। भारत के मनीषियों द्वारा वैज्ञानिक शब्दों के संकलन और प्रक्रियाओं की कैटेलॉगिंग का काम तेरहवीं सदी के बाद रुक गया। यह काम पहले भी और आज भी संस्कृति निष्ठ, अर्थात कल्चर-स्पेसिफिक रहा है।

भारत में विज्ञान और टेक्नोलॉजी में पिछले बीस साल में हुए शोध कार्य की मात्रा, गुणवत्ता, फंडिंग का स्केल, स्कोप और गति चकित करती है। भारत के वैज्ञानिकों द्वारा प्रकाशित किए गए शोध पर्चों के विषयों की विविधता और इनकी विशाल संख्या इसकी पुष्टि करती है। केवल मेडिकल रिसर्च के फील्ड में भारत के विज्ञानियों ने सन 1999 से 2008 की अवधि में 65,745 शोध पर्चों का प्रकाशन किया था। शोधकार्य का मौलिक संप्रेषण सर्वाधिक अंग्रेजी भाषा में होता है लेकिन इस विशाल गतिविधि और इससे मिलने वाले परिणामों को भारतीय भाषाओं के जरिये आमजन से हम शेयर करने का जब भी जतन करते हैं, तब भारतीय भाषाओं के मंच पर हमें कुछ नए शब्द मिलते हैं। इन शब्दों के मिजाज़ को इनके इस्तेमाल से ही महसूस किया जा सकता है। हमारे साइंटिस्ट विदेशी और स्वदेशी प्रकाशनों में

भारत में विज्ञान और टेक्नोलॉजी में पिछले बीस साल में हुए शोध कार्य की मात्रा, गुणवत्ता, फंडिंग का स्केल, स्कोप और गति चकित करती है। भारत के वैज्ञानिकों द्वारा प्रकाशित किए गए शोध पर्चों के विषयों की विविधता और इनकी विशाल संख्या इसकी पुष्टि करती है।

जितनी संख्या में शोध प्रकाशन करते हैं, पॉपुलर शैली में इसके इस्तेमाल की परसेंटेज एक प्रतिशत भी नहीं। जितना हो पा रहा है, उसकी लिंग्विस्टिक स्टडीज पर भी ध्यान नहीं है। इस बारे में ब्रिटिश एसोसिएशन फॉर दएडवांसमेंट ऑफ़ साइंस के पिछले 200 साल के रिकाड्र्स चकित करते हैं। पश्चिम की भाषाओं में गढ़े गए शब्दों को अपनी कल्चरल बैकग्राउंड में जब भी हम देखते हैं तो नए शब्द सूझते भी हैं और नहीं भी।

नई स्थितियों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं, अन्वेषण और डिस्कवरीज को जो नाम विदेशियों ने अपनी कल्चरल और भाषायी विरासत के हिसाब से दिए, उन्हें भारत की भाषायी विरासत के अनुसार हम देखें और मौजूदा सूत्रों के अनुसार नए, समानार्थी शब्दों को गढ़ कर काम चला पाएं, ऐसी कोशिश भी हमने की है। आधुनिक विज्ञान में शोधकार्य की स्पीड बहुत है और हम कुछ भी करके एक शब्दावली गढ़ लें, नए शब्दों की जरूरत महसूस होने पर आईएनएस संकलन का नया प्रकाशन निकालना ही पड़ता है। अंग्रेजी से वर्नाक्युलर में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली पहली बार सन 1906 में बनाई गई और दूसरी बार भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की पहल पर सन 1955 में ए कॉम्प्रेहेंसिव इंग्लिश-हिंदी डिक्शनरी ऑफ़ गवर्नमेंटल एंड एजुकेशनल वड्र्स एंड फ्रेजेज़, डॉ. रघुबीरा की रहनुमाई में तैयार की गई थी। इसमें 19 वैज्ञानिक विधाओं से संबंधित शब्दावली एक थिसारस की तरह दी गई। वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग की सन 1961 में स्थापना होने के बाद तीसरी बार दो खंडों में डिक्शनरी ऑफ़ साइंटिफिक एंड टेक्निकल टर्म्स का प्रकाशन हिंदी भाषा और वर्नाक्युलर में किया किया है। अनुभव है कि इसमें दिए गए शब्दों के मीडिया में इस्तेमाल से लेख बोझिल और समझ से परे हो जाता है। वैज्ञानिक लेखन के क्षेत्र में हिंदी भाषा में लोकरुचि शैली के टेक्स्ट के प्रति रुचि बनाए रखने और इसके निहितार्थों को समझने के लिए लोकभाषा में शब्दों की तलाश हमें करनी चाहिए।

इस माने में डॉ.रमेश दत्त शर्मा, बृजमोहन गुप्त, डॉ.जगदीप सक्सेना और डॉ.अरविन्द मिश्र के सराहनीय पर्यास रहे। इनकी लिखी हुई विज्ञान कथाओं और लेखों की समीक्षा करने से भाषा में नवनीत प्रयोग, वर्तनी और गठन के सामर्थ्य के बारे में हम परिचित हो सकते हैं। जर्नलिज्म और मास-कम्युनिकेशन स्कूल्स में भाषा को लेकर कुछ खास नहीं बताया-सिखाया जाता। भारत में वर्नाक्युलर जर्नलिज्म पर किए गए अनेक समीक्षात्मक अध्ययनों में भाषा कौशल संबंधी टिप्पणियां देखने को नहीं मिलती हैं। इन अध्ययनों के जरिये हम विशुद्ध विज्ञान और लोकशैली में वैज्ञानिक लेखन की लिस्टिंग तो ऑथर इंडेक्स के रूप में करते रहे हैं, परन्तु सब्जेक्ट इंडेक्स का गठन अभी तक विचाराधीन ही है। मूल टेक्स्ट समेत ऐसे कैटेलॉग्स या बिब्लियोमीट्रिक स्टडीज उपलब्ध नहीं हैं जिनसे संदर्भ लेकर गहराई से भाषाई दृष्टिकोण (लैंग्वेज एंड लिंगुस्टिक स्टडीज) से आमजन के लिए विज्ञान लेखन के बारे में अध्ययन किए जा सकें। उदाहरण के लिए एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोफिजिक्स, एस्ट्रोबायोलॉजी और एस्ट्रोकेमिस्ट्री के टर्म्स को वर्नाक्युलर में भारतीय एस्ट्रोनॉमी और ज्योतिष के अध्ययन के बावजूद सटीकता से अभिव्यक्त करना चुनौतीपूर्ण है। 'स्टार-राउंड क्लस्टर' के लिए तारों का समूह लिखने से भी वह आशय स्पष्ट नहीं होता जो सर्वथा उपयुक्त है जैसे कि गोलाकृति में तारा-गुच्छ। शब्द की अंतरात्मा और मिजाज़ की अभिव्यक्ति को समग्र रूप में समझने के लिए शब्द समूह हम बना सकते हैं। 'गहन अंतरिक्ष' से 'डीप स्पेस' का आशय स्पष्ट नहीं होता लेकिन ब्रह्माण्ड शब्द कब और क्यों इस्तेमाल करना चाहिए, यह वर्तनी और स्थिति पर निर्भर है जिसके बारे में लेखक एलर्ट नहीं रहते। गैलेक्सीज, कांस्टलेशंस, गैस क्लाउड, ब्लैक होल, न्युट्रान स्टार, सोलर एकॉउस्टिक्स, रेडिएशन बस्ट्र्स आदि शब्दों के समानार्थी शब्द इंडियन वर्नाक्युलर में मौजूद नहीं हैं। खगोल विषय के ज्यादातर लेखक सभी किस्म की गैलेक्सीज को आकाशगंगा ही लिखते हैं जबकि आकाशगंगा वही एक है जिसमें पृथ्वी और हमारा तारा 'सूर्य' और अन्य सात ग्रह मौजूद हैं। सभी तारे सूर्य नहीं हैं। भावार्थ प्रकट करने से भी निहितार्थ स्पष्ट नहीं होता क्योंकि ब्रह्मांड में मौजूद पदार्थ की भौतिक और रासायनिक संरचना अत्यधिक तेज़ी से बदलती रहती है।

भारतीय मानस में विज्ञान के प्रति समझ में इजाफा करने तक ही बात सीमित नहीं है। बल्कि नई पीढ़ी के विज्ञान संचारकों और पत्रकारों को साइंस कम्युनिकेशन में दक्ष बनाने की भी है। इसके लिए भारत सरकार के विज्ञान और टेक्नोलॉजी मंत्रालयों के संरक्षण में काम करने वाली अनेक एजेंसीज अपने स्तर पर दूसरी पंचवर्षीय योजना के समय से ही काम करती रही है। फिर भी वर्नाक्युलर भाषाओं में उस स्तर तक की दक्षता का अभाव बना हुआ है जैसे प्रयास की झलक अमरीका और ब्रिटेन के बारे में जर्नल ऑफ़ थे रॉयल सोसाइटी ऑफ़ मेडिसिन की वॉल्यूम 96 के अक्टूबर सन 2003 के अंक में प्रकाशित लेख वाट शुड द सिटीजन नो अबाउट साइंस से मालूम पड़ती है। भारत में इस बारे में उन पर्चों में स्थिति का आकलन किया गया जो एक समय नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड स्टडीज के इनफार्मेशन साइंटिस्ट्स इंडियन जर्नल ऑफ़ साइंस कम्युनिकेशन के 37 अंकों में प्रकाशित हुए। वर्षों के प्रयास के बावजूद देखने में आता है कि हिंदी में विज्ञान लेखन में क्वांटिटेटिव वृद्धि के बावजूद भाषा की वर्तनी, शब्द चुनाव और टेक्स्ट में प्रवाह के अंदाज़ में कई तरह की कमी बनी हुई है। मीमांसा और विमर्श का अंदाज़, अर्थात स्टाइल ऑफ़ क्रिटिकल एग्जामिनेशन एंड डिस्कशन, इसमें शुमार नहीं है। भारत में जनविज्ञान लेखन शैली में सांस्कृतिक प्रभाव के कारण शास्त्रार्थ प्रभाव नहीं है।

## प्रसंगवश

# दुनिया की पहली तस्वीर



दृश्यों और चेहरों के यांत्रिक अंकन से शुरू फोटोग्राफी आज एक ऐसी कला का रूप ले चुकी है जिसमें कैमरे के एक क्लिक से भावनाओं का विशाल संसार रचा जा सकता है। हाथ में कैमरा पकड़े व्यक्ति के भीतर अगर संवेदना और अंतर्दृष्टि है तो वह एक तस्वीर से वह इतना कुछ कह जा सकता है जो एक महाकाव्य या उपन्यास के विस्तार में भी कहना संभव नहीं है। विश्व फोटोग्राफी दिवस के दिन यह जानना दिलचस्प होगा कि दुनिया की सबसे पहली तस्वीर वर्ष 1826 में खींची गई थी। डामर की काली प्लेट पर लिए गए उस फोटो को खींचने में आठ घंटे और तैयार करने में छह साल लगे थे। तस्वीर को खींचने का श्रेय जाता है फ्रांस के आविष्कारक जोसेफ नाइसफोर और उनके मित्र लुइस डॉगेर को।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

आमतौर पर फोटो खींचते समय हमें यह पता होता है कि हमें किस दृश्य को किस एंगल से कैप्चर करना है, लेकिन इस पहली तस्वीर के साथ ऐसा नहीं था। अपने घर की पहली मंजिल की खिड़की के पास खड़े होकर जोसेफ से अचानक ही एक तस्वीर कैप्चर हो गई जिसमें खिड़की के बाहर का एक दृश्य था। यह पल इतिहास में दर्ज हुआ और दुनिया की इस पहली तस्वीर को 'व्यू फ्राम द विंडो एट ले ग्रास" का नाम दिया गया। इस तस्वीर को 13 साल बाद 19अगस्त 1839 को फ्रांस की सरकार द्वारा मान्यता दी गई और बिना किसी कॉपीराइट के इस कला को दुनिया को उपहार के रूप में समर्पित करने का फैसला लिया गया। उसी दिन की स्मृति में हर साल 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस के तौर पर मनाए जाने का सिलसिला शुरू हुआ। सभी फोटोग्राफर और फोटोग्राफी की कला के प्रशंसक मित्रों को बधाई दुनिया की उस पहली तस्वीर के साथ।

# आर्थिक लूट का नया तरीका डिजिटल अरेस्ट



अनूप शुक्ल
कानपुर

हमको लगता है कि पूरी दुनिया आज इंटरनेट में सिमट गई है। लोग इंटरनेट के इतने आदी हो गए हैं कि बिना नेट के बेचैन होने लगते हैं।

मेरे पास एक संदेश आया कि क्या आप कोई जॉब खोज रहे हैं? हमने लिखा नहीं। फिर आफ़र आया कि अगर चाहें तो 203 रुपए प्रतिदिन से शुरू करके और भी कमा सकते हैं। 203 रुपया प्रतिदिन मतलब एक अकुशल श्रमिक की दिहाड़ी का लगभग एक चौथाई। हमने फिर मना किया। उसने फिर कहा- 'सोच लो। अभी काम लग रहा मामला लेकिन आगे और बढ़ेगा पैसा।' संदेश देने वाला अपने को गूगल का भारत का एचआर बता रहा था। हमको लगा कि बताओ गूगल वाले इतना चिल्लर काम बांट रहे हैं। लगा कि गूगल ने भी कोई लाड़ले भैया स्कीम लांच की है।

इससे आगे बात नहीं की। हमको लगा कि और बात की तो आगे के मैसेज में कोई लिंक आएगा। उस पर क्लिक करके काम ज्वाइन करने को बताया जा जाएगा। जैसे ही क्लिक किया वैसे ही हमारा काम लग जाएगा। हमारे पैसे कहीं और चले जाएंगे। हमने नंबर ब्लाक किया और दूसरे काम में लग गए।

लिंक करके पैसे लूटने का तरीक़ा तो पुराना है। ओटीपी पूछकर खाता ख़ाली करना भी चलन में हैं। इसके चलते आनलाइन सामान ख़रीदने में डर लगने लगा है। हाल ही में इनकम टैक्स रिफ़ंड के लिए लिंक क्लिक करा के पैसे लूटने के किस्से भी सुनने में आए हैं। इधर एक और नया तरीक़ा पता चला- डिजिटल अरेस्ट। डिजिटल अरेस्ट के तरीक़े से पिछले दिनों एसजीपीजीआई, लखनऊ की एसोसिएट प्रोफेसर के साथ साइबर फ्रॉड हुआ और इनसे 2.81 करोड़ रुपये का स्कैम किया गया। उनके पास फ़ोन आया कि उनके खाते से ऐसे लेनदेन हुए हैं जो आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। उनसे कहा गया कि उनके खाते की जांच हो रही है। उनके खाते के सारे विवरण ले लिए गए। यह भी कहा गया कि वे इस बारे में किसी को बताएं नहीं अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। वे झांसे में आ गईं और उनके खाते से 2.81 करोड़ रुपए निकाल लिए गए। उन्होंने बाद में पुलिस को रिपोर्ट कराई। उन्होंने जिस तरह घटना का बयान किया उससे लगा कि वे उन लोगों के सामने एक आज्ञाकारी बालक की तरह फ्रॉड करने वालों के आदेश का पालन करतीं गईं। लुटती गईं।

इस घटना के कुछ दिन पहले लखनऊ के ही प्रसिद्ध कवि नरेश सक्सेना जी को डिजिटली अरेस्ट किया गया। लूटने की कोशिश करने वालों ने उनको भला इंसान बताया गया। उनसे उनकी कविताएं भी सुनी गईं। नरेश सक्सेना जी की डिजिटल अरेस्ट का क़िस्सा काफ़ी चर्चा में रहा था। अख़बारों में भी आया था। शायद पढ़ नहीं पाईं होंगी एसजीपीजीआई की प्रोफ़ेसर साहिबा। पढ़ती तो लूटने से बच जातीं। इससे यह भी पता चलता है कि पुलिस से कितना डर है अपने यहां लोगों में।

डिजिटल अरेस्ट आर्थिक लूट का नया तरीक़ा है। किसी को डरा-धमका कर उससे पैसे लूट लिया। यह भी तभी संभव है जब पैसे ट्रांसफ़र करना आनलाइन संभव हो। पैसे की लूट तो बचाई जा सकती है सावधान रहकर। लेकिन एक और तरह की डिजिटल अरेस्ट में हम फंसे हुए हैं। दिन रात जब मौक़ा मिले तब हम मोबाइल इंटरनेट की दुनिया में टहलते रहते हैं। मौक़ा न मिले तो भी निकाला जाता है। स्वयं डिजिटल गिरफ्तारी के लिए खुद को पेश करते रहते हैं। इस डिजिटल अरेस्ट के तमाम स्वरूप हैं। कोई सोशल मीडिया में लगा है, कोई रील बना रहा है, कोई सिनेमा देख रहा है, कोई बतिया रहा है, किसी को यूट्यूब की लत लगी है, कोई ब्रेकिंग न्यूज़ देखने में जुटा है। देश के देश इस डिजिटल ग़ुलामी में जुटे हुए हैं।

हमको लगता है कि पूरी दुनिया आज इंटरनेट में सिमट गई है। लोग इंटरनेट के इतने आदी हो गए हैं कि बिना नेट के बेचैन होने लगते हैं। और कुछ आए न आए नेटवर्क आना चाहिए। कहीं पहुंचने पर सबसे पहले पूछे जाने वाले सवालों में 'वाईफ़ाई का पासवर्ड' होता है। जिन लोगों को काम नहीं मिल रहा वे नेट पर जुटे हैं। सरकार के समर्थन या विरोध में नारे लगा रहा हैं। 'समय बिताने के लिए करना है कुछ काम/शुरू करो नेटबाज़ी लेकर नेता जी का नाम'। घर में नहीं आटा मांग रहे हैं डाटा वाले हाल बने हुए हैं।

इंटरनेट की अधिकतर सेवा प्रदाता कंपनियां अमेरिका में हैं। पूरी दुनिया को ये कम्पनियां अपनी गिरफ्त में लिए हुए हैं। पूरी दुनिया को 'डिजिटली अरेस्ट' किए हैं। अपन को भी इस गिरफ्तारी में मज़ा आ रहा है। डिजिटल ग़ुलामी में जब मज़ा रहा तो इससे छुटकारे की कौन सोचे? डिजिटल दुनिया जग़र-मगर की दुनिया है। इसके चुंगल से बचना आसान नहीं।

## सोशल फोरम

# लोकजीवन की त्रासदी

लोकजीवन में तेजी से बदलाव हो रहा। वे मोहक नहीं रह गए हैं। जबसे लोकजीवन में पूंजी और सरकारी योजनाओं का प्रवेश हुआ है। लोगों के बीच समरसता और भाई चारा गायब हो गया है। गांवों में कई गोल बन गए हैं। सरकारी योजनाओं का बहुत कम लाभ मजलूमों को उससे ज्यादा दबंग लोगों को मिल रहा है। उनकी कोई जांच नहीं हो रही है। इस लूट से फर्श से अर्श के लोग शामिल हैं। गांवों का शहरीकरण हो रहा है। जो चीजें शहरों में मिलती थी वे यहां उपलब्ध हैं। मांस मदिरा, फास्ट फूड और नशे यहां आसानी से मिल जाते हैं। युवा पीढ़ी तेजी से बर्बाद हो रही है। इस स्तर को कायम करने के लिए जमीनें और बाग बगीचे बिक रहे हैं। जो मुंह में चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए थे। वे बेरोजगारी की सजा भुगत रहे हैं।



स्वप्निल श्रीवास्तव
फैजाबाद

हमारे गांव में प्रतिभाशाली लोग पैदा हुए थे। वे अब शहरों में आबाद है। जब तक उनके माता पिता थे तो तीज त्योहार में आ जाते थे। अब साल दो साल में गांव का मुआयना करने आ जाते हैं। उनके बच्चे तो झांकने नहीं आते। हमारे जैसे कुछ लोग अपनी स्मृतियों को दोहराने आते हैं। गांवों में दर्जनों मकानों पर ताले लगे हुए। वहां झाड़ झंखाड़ उग आए हैं। किले की तरह बने हुए मकानों की दीवारें ढह रही हैं। खेती बटाई पर दे दी गई है।

गांव में मजदूर नहीं मिलते है। मजदूरों के बच्चों में जैसे ही रेख आ जाती है। वे दुबई, मुंबई, गुजरात और पंजाब कमाने चले जाते हैं और घर पर अच्छी रकम भेजते हैं। उनकी झोपड़ी पक्के मकानों में बदल रही है। ये मजदूर आपने मालिकों की जमीनें खरीद रहे हैं। शहर में रहने वाले लोग जैसे बूढ़े होने लगते हैं उसे वे अपनी जमीन उन मजदूरों के बच्चों को बेचते हैं जो उनके यहां मजदूरी करते थे। वे जानते हैं कि उनके बच्चे इस जमीन को बेचने नहीं आएंगे और जमीन उनके हाथ से निकल जाएगी।

लोकजीवन के ये बदलाव हमारे साहित्य में नही दर्ज नही हो रहे हैं। जब तक हम गांवों की दुर्दशा से परिचित नहीं होंगे लिखना बेमानी होंगी। यह याद रखना चाहिए कि हमारे गांव प्रेमचंद और रेणु के जमाने के गांव नहीं रह गए हैं। उनके अनुभव बेहद त्रासद हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# नारी सम्मान और सुरक्षा दैनिक जीवन और सोच का हिस्सा बने

कोलकाता में हाल ही में डाक्टर के साथ भयावह बलात्कार और हत्या की हालिया घटना ने पूरे देश को हिला कर रख दिया। यह घटना और भी शर्मनाक हो जाती है जब हम जानें कि पीड़िता एक डॉक्टर थी, जो अपनी ड्यूटी पर तैनात थी। इस कायरता भरे कृत्य ने न केवल उसकी जिंदगी छीन ली, बल्कि समाज के उस चेहरे को भी उजागर किया जो नारी की सुरक्षा को लेकर असंवेदनशील है।

इसके कुछ ही समय बाद उत्तराखंड में भी एक दर्दनाक घटना घटी, जहां एक नर्स को दरिंदगी का शिकार बनाया गया। इन घटनाओं ने हर नारी के मन में सुरक्षा और सम्मान के सवालों को फिर से जगा दिया है। ये घटनाएं एक के बाद एक, न केवल उन निर्दोष लड़कियों के जीवन को तहस-नहस करती है, बल्कि समाज के प्रति हर लड़की की आत्म-छवि को भी गहरे से प्रभावित करती है और समाज की उस गहरी खाई को उजागर करती हैं, जहां एक नारी की सुरक्षा और सम्मान की धज्जियां उड़ाई जाती हैं।



समीक्षा मनराल
रामनगर (नैनीताल)

इन घटनाओं से यह सवाल उठता है कि हमारे देश का ये कैसा कानून है, जो इन दरिंदों को जीने का हक दे सकता है? एक निर्दोष को दर्दनाक मौत के घाट उतारने के बाद, ये अपराधी कैसे अपनी ज़िंदगी जी सकते हैं? क्या हमारी न्याय प्रणाली इतनी कमज़ोर है कि वह ऐसे हैवानों को फौरन सजा नहीं दे सकती? एक लड़की के नज़रिए से, ये घटनाएं आत्म-संवेदन और आत्म-सम्मान पर एक गहरा आघात हैं। वह खुद से पूछती हैः क्या मैं इस समाज में सुरक्षित हूं? क्या मेरे सपनों का कोई मूल्य है? क्या मेरा जीवन सिर्फ डर और असुरक्षा के साए में जीने के लिए है?

यह घटनाएं हमारे समाज का कड़वा सच सामने लाती हैं-जहां लड़कियों को अब भी खतरे में जीने के लिए मजबूर किया जाता है। आत्म-स्वाभिमान और सुरक्षा की जो सहज चाहत एक लड़की के दिल में होती है, उसे यह समाज बार-बार नज़रअंदाज़ कर देता है।

कोलकाता और उत्तराखंड की घटनाएं हमारे समाज की गहरी सच्चाई की ओर इशारा करती हैं। यह केवल दो घटनाएं नहीं हैं, ऐसी कई घटनाएं हर दिन इस देश में होती हैं, जहां महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की धज्जियां उड़ाई जाती हैं। नारी के चरित्र पर दाग लगाए जाते हैं और उसे हर दिन उत्पीड़ित किया जाता है। इन कृत्यों का अधिकांश भाग उजागर भी नहीं हो पाता और समाज की जागरूकता की कमी के कारण बहुत सी घटनाएं अनकही रह जाती हैं।

यहां बात सिर्फ दो घटनाओं की नहीं है, बल्कि हर दिन महिलाओं के खिलाफ होने वाले अन्याय और हिंसा की है। समाज में महिला के प्रति असंवेदनशीलता और




हिंसा का यह सिलसिला अब भी जारी है, और इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

सवाल यह है कि जब हम देश भर में धर्म और मजहब के नाम पर लड़ाइयां लड़ते हैं, तब इंसानियत की लड़ाई क्यों नहीं लड़ी जाती? क्यों नहीं हम समझते कि धर्मों से परे, इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है? बेटियां तो हर धर्म में होती हैं। एक नारी ही जीवन चक्र को गतिमान रखती है-जन्म देने वाली, पालने वाली, राखी बांधने वाली, घर चलाने वाली और जीवनभर साथ निभाने वाली। यदि हर व्यक्ति की अस्तित्व की आधारशिला एक नारी है, तो फिर उस नारी के अस्तित्व की रक्षा क्यों नहीं की जाती? हमारा समाज, जो खुद को सभ्य और प्रगतिशील मानता है, वह अभी भी महिलाओं के प्रति अपनी सोच और व्यवहार में सुधार की आवश्यकता महसूस करता है। यह समय है कि हम समाज के उन रिवाजों और धारणाओं को चुनौती दें जो नारी के सम्मान और सुरक्षा को मामूली मानती हैं। हमें यह स्वीकार करना होगा कि नारी का सम्मान और सुरक्षा केवल कानूनी प्रावधानों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन और सोच का हिस्सा भी होना चाहिए।

ये घटनाएं न केवल कानून और न्याय व्यवस्था पर सवाल उठाती हैं, बल्कि यह भी दर्शाती हैं कि समाज में एक बड़ा बदलाव आवश्यक है। यह बदलाव केवल महिलाओं की सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि समाज की मानवता और उसके मूल्यों के लिए भी जरूरी है। हमें समाज के हर कोने में नारी की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होना होगा।

हमारी सोच में बदलाव लाना होगा, ताकि हर लड़की को उसके जीवन में सुरक्षा और सम्मान प्राप्त हो सके। यही समय है कि हम अपने समाज की बुनियादी धारणाओं को चुनौती दें और एक ऐसा वातावरण बनाएं, जहां हर नारी को उसका असली मूल्य और सम्मान प्राप्त हो। यह हमारा कर्तव्य है कि हम सभी मिलकर इस बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाएं और सुनिश्चित करें कि समाज का हर अंग इस सच्चाई को स्वीकार करे। यह घटनाएं सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि एक पुकार है हम सभी के लिए कि हम जागें, खड़े हों, और सुनिश्चित करें कि हर लड़की को वह सम्मान और सुरक्षा मिले, जिसकी वह सच्ची हकदार है। समाज का यह आईना हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम वाकई एक सभ्य और सुरक्षित समाज का हिस्सा हैं, या हमें बदलाव की सख्त ज़रूरत है?

# वित्तीय तनाव से जूझ रहे कामगार

वित्तीय तनाव और काम के घंटे बढ़ने का दबाव झेल रहे इन कर्मचारियों और श्रमिकों की आवाज उठाने की जरूरत तो होगी ही।

मुंबई के एक दैनिक में प्रकाशित एक खबर के अनुसार कारखानों फैक्ट्रियों आदि में काम करने वाले कर्मचारियों और श्रमिकों का वेतन बीस हजार रुपए से भी कम है और देश का एक बड़ा कामगार वर्ग वित्तीय तनाव से जूझ रहा है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

जहां एक ओर आईटी सेक्टर में काम करने वालों को अधिक काम के बोझ और अधिक काम के घंटे का दबाव बन रहा है वहीं दूसरी ओर अन्य नौकरियों में मासिक वेतन बीस हजार से कम होने से नई मुसीबत सामने आ रही है। कम वेतन पाने वाला आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित हो रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 57 प्रतिशत से अधिक श्रम प्रधान नौकरियां इसी वेतन मान के तहत आती हैं ऐसे में इन कामगारों के लिए सुविधापूर्वक जीवन निर्वाह करना मुश्किल है

उधर बेंगलुरु के उद्यमियों का कहना है कि फ्रेशर की गुणवत्ता इतनी खराब है कि 20 हजार प्रति माह वेतन भी 'अधिक खर्च' है, कॉग्निजेंट के हालिया ऑफ कैंपस भर्ती अभियान के बाद भारतीय आईटी क्षेत्र में वेतन पर बहस तेज हो गई है जहां कंपनी नए स्नातकों को 2.5 लाख वार्षिक या बीस हजार प्रति माह का वार्षिक पैकेज देने की पेशकश कर रही है। वित्तीय तनाव और काम के घंटे बढ़ने का दबाव झेल रहे इन कर्मचारियों और श्रमिकों की आवाज उठाने की जरूरत तो होगी ही। क्या देश की ट्रेड यूनियंस इस काम को कर सकेंगी, इसका समुचित उत्तर तो आने वाले समय में मिल पाएगा?

# हाईटेक तकनीक से लैस अभेद्य किला बनेगी अयोध्या नगरी

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर हाईटेक सिक्योरिटी के किये जा रहे मजबूत इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य सरकार की मंशानुरुप अयोध्या शहर को पूरी तरह से सीसी कैमरों की रेंज में लाया जा रहा है। तीसरी आंख के जरिए सुरक्षा और स्वच्छता दोनों ही व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी। इसके जरिए कंट्रोल कमांड सेंटर में बैठकर न सिर्फ संदिग्धों पर नजर रखी जा सकेगी, बल्कि चौराहों व गली-मोहल्लों में नगर निगम की ओर से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की भी मॉनिटरिंग की जा सकेगी। सरकार ने घरों,




● राज्य सरकार बड़ी संख्या में आने वाले रामभक्तों की सुरक्षा को लेकर गंभीर

प्रतिष्ठानों, होटलों और कार्यालयों के बाहर लगे सीसी कैमरे को पहले ही अमानीगंज स्थित कंट्रोल रूम से इंटीग्रेट कर लिया है।

अयोध्या में नव्य, भव्य और दिव्य मंदिर में रामलला के प्रतिष्ठित होने के बाद से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री खुद कह चुके हैं कि अयोध्या को ऐसे सजाया और संवारा जाए, जिससे यहां आने वाला हर एक शख्स बार-बार अयोध्या आना चाहे। इसी के तहत नगर निगम ने सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत अयोध्या में बड़ा कदम उठाया है।

सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत नगर में काम का जिम्मा एलाइड डिजिटल सर्विसेज लिमिटेड को दिया गया है। यह 8.49 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है।

# मिशनरी के कौशल केंद्र में लड़की ने आत्महत्या की

**भदोही, एजेंसीः** जिले में एक क्रिश्चियन मिशनरी ट्रस्ट के प्रशिक्षण केंद्र में कर्मचारी लड़की ने कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुशीनगर जिले के दरबकली गांव निवासी मधु भारती (17) भदोही शहर कोतवाली इलाके के हरियांव स्थित 'करुणालय' नामक मिशनरी ट्रस्ट के प्रशिक्षण केंद्र में पिछले एक साल से बतौर सहायिका काम कर रही थी। रविवार आधी रात को करुणालय ट्रस्ट से सूचना मिली कि मधु ने अपने कमरे में फांसी लगा ली है। अधिकारियों के मुताबिक आज शव का दो डाक्टरों की समिति से पोस्टमार्टम कराया गया। उसकी रिपोर्ट में फांसी लगाकर मौत होने की पुष्टि हुई।

# महिला आरक्षी ने कमरे में फांसी लगा कर दी जान

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचारः** थरियांव थाने में तैनात लेडी कॉन्सटेबल ने थाना में बने पुलिस आवास की तीसरी मंजिल के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच में पता चला कि उसने सुसाइड से पहले मंगेतर से फोन पर बात की थी। फोन पर बातचीत के दौरान दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद महिला सिपाही ने सुसाइड कर लिया। महिला सिपाही की नवंबर में शादी होनी थी। मंगेतर ने ही सुसाइड की जानकारी पुलिस को दी।

दरोगा ने दरवाजा तोड़कर शव को निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।



● खुदकुशी से पहले मंगेतर से की थी बात, थरियांव थाना में तैनात थी

पांच साल से थरियांव थाने में तैनात महिला सिपाही जौनपुर के पतौरा की रहने वाली प्रियंका सरोज थरियांव थाने में बीते पांच सालों से आरक्षी के पद पर तैनात थी। परिसर स्थित ही पुलिस कर्मियों के लिए बनी तीन मंजिला आवासीय बिल्डिंग में तीसरी मंजिल के एक कमरे में रहती थी। रविवार रात ड्यूटी खत्म कर अपने कमरे में चली गई थी। बताया जा रहा है कि आरक्षी की 18 नवंबर को शादी होने वाली थी।



## योगी ने गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन किया

**गोरखपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को रक्षाबंधन पर दो दिनों के दौरे पर गोरखपुर पहुंचे। योगी ने शाम को करीब 4 बजे गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन किया, साथ ही अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेक उनका आशीर्वाद लिया। मंगलवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत रोड टू स्कूल के पहले प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे। रोड टू स्कूल प्रमुख औद्योगिक घरानों में शुमार हिंदुजा समूह की अशोक लीलैंड लिमिटेड और उसके कार्यान्वयन भागीदार लर्निंग लिंक फाउंडेशन की पहल है। गोरखपुर में इसके औपचारिक शुभारंभ का कार्यक्रम गुलरिहा क्षेत्र में स्थित रेडिएंट रिजॉर्ट में मंगलवार को पूर्वाह्न 10 :30 बजे से होगा।

# रक्षाबंधन के दिन हादसे में भाई-बहन की मौत

**कानपुर, अमृत विचारः** रक्षाबंधन के दिन सोमवार दोपहर पत्नी व बेटी के साथ चचेरी बहन को छोड़ने जा रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार वाहन ने पनकी हाईवे पर टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पनकी पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने भाई-बहन को मृत घोषित कर दिया। वहीं मां-बेटी को हैलट में भर्ती कराया गया।

कानपुर देहात के रनियां थानाक्षेत्र स्थित लाटे बिसायतपुर निवासी सनी (33) पत्नी राधिका (30), चचेरी बहन सलोनी (26) व बेटी सृष्टि के साथ बाइक से सलोनी को कल्याणपुर छोड़ने जा रहे थे। वह पनकी हाईवे स्थित जॉनसन मैथ्यू कंपनी के पास पहुंचे थे कि तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

# रोजगार के लिए लगेंगी फैक्ट्रियां

**लखनऊ अमृत विचारः** राज्य सरकार ने प्रदेश में ही रोजगार के लिए फैक्ट्रियां लगवाने का निर्णय लिया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में कई कंपनियों को आमंत्रित किया था। जिसमें उद्यमियों ने निवेश के लिए सहमति प्रकट करते हुए एमओयू में हस्ताक्षर किए थे, इसके बाद एमओयू का हिस्सा रहे 70 मेगावाट सोलर प्लांट की शुरुआत करके मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड को एक बड़ी सौगात दी है।

# जीजा से परेशान दो बहनें नदी में कूदीं, मौत

संवाददाता, मनकापुर (गोंडा)

**अमृत विचारः** मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के तामापार गांव की रहने वाली दो सगी बहनों ने अपने जीजा की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर सोमवार सुबह बिसुही नदी में कूदकर जान दे दी। घर से निकलते समय दोनों ने अपने पिता से कहा कि पापा घर से जा रही हूं अब कभी नहीं मिलूंगी। पिता ने बेटियों को रोकना चाहा लेकिन तब तक दोनों

● पापा से बोलीं ,घर से जा रही हूं अब कभी नहीं मिलूंगी

ने नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों की सहायता से दोनों को शवों को बरामद कर लिया। सूचना मिलने पर मनकापुर एसडीएम समेत पुलिस अधिकारी पहुंच गए। अफसरों की मौजूदगी में पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के तामापार गांव की रहने वाले सुरेश के मुताबिक उनकी बड़ी बेटी अनीता की शादी पचपुती जगतापुर कोल्हारगांव के रहने वाले अशोक कुमार के साथ हुई थी। दामाद होने के अशोक कुमार का उसके घर आना जाना था। इसी दौरान उसने कुछ फोटो विडियो बना लिया था और उसे वायरल करने की धमकी देकर उनकी बेटियों को ब्लैकमेल कर रहा था।

## सार-संक्षेप

### प्रतापगढ़ में रील बनाते समय दो किशोर नाले में डूबे

**प्रतापगढ़, एजेंसी।** जिले के सांगिपुर क्षेत्र में मट्टन नाले में नहाते समय रील बनाने के प्रयास में पांच किशोरों गहरे पानी में डूब गये जिसमें तीन को बचा लिया गया जबकि दो की तलाश जारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोमवार को सांगीपुर थाना के मुरैनी में मट्टन नाले में भूसू का पुरवा पुल के समीप पांच किशोर नहा रहे थे। नहाते समय इनमें से कुछ बच्चे रील बना रहे थे। सांगीपुर थाना के मिश्रन का पुरवा निवासी जगेश्वर वर्मा का पुत्र गगन (17) तथा रामसुमेर गुप्ता का पुत्र धीरज (14) अपने तीन अन्य साथियों के साथ सुबह करीब आठ बजे मट्टन नाले में नहाने आए थे। इस बीच कुछ बच्चे रील बना रहे थे, तभी इनमें से धीरज व गगन गहरे पानी में चले गये। वहीं मट्टन नाले में नहा रहे रामचन्द्र के पुत्र शुभम (13) तथा जगेश्वर के पुत्र शैलेश (18) दोनों साथियों को डूबता देख चीखते चिल्लाते नाले से बाहर निकल आये। बच्चों की चीख पुकार सुन गांव के लोग भी वहां पहुंच गये। सूचना मिलने पर थाना उदयपुर और सांगिपुर की पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे।

### महिला की हत्या में पति, ससुर और देवर गिरफ्तार

**बलिया, एजेंसी :** जिले की नरही पुलिस ने दहेज की मांग को लेकर एक महिला की हत्या किए जाने के मामले में उसके पति, ससुर और देवर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विक्रांत वीर ने सोमवार को बताया कि गाजीपुर जिले के जमानिया कस्बे के निवासी प्रमोद राय ने गत 17 अगस्त को नरही थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी कुमकुम की 21 अप्रैल 2019 को नरही गांव के निवासी रजनीश राय के साथ शादी हुई थी। एसपी के मुताबिक, शिकायत में आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही रजनीश, उसका भाई, पिता और मां दहेज की मांग को लेकर कुमकुम को अक्सर मारते-पीटते थे। उन्होंने बताया कि मृतका के पिता ने शिकायत में कहा है कि 16 अगस्त को रजनीश के भाई ने उसे फोन कर बताया कि कुमकुम की तबीयत बहुत खराब है और वे उसे इलाज के लिए बनारस ले जा रहे हैं। एसपी के अनुसार, पिता ने शिकायत में कहा कि रजनीश के भाई का फोन आने के बाद जब वह बेटी के ससुराल पहुंचा, तो उसे स्कॉर्पियो में मरणासन्न अवस्था में पड़ी पाया।

# वक्फ का मुद्दा दलित, पिछड़ों के प्लेटफार्म पर उठायेगा मुशावरत

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचारः** वक्फ संशोधन बिल को लेकर पुणे (महाराष्ट्र) में कुछ चुनिंदा मुस्लिम, दलित, पिछड़ा वर्ग के बुद्धिजीवियों, राजनेताओं की एक आपात मीटिंग बुलाई गई है। आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत को भी दावतनामा भेजा गया है। मुशावरत

● 23, 24 और 25 को पुणे में चुनिंदा लोगों की आपात मीटिंग

वक्फ संशोधन बिल का मुद्दा उठाकर दलित, पिछड़ों को अपने साथ लाने की कोशिश करेगा।

आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान (कानपुर) ने अमृत विचार संवाददाता को बताया कि 23,24 व 25 अगस्त को पुणे में होने वाली नेशनल मीटिंग में वक्फ संशोधन बिल का मुद्दा उठायेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अभी तो सिर्फ मुस्लिम वक्फ पर ही सरकार की नीयत खराब दिखाई दे रही है। देश में दलितों, पिछड़ों के ट्रस्ट भी अरबों खरबों के हैं, ऐसे में उन्हें भी अपनी दान की संपत्ति को बचाने के लिये जागरुक होना पड़ेगा। पुणे मीटिंग में सांसद चंद्रशेखर रावण के अलावा कई विधायक भी होंगे। प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान को भेजे दावतनामा में मीटिंग का एजेंडा बताया गया है कि पुणे में होने वाले सम्मेलन में मुस्लिम, दलित, पिछड़ों के भविष्य को आकार दिया जायेगा।

# बच्ची के अपहरण में ताई समेत दो गिरफ्तार

**बलिया, एजेंसी :** जिले के सुखपुरा क्षेत्र में दो दिन पहले अगवा की गई साढ़े तीन साल की एक बच्ची को पुलिस ने सोमवार को सकुशल मुक्त करा लिया। लड़की का अपहरण करने के आरोप में उसकी ताई समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विक्रांत वीर ने बताया कि सुखपुरा थाना क्षेत्र के आसन गांव के कृष्णा सिंह ने तहरीर दी थी कि उसकी साढ़े तीन वर्ष की भतीजी 17 अगस्त की सुबह से लापता है। परिवार के सदस्यों ने बहुत तलाश किया लेकिन वह कहीं नहीं मिली। इस मामले में सुखपुरा थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम ने तीखमपुर गली से सोमवार को अपहृत बालिका को सकुशल बरामद कर लिया।

## धर्म दर्शन

# श्रीकृष्ण और शिशुपाल



"श्रीकृष्ण जरासंध जैसी राजशक्ति को समाप्त करने के बाद भारत के राजनैतिक आकाश में चमकने लगे किन्तु वे राजा तो थे नहीं, यादव -गणराज्य था। राजा न होने की वजह से उन्हें राजसभा में छत्रचंवर का औपचारिक राज-संमान नहीं दिया जाता था। जब राजसूय-यज्ञ में अग्रपूजा का सवाल आया, तब युधिष्ठिर ने भीष्म से पूछा कि अग्रपूजा का अधिकारी यहां कौन है? तब भीष्म ने श्रीकृष्ण को अग्रपूजा का अधिकारी घोषित कर दिया। इस पर राजसभा में विप्लव सा होने लगा, विद्रोह का नेतृत्व कर रहा था शिशुपाल।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शिशुपाल ने यहां तक कह दिया, हविषः प्राप्य निष्यंदं प्राशिता श्वेव निर्जने अर्थात जैसे अकेले में कुत्ता हविष्य को चाट लेता है, उस प्रकार कृष्ण ने अग्रपूजा को स्वीकार किया है। यह ग्वाला है, गाय चरानेवाला है, यह क्षत्रियोचित- सम्मान का अधिकारी कैसे हो गया? अनेक प्रकार से कृष्ण के विरुद्ध तर्क देते हुए शिशुपाल ने भीष्म को भी कलंक बतला दिया।

राजाओं से कहने लगा कि तुम युधिष्ठिर को कर क्यों देते हो, इसने तो भारत के सभी राजवंशों का अपमान किया है। जब बात बहुत बढ़ गई तब कृष्ण ने शिशुपाल को चेतावनी दी, संभलने को कहा और चक्र चला दिया। वहां श्रीकृष्ण का तेज अपरिमेय हो गया। कोई कुछ बोल नहीं पाया और सुलगने वाला आक्रोश भी शान्त हो गया। शिशुपाल वैसे तो रिश्ते का भाई था किन्तु जरासंध का सहयोगी था और रुक्मिणी स्वयंवर में भी द्वेष पाले हुए था।"

# वैदिक देव मंडल में विष्णु शब्द

व्युत्पत्ति की दृष्टि से 'विष्णु' शब्द 'विस्' धातु से बना है। जिसका अर्थ है "अंतः प्रवेश"। यह आश्चर्य जनक कटु सत्य है कि वैदिक देव मंडल में इनका स्थान ऋग्वैदिक देवताओं-अग्नि, इन्द्र, वरूण, वायुसविता, मित्रावरूण, अश्विनी कुमारों, विश्वेदेवा, सोम, ऋभु, ऋत्, मरूत्, त्वष्टा, सरस्वती नदी, दक्षिणा, इन्द्राणी, द्यौ आदि की तुलना में कम बहुत कम महत्वपूर्ण प्रतीत होता है। ऋग्वेद का मात्र एक ही सूक्त (1/154) इतना अधिक सार गर्भित है कि कालान्तर में यही उनको ऋग्वैदिक-अग्नि, इन्द्र, वरूण, वायु, सवितृ आदि देवों की तुलना में विष्णु को अत्यन्त शीर्ष और गरिमामय पद का अधिकारी बना देता है। ऋवे.(1/154) इस कथन में, इनके 'त्रिविक्रम' अर्थात तीन पग में तोनों लोक के मापन में विश्व के परम कल्याण की अंतर्कथा निहित थी। यजुर्वेद (5/150) का भी कथन है, "इदं विष्णु र्विचक्र मे त्रेधा नित्यं पदम्।" स्पष्ट यजुर्वेद भी विष्णु देव के द्वारा तीनपग में ही विश्व-मापन से संपूर्ण विश्व जन के हित कल्याण हुआ था।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

उनके "त्रिविक्रम उरूक्रम (ऋवे.1/154) की विशेषता ने ही उनको ब्रह्मा, विष्णु और शिव की त्रिमूर्ति का प्रमुख देव बना दिया। कुछ मनीषियों के अनुसार उनके त्रिविक्रम में प्रातः कालीन सूर्य, मध्य काल के प्रखर तेजस्वी मध्याह्न सूर्य तथा सायंकालीन शांत सूर्य के तीनों प्रकार की तेजस्विता का समावेस है।

कतिपय अन्य चिन्तकों के अनुसार, ऋग्वैदिक सूक्त में उनका स्वरूप एक वृहदाकार शरीरवाले युवक प्रतीत होता है। उन्हें 'उरूगाय' (विस्तृत पादप्रक्षेप करने वाला) एवं 'उरूक्रम (बहुत चौड़ाई में पग रखने वाला) कहा गया है। अपने इन्हीं पगों से त्रिलोक मापन का जगत कल्याणकारी कार्य किया था। इन्द्र ने वृत्र वध में इनकी सहायता ली थी (ऋवे.,1/20)। इन्द्र और विष्णु ने मिलकर शंबर के 12 दुर्गों को ध्वस्तकर दासों को पराजित किया था (वही, 7/98)। ऋग्वेद में ही अन्यत्र विष्णु के पराक्रमी होने के साथ-साथ उनके अत्यन्त गतिमान्, द्रुतगामी और तेजस्वी होने का भी उल्लेख (वही, 1/155-5 तथा 1/156) है। ऋग्वेद में अपेक्षाकृत कनिष्ठ देवता माने जाने वाले श्रीविष्णु ब्राह्मण साहित्य में सहसा, सर्वश्रेष्ठ होह उठते हैं (शत.ब्रा.,14/1/1/5)। ऐतरेय ब्राह्मण,1/1) के अनुसार यज्ञ विधान में विष्णु सर्वश्रेष्ठ तो अग्नि सबसे कनिष्ठ हो उठते हैः- "अग्निरूवैः देवायामधमो, विष्णुः परमः।/तदन्तरेण सरूवाः अन्याः देवताः।।"

अथर्ववेद में यज्ञ को उष्णता प्रदान करने के लिए, विष्णु का स्तवन किया गया है। देवा सुर संग्राम में देवों की पराजय के उपरान्त शरणागत देवताओं उनका सम्मान वापस दिलाने के लिए, वामन वेषधारी विष्णु ने विराट रूप धारण कर तीन पगों में तीनो लोक, वेद और वाक् को माप लिया था (शतपथ ब्राह्मण, 1/2/5, ऐतरेय ब्राह्मण, 6/15)। जहां तक उपनिषद साहित्य का प्रश्न है, मैत्रेयी उपनिषद में विष्णु को समस्त सृष्टि का धारणकर्ता अक्षरब्रह्म कहा गया है। कठोपनिषद्में साधक के आध्यात्मिक साधना का अंतिम "श्रेयस्" विष्णु का परमपद बताया गया है।

गृह्यसूत्रों में विष्णु भारतीयों के नित्यपूजन के प्रमुख देवता हैं। आपस्तंब, हिरण्केशिन्, पारस्कर आदि आचार्यों द्वारा प्रणीत विवाहविधि में सप्तपदी समारोहों में, अधोलिखित मंत्र का अत्यन्त श्रद्धा पूर्वक वैदिकमंत्रों के साथ ही पाठ किया जाता है। "विष्णुस्तां त्रानयतु।" (अर्थात विष्णु तुम्हारा मार्ग दर्शन करें रक्षा करे)।

## वर्ग पहेली-166

**बाएं से दाएं**

3. किसी व्यक्ति विशेष को प्राप्त विशेष प्रकार का अधिकार।
4. 1. बादल, मेघ 2. नागरमोथा 3. बाला नामक द्रव्यगंध।
5. 1. बिना कांटे का
7. चांदी का बना हुआ, जिसमें चांदी घुली-मिली हो।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी अधिकारी के द्वारा या अधिकारपूर्वक कहा या किया हुआ 2. अधिकारयुक्त, अधिकारपूर्ण।
2. चिट, कागज़ के टुकड़े पर लिखी हुई सूचना।
4. ऊर्जा की एक इकाई।
5. 1. जिसके शरीर पर चीर या वस्त्र न हो 2. वस्त्रविहीन, नंगा।
6. 1. वाचन करने वाला 2. वचन के रूप में अभिव्यक्त होने वाला 3. वचन संबंधी 4. बोध कराने वाला।




### वर्ग पहेली -165 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 सा | ■ | 2 मौ | 3 ज | ■ | 4 चि |
| ल | ■ | ■ | ल | ■ | क |
| ■ | 5 ख़े | रा | त | ख़ा | ना |
| 6 पु | ■ | ■ | रं | ■ | प |
| 7 रं | गा | 8 रं | ग | ■ | न |
| ज | ■ | गी | ■ | 9 ना | ■ |
| य | ■ | नी | ■ | ई | ■ |

## सुडोकू -79

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 3 | | | | 9 | | 4 |
| | 7 | | | | | | 5 | |
| 9 | 5 | | 8 | | | 2 | 6 | |
| | | | 6 | | 5 | | 7 | |
| | 2 | 5 | | | | 3 | 9 | |
| | 4 | | 9 | | 1 | | | |
| | 3 | 1 | | | 4 | | 8 | 2 |
| | 6 | | | | | | 3 | |
| 8 | | 7 | | | | 1 | 4 | |

### सुडोकू -78 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 5 | 1 |
| 2 | 7 | 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 4 | 3 | 6 | 9 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 | 5 | 6 | 4 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 6 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 | 8 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 अगस्त मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 08 .32 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**मेष:** आज कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। नए संबंधों के जन्म लेने की संभावना बन रही है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर तनाव कम रहेगा। आवश्यक कार्यों को दोपहर के पहले पूरा कर लें। गठिया वात के रोगियों का दर्द बढ़ सकता है।

**वृष:** आज कारोबार को लेकर आप काफी गंभीर प्रयास करेंगे। परिवार में आपसी तालमेल जबरदस्त रहेगा। मित्र आपके लिए विशेष सहायक सिद्ध होंगे। रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धीरे-धीरे परिस्थितियां पूरी तरह से आपके पक्ष में हो जायेंगी।

**मिथुन:** आज दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने के अवसर मिलेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर कुछ अफवाहें उड़ सकती हैं। आपकी प्रतिभा लोगों के सामने नए रूप में उभरकर सामने आ सकती है।

**कर्क:** आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। बच्चों की पढ़ाई और एडमीशन को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में बड़ी उपलब्धियों को अर्जित करने में बेहतरीन सफलता मिल सकती है। वाहन में खराबी आ सकती है। माता का स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहने की आशंका है।

**सिंह:** आज कारोबार में नए साझेदारों को जोड़ सकते हैं। मौसमी बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। परिजनों का भरपूर स्नेह और सहयोग बढ़ेगा। आपके नए मित्र भी बन सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रमों में आप धन खर्च करेंगे।

**कन्या:** आज नई योजनाओं पर आप धन खर्च कर सकते हैं। व्यापार में आपको आंशिक धन लाभ प्राप्त होगा। प्रेमी जन के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। सहकर्मियों के बीच आपका वर्चस्व और प्रभाव बढ़ेगा। प्रोफेशनल शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बेहद शानदार है।

**तुला:** आज नया मोबाइल फोन या कोई गैजेट खरीदने का विचार बनायेंगे। थोड़ी सी मेहनत से ही काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। आपकी उन्नति से शत्रु वर्ग हतोत्साहित होगा। बाहरी व्यक्तियों का हस्तक्षेप अपने काम पर न होने दें। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज भावुकता के कारण आप गलत निर्णय ले सकते हैं। महिला घरेलू कार्यों में काफी व्यस्त रहने वाली हैं। अपने गुस्से और वाणी पर नियंत्रण रखें। प्रेम संबंधों को लेकर कोई बड़ा वादा आज न करें। घर की साज-सज्जा में धन खर्च करेंगे।

**धनु:** आज व्यापार में आपको थोड़ी परेशानी उठानी पड़ेगी। धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। किसी बड़ी कंपनी से जॉब के नए अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। मित्रों और परिजनों की मदद करने का प्रयास करेंगे। किसी की आलोचना से निराश न हों।

**मकर:** आज आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। कला से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। ऑनलाइन सामान खरीदने का विचार बनायेंगे। वैवाहिक जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। व्यापार में भरपूर धन लाभ होगा।

**कुंभ:** आज आपका समय बहुत ही अच्छा है। घर में झगड़ा हो सकता है। अपने से छोटों को भी सम्मान दें। आप यात्रा के लिए जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप अपना लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लेंगे। पुराने मित्रों से मिलना हो सकता है।

**मीन:** आज दिन का आधा भाग कठिनाई से बीतेगा। व्यापार में आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आप गलत बातों को सिद्ध करने में अपना समय बर्बाद न करें। घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। उग्र व्यवहार के कारण सबके निशाने में आ सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 05 .45 तक तत्पश्चात शतभिषा 21 अगस्त 03 .09 तक।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
जख्मी सिपाही — सुबह : 08 .08
वीरे दी वेडिंग — शाम : 05 .59

**Sony Pix**
मॉस्टर हंटर — सुबह : 07 .56
2012 — शाम : 04 .29

**&pictures**
लिंगा — सुबह : 10 .39
घूमर — रात : 08 .00

**Zee Cinema**
रिश्ते — सुबह : 08 .52
सरदार गब्बर सिंह — शाम : 05 .27

**Colors Cineplex**
सोनी महिवाल — सुबह :08 .29
कुछ कुछ होता है — शाम : 06 .56

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम :05 .27 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू और उसकी शैतानियां
टीचर- तुमने कभी कोई अच्छा काम किया है?
गोलू- जी सर, बिल्कुल किया है!
टीचर- कौन सा?
गोलू- एक बार एक महिला आराम से घर जा रही थी,
मैंने उनके पीछे कुत्ता दौड़ा दिया, वह जल्दी घर पहुंच गई।

भिखारी- भाई एक रुपया दे दो, तीन दिन से भूखा हूं।
राहगीर- तीन दिन से भूखा है तो एक रुपये का क्या करेगा?
भिखारी- वजन देखना है कि कितना घटा!

## एक नजर

### चमड़ा निर्यातकों का प्रतिनिधि मंडल 26 से रूस यात्रा पर

**नई दिल्ली।** चमड़ा क्षेत्र के 20 से अधिक अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल इस महीने रूस की यात्रा करेगा। इसका मकसद निवेश तलाशना और बढ़ते निर्यात अवसरों का लाभ उठाना है। यह तीन दिवसीय यात्रा 26 अगस्त से शुरू होगी। चमड़ा निर्यात परिषद के कार्यकारी निदेशक आर. सेल्वम ने एजेंसी को बताया कि वर्तमान में भारत छह करोड़ से आठ करोड़ अमेरिका डॉलर की चमड़े की वस्तुओं का निर्यात करता है, लेकिन यह अब भी कम है क्योंकि रूस में अपार अवसर हैं। सेल्वम ने कहा, हम मॉस्को में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय मेले यूरो शूज प्रीमियर कलेक्शन में भी हिस्सा लेंगे। हम निवेश आकर्षित करने, उत्पाद निर्माण में प्रौद्योगिकी सहयोग के उद्देश्य से एक प्रतिनिधिमंडल ले जा रहे हैं।

### सेबी निपटान योजना का 768 इकाइयों ने लाभ उठाया

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को कहा कि इस साल लाई गई निपटान योजना के तहत बीएसई पर शेयर विकल्प खंड में कथित फर्जी कारोबार से संबंधित मामलों का कुल 768 इकाइयों ने निपटान किया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सेबी निपटान योजना, 2022 पेश की थी जिसमें इकाइयों को अपने मामलों का निपटान करने की अनुमति दी गई थी। नियामक ने इस योजना का हिस्सा नहीं बनने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही जारी रखी। इनमें से कुछ इकाइयों ने प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) में अपील करके निर्णयों को चुनौती दी थी।

# शेयर बाजार में सीमित कारोबार के बीच सेंसेक्स, निफ्टी लगभग स्थिर

## सेंसेक्स में मामूली 12 अंक की गिरावट, निफ्टी में 31.50 अंक की बढ़त

**मुंबई, एजेंसी**







स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को कारोबार सीमित रहा और बीएसई सेंसेक्स में मामूली 12 अंक की गिरावट आई। किसी ठोस संकेत के अभाव में निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रतिभागियों ने मूल्यांकन अधिक होने को लेकर चिंता के बीच प्रमुख शेयरों में मुनाफावसूली भी की। कारोबार सीमित दायरे में रहा और तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 12.16 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 80,424.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 80,724.40 अंक तक गया और नीचे में 80,332.65 अंक तक आया। हालांकि, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 31.50 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,572.65 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और आईसीआईसीआई बैंक नुकसान में रहीं। लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार शुरुआती लाभ बरकरार नहीं रख पाये।

## इंटरआर्क बिल्डिंग के आईपीओ को पहले दिन 3.19 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** निर्माण समाधान प्रदाता इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को सोमवार को पहले दिन ही पूर्ण अभिदान मिल गया। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, 600 करोड़ रुपये की शुरुआती शेयर बिक्री में 46,91,585 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 1,49,85,152 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं, जो 3.19 गुना अधिक है। गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 7.85 गुना अभिदान मिला, जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) की श्रेणी को 2.75 गुना अभिदान मिला। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के कोटे को 27 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 200 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं।

# जमा जुटाने के लिए विशेष अभियान चलाएं बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंक कर्मचारियों को आगे आने के लिए कहा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से विशेष अभियान चलाकर जमा जुटाने के लिए ठोस प्रयास करने और ग्राहकों से जुड़ने के लिए बैंक कर्मचारियों को आगे आने के लिए कहा है। सीतारमण ने सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा बैठक में पीएसबी के वित्तीय मापदंडों, जमा जुटाने, डिजिटल भुगतान और साइबर सुरक्षा ढांचे के साथ-साथ वित्तीय समावेशन के तहत ऋण तक पहुंच और पीएसबी से संबंधित अन्य उभरते मुद्दों पर प्रदर्शन की समीक्षा की गई।

वित्त मंत्री ने कहा कि हालांकि ऋण वृद्धि में तेजी आई है, लेकिन ऋण वृद्धि को स्थायी रूप से वित्तपोषित करने के लिए जमा जुटाने में और सुधार किया जा सकता है और बैंकों से विशेष अभियान चलाकर जमा जुटाने के लिए ठोस प्रयास करने को कहा। सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से उभरते क्षेत्रों में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करके संबंधित शक्तियों का लाभ उठाने के लिए सहयोग की तलाश करने और बैंकिंग क्षेत्र में बदलावों के साथ तालमेल रखने के लिए खुद को तैयार करने का भी आग्रह किया।

## ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 10 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भाविश अग्रवाल की अगुवाई वाली ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लि. का शेयर सोमवार को 10 प्रतिशत उछलकर उच्च सर्किट सीमा पर पहुंच गया। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी का शेयर नौ अगस्त को सूचीबद्ध हुआ था। यह अपने निर्गम मूल्य 76 रुपये के मुकाबले अबतक 92.14 प्रतिशत चढ़ चुका है। ओला इलेक्ट्रिक का शेयर सोमवार को बीएसई में 10 प्रतिशत चढ़कर 146.03 रुपये पर रहा। यह इसकी ऊपरी सर्किट सीमा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में यह 9.99 प्रतिशत चढ़कर 146.38 रुपये पर पहुंच गया।

# त्योहारी सत्र के लिए हवाई किराये में 25% तक वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● कुछ अन्य मार्गों पर किराया 1-16 प्रतिशत के दायरे में बढ़ा

त्योहारी सत्र के लिए हवाई यात्रा के किराये में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है और दिवाली के लिए प्रमुख घरेलू मार्गों पर औसत एकतरफा टिकट की कीमत 10-15 प्रतिशत बढ़ चुकी है। दूसरी ओर ओणम के दौरान केरल के शहरों के लिए कुछ उड़ानों का किराया 20-25 प्रतिशत अधिक है।

एजेंसी के लिए ट्रैवल पोर्टल इक्सिगो के एक विश्लेषण से पता चलता है कि 30 अक्टूबर से पांच नवंबर के दौरान दिल्ली-चेन्नई मार्ग पर सीधी उड़ान के लिए इकोनॉमी श्रेणी का औसत एकतरफा किराया 25 प्रतिशत बढ़कर 7,618 रुपये है। यह किराया पिछले साल 10-16 नवंबर के मुकाबले है। इसी अवधि में मुंबई-हैदराबाद मार्ग पर टिकट की कीमत 21 प्रतिशत बढ़कर 5,162 रुपये हो गई है। दिल्ली-गोवा तथा दिल्ली-अहमदाबाद मार्गों पर किराया 19 प्रतिशत बढ़कर 5,999 रुपये तथा 4,930 रुपये हो गया है। विश्लेषण के अनुसार, कुछ अन्य मार्गों पर किराया 1-16 प्रतिशत के दायरे में बढ़ा है।

## एक माह में डेटा संरक्षण नियमों का मसौदा जारी कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि सरकार एक महीने के भीतर डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम के तहत नियमों का मसौदा जारी कर सकती है। मंत्री ने कहा कि सरकार ने पहले अधिनियम के डिजिटल कार्यान्वयन पर काम किया है और उसके अनुसार नियम बनाए हैं। वैष्णव ने यहां संवाददाताओं से कहा, मसौदा तैयार है और परामर्श के लिए नियमों का मसौदा एक महीने के भीतर जारी होने की उम्मीद है।

# ओवीएल ने वियतनाम के तेल ब्लॉक के लिए अनुबंध बढ़ाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● दक्षिण चीन सागर के विवादित जलक्षेत्र में एक अन्य ब्लॉक की खोज के लिए तीन और साल मिले

पेट्रोलियम कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) ने वियतनाम में कच्चे तेल एवं गैस के उत्पादन के लिए 16 साल का अनुबंध विस्तार हासिल किया है। इसके साथ ही उसे दक्षिण चीन सागर के विवादित जलक्षेत्र में एक अन्य ब्लॉक की खोज के लिए तीन और साल मिल गए हैं।

अधिकारियों ने कहा कि वियतनाम की सरकार ने नाम कोन सोन बेसिन के अपतटीय क्षेत्र में ब्लॉक 06.1 से उत्पादन के लिए उत्पादन साझाकरण अनुबंध को वर्ष 2039 तक बढ़ा दिया है। इसके अलावा दक्षिण चीन सागर में ब्लॉक 128 में तेल और गैस की खोज के लिए आठवां विस्तार भी ओवीएल को दिया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी की विदेशों में निवेश करने वाली इकाई ओवीएल की वियतनाम के नाम कोन सोन बेसिन में स्थित अपतटीय ब्लॉक 06.1 में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि लाइसेंस को 15 जून, 2026 तक बढ़ा दिया है।

## तीसरी, चौथी तिमाही में मजबूत मांग की उम्मीद : ईआईएच

**नई दिल्ली।** होटल चलाने वाली प्रमुख कंपनी ईआईएच लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की तीसरी और चौथी तिमाही में मजबूत मांग और होटल बुकिंग की उम्मीद है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी विक्रम ओबेरॉय ने कहा कि इससे पहले अप्रैल-जून के दौरान चुनाव और भीषण गर्मी के कारण मांग में कमी देखी गई थी। उन्होंने विश्लेषकों से कहा कि इस साल के आम चुनावों का मांग पर प्रभाव पिछले चुनावों की तुलना में अधिक था। उन्होंने कहा, हम अभी भी आशावादी हैं कि विदेश यात्रा में तेजी आ रही है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### केंद्रीय पर्यवेक्षकों में छत्तीसगढ़ के 12 आईएएस / आईपीएस अधिकारी शामिल

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनावों के परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है जिनमें छत्तीसगढ़ के 12 आईएएस/आईपीएस अधिकारी शामिल हैं। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक केंद्रीय पर्यवेक्षकों में छत्तीसगढ़ के जिन अधिकारियो को शामिल किया गया है, उनमें हिमशिखर गुप्ता, राजेश सिंह राणा, नरेंद्र कुमार दुग्गा, भीम सिंह, डॉ. प्रियंका शुक्ला, जय प्रकाश मौर्या, संजीव कुमार झा, विनित नंदनवार और ऋतुराज रघुवंशी (सभी आईएएस) तथा प्रशांत कुमार अग्रवाल, अभिषेक मीणा और उदय किरण (आईपीएस) शामिल हैं।

# विशेष अदालत को कार्रवाई 29 तक टालने का निर्देश

## उच्च न्यायालय ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ शिकायतों की सुनवाई के दौरान कहा

**बेंगलुरु, एजेंसी**



● न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने कहा स्थगन आदेश नहीं दिया गया

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सोमवार को विशेष एमपी/एमएलए अदालत को निर्देश दिया कि वह मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि आवंटन घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ शिकायतों की सुनवाई 29 अगस्त तक के लिए टाल दे। उच्च न्यायालय में इस मामले पर अगली सुनवाई 29 अगस्त को होगी। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने कहा, कोई स्थगन आदेश नहीं दिया गया है।

न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने कहा, चूंकि, इस मामले की सुनवाई इस अदालत में हो रही है और अभी तक दलीलें पूरी नहीं हुई हैं, इसलिए अगली सुनवाई तक संबंधित अदालत अपनी कार्रवाई स्थगित कर दे। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता क्रमशः मुख्यमंत्री और राज्यपाल की ओर से पेश हुए। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर एमयूडीए मामले में उनके खिलाफ मुकदमे को मंजूरी देने से संबंधित राज्यपाल थावरचंद गहलोत के आदेश को चुनौती दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंजूरी आदेश बिना सोचे-समझे, वैधानिक आदेशों का उल्लंघन करते हुए और मंत्रिपरिषद की सलाह समेत भारत के संविधान के अनुच्छेद 163 के तहत बाध्यकारी संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत जारी किया गया है। सिद्धरमैया ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत, पूर्वानुमोदन व मंजूरी देने संबंधी 16 अगस्त के आदेश को चुनौती दी।

### राजनीतिक लड़ाई के दौरान मुझे ज्यादा जोश आता है

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को कहा कि राजनीतिक लड़ाई के दौरान उनका जोश बढ़ जाता है। सिद्धरमैया मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं के संबंध में उनके खिलाफ जांच की मंजूरी देने वाले



राज्यपाल थावरचंद गहलोत के आदेश से अप्रभावित नजर आए। आदेश को चुनौती देने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के कुछ घंटों बाद मुख्यमंत्री ने कहा, मेरी अंतरात्मा बिल्कुल साफ है। सिद्धरमैया ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के वकील अभिषेक मनु सिंघवी उच्च न्यायालय में उनके मामले में पैरवी करेंगे। मुख्यमंत्री ने एक समारोह से इतर संवाददाताओं से कहा, मुझे न्यायपालिका पर भरोसा है। मुझे अदालत से राहत मिलने का पूरा भरोसा है, क्योंकि मैंने कोई गलत काम नहीं किया है। मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि वह पहली बार 40 साल पहले 17 अगस्त 1984 को मंत्री बने थे और उनके राजनीतिक जीवन में एक भी काला धब्बा नहीं है।

# सिंघवी ने तेलंगाना से राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन किया

**हैदराबाद, एजेंसी**

● कांग्रेस के विधायक दल ने सिंघवी की उम्मीदवारी का समर्थन किया

कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने तेलंगाना से राज्यसभा उपचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार के रूप में सोमवार को नामांकन दाखिल किया। सिंघवी जब अपना नामांकन पत्र जमा करने के लिए राज्य विधानसभा पहुंचे, तब मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उनकी मंत्रिमंडलीय सहयोगी एवं तेलंगाना में पार्टी मामलों के लिए एआईसीसी प्रभारी दीपा दास मुंशी उनके साथ थीं। तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधायक दल ने राज्यसभा उपचुनाव के लिए सिंघवी की उम्मीदवारी का रविवार रात समर्थन किया।

हैदराबाद में सीएलपी की एक बैठक के बाद पत्रकारों से मुखातिब मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने कहा कि बैठक में सिंघवी को कांग्रेस विधायकों, सांसदों और विधान परिषद सदस्यों से मिलवाया गया। वर्ष 2014 में विभाजन के बाद पड़ोसी आंध्र प्रदेश से विभिन्न मुद्दों पर जारी विवाद का जिक्र करते हुए रेवंत रेड्डी ने कहा कि सिंघवी के चुनाव से न केवल संसद में, बल्कि अदालतों में भी तेलंगाना की चिंताओं और समस्याओं को रेखांकित करने में मदद मिलेगी। सिंघवी ने कहा कि तेलंगाना में राज्यसभा उपचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार के रूप में नामित होना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने हैदराबाद में कांग्रेस नेता के केशव राव से मुलाकात की।

## असम: गुवाहाटी के मॉल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम के गुवाहाटी के मध्य में स्थित एक मॉल के अधिकारियों को सोमवार को एक अज्ञात संगठन से बम की धमकी मिली, जिसके बाद इसे खाली करा दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

राज्य सचिवालय के नजदीक स्थित सिटी सेंटर मॉल को शाम करीब चार बजे खाली करा लिया गया। अधिकारियों ने शुरुआत में मॉल के अचानक बंद होने का कारण तकनीकी समस्या बताया था।

### पंजाब के खरड़ में मॉल में बम की धमकी

**चंडीगढ़।** पंजाब के खरड़ में स्थित एक मॉल में बम होने की धमकी मिलने के बाद मॉल को खाली करा लिया गया, लेकिन बाद में पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। मोहाली के एसपी (देहात) मनप्रीत सिंह ने कहा कि बम की धमकी की सूचना के बाद मॉल में तलाशी ली गई।

**स्नेह का पर्व**



सोमवार को नई दिल्ली में स्कूली बच्चों के साथ रक्षाबंधन समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

# राहुल ने जानीं कैब ड्राइवर की समस्याएं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि जब इंडिया समूह सरकार में आएगा तो इन समस्याओं का निदान होगा

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कैब चालक और डिलीवरी एजेंट से मिलकर उनकी समस्या से रूबरू हुए और कहा कि जब इंडिया समूह सरकार में आएगा तो इन श्रमिकों की समस्या का निदान किया जाएगा।

गांधी ने चालक सुनील उपाध्याय से मिलकर कैब ड्राइवर और डिलिबरी एजेंट की समस्याओं से रू-ब-रू हुए और कहा कि इनकी न कोई आर्थिक बचत है और न ही भविष्य का आधार है। इंडिया गठबंधन साथ मिलकर इनका आर्थिक और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा, आमदनी कम और महंगाई से निकलता दम - ये है भारत के गिग वर्कर्स की व्यथा। सुनील उपाध्याय के साथ एक उबेर यात्रा के दौरान चर्चा में और फिर उनके परिवार से मिल कर देश के कैब ड्राइवर्स और डिलीवरी एजेंट जैसे गिग वर्कर्स का हैंड टू माउथ इनकम में गुज़ारा तंगी से चल रहा है और इनकी कहीं कोई बचत नहीं है और न इनके परिवार के भविष्य का कोई आधार है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इनकी समस्या के समाधान के लिए कांग्रेस की राज्य सरकारें ठोस नीतियां बना कर न्याय करेंगी और इंडिया समूह इसका देशव्यापी विस्तार सुनिश्चित करेगा।

# उदयपुर मामला: घायल छात्र ने तोड़ा दम

**उदयपुर, एजेंसी**

● शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया

राजस्थान में उदयपुर शहर में शुक्रवार को स्कूली बच्चों में हुए विवाद में चाकू से हमला करने से गंभीर रूप से घायल छात्र ने सोमवार को दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना में गंभीर रूप से घायल एवं अस्पताल में भर्ती देवराज की दोपहर बाद में हालत बिगड़ने लगी और उसने दम तोड़ दिया। छात्र का शव अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया हैं।

अस्पताल में मौजूद छात्र के परिजनों से प्रशासन की बातचीत चल रही हैं। वहीं अस्पताल में जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारी मौजूद हैं और शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किया हैं और इसके लिए भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया हैं। हालांकि देवराज की मौत की खबर सुनकर बड़ी संख्या में लोग अस्पताल आये लेकिन उन्हें बाहर ही रोक दिया गया और हालात को नियंत्रण में रखने के लिए शहर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात है। रक्षा बंधन के पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की गई हैं और शांति बनी हुई हैं तथा कहीं से कोई गड़बड़ की सूचना नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को स्कूल में दो छात्रों के बीच विवाद में चाकू से हमला करने से गंभीर रूप से घायल देवराज को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में हनुमान चालीसा का पाठ करके भी उसे बचाने के लिए प्रार्थना की गई लेकिन आखिर में उसे बचाया नहीं जा सका।

## मुंबई में बारिश का येलो अलर्ट जारी

**मुंबई।** मुंबई में एक सप्ताह तक तूफान और मध्यम वर्षा होने के आसार के लिये येलो अलर्ट जारी किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को बताया कि महाराष्ट्र के जिला ठाणे के लिए मंगलवार और बुधवार को अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के सांताक्रूज स्टेशन ने रविवार तड़के 0.2 मिमी बारिश दर्ज की, जबकि कोलाबा वेधशाला ने 34 मिमी बारिश दर्ज की। सांताक्रूज स्टेशन पर तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया।

# चंपई सोरेन से अभी कोई बात नहीं हुई : मरांडी

**रांची, एजेंसी**



भाजपा की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कहा कि चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की संभावनाओं को लेकर उनके साथ अभी कोई बातचीत नहीं हुई है। मरांडी ने कहा कि चंपई एक मंझे हुए नेता हैं और वह आगे की राह का निर्णय खुद लेंगे।

भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच चंपई रविवार दोपहर दिल्ली पहुंचे थे। बाद में उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि बतौर मुख्यमंत्री उन्होंने अत्यधिक अपमान झेला, जिसके बाद वह वैकल्पिक राह तलाशने के लिए मजबूर हो गए। मरांडी ने कहा, चंपई सोरेन से अभी तक कोई बातचीत नहीं हुई है। वह एक मंझे हुए नेता हैं और झारखंड राज्य के गठन के लिए चलाये गए आंदोलन का हिस्सा रह चुके हैं। वह अपनी आगे की राह के बारे में निर्णय खुद लेंगे। चंपई के सोशल मीडिया पोस्ट का जिक्र करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, इससे संकेत मिलता है कि वह बहुत आहत हैं। जिस तरह से मुख्यमंत्री पद से हटाया गया, उससे उन्होंने काफी अपमानित महसूस किया। चंपई ने पोस्ट में बताया कि तीन जुलाई को पार्टी विधायकों की बैठक में इस्तीफा देने को कहा गया।

### बन्ना गुप्ता शब्दों की मर्यादा को भूल गए : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को विभीषण कहने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि बन्ना गुप्ता अगर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को विभीषण बता रहे हैं तो यह स्पष्ट हो गया कि वर्तमान सरकार का कार्यकाल रावण राज के समान है। उन्होंने कहा कि चाटुकारिता में बन्ना गुप्ता शब्दों की मर्यादा को भूल गए और कोल्हान के एक जमीन से जुड़े कद्दावर आदिवासी नेता का अपमान कर रहे हैं।

## खेल डायरी

### आमंत्रण अंतर्राष्ट्रीय कराटे की मेजबानी करेगा भारत

**हैदराबाद।** जापान कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (जेकेएआई) ने सोमवार को कहा कि भारत हैदराबाद में प्रतिष्ठित आमंत्रण अंतर्राष्ट्रीय कराटे टूर्नामेंट 2025 की मेजबानी करेगा। एसोसिएशन की जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि टूर्नामेंट गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में अगले वर्ष 18 से 22 जनवरी तक खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया भर से तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान जेकेएआई ने तीन टूर्नामेंटों की भी घोषणा की। 42वां जेकेए इंडिया नेशनल कराटे टूर्नामेंट 2025, 17वां ऑल इंडिया जेकेएआई क्यू लेवल कराटे टूर्नामेंट 2025, 12वां सासाकी, शोइची, मेमोरियल सीनियर्स नेशनल कराटे टूर्नामेंट 2025। इस अवसर पर सातवें डैन केएआई सेंसई ने कहा यह प्रतियोगिता जेकेए इंडिया के इतिहास में पहली बार भारत में आयोजित की जा रही है। मुझे उम्मीद है कि यह प्रतियोगिता कराटे के बारे में और अधिक जानकारी देगी, जो इसके अभ्यासकर्ताओं को आत्म-अनुशासन के जरिए उत्कृष्टता प्रदान करती है।

### जीव जांबिया लीजेंड्स में संयुक्त 12वें स्थान पर

**लुसाका (जांबिया)।** भारत के जीव मिल्खा सिंह जांबिया लीजेंड्स गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर रहे। जीव ने अंतिम दौर की शुरुआत चार होल में तीन बर्डी के साथ की। उन्होंने अंतिम दौर में कुल चार बर्डी, एक ईगल और तीन बोगी से तीन अंडर का स्कोर बनाया। जीव अब एचएसबीसी लीजेंड्स इंडियन चैंपियनशिप में खेलते हुए नजर आएंगे जिसकी मेजबानी वह स्वयं कर रहे हैं। जांबिया लीजेंड्स का खिताब दक्षिण अफ्रीका के कीथ होर्ने ने जीता जो लीजेंड्स टूर पर उनका पहला खिताब है।

### लाहिड़ी लिव गोल्फ में संयुक्त 42वें स्थान पर

**व्हाइट सल्फर स्प्रिंग्स (अमेरिका)।** ब्रूक्स कोपका ने जॉन राहम को पहले प्ले ऑफ होल में पछाड़कर यहां लिव गोल्फ का खिताब जीता जबकि भारत के अनिर्बान लाहिड़ी संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रहे। कोपका ने अंतिम दौर में 63 जबकि राहम ने 65 का स्कोर बनाया। दोनों का कुल स्कोर 19 अंडर रहा जिसके बाद प्ले ऑफ में कोपका ने बाजी मारी। लाहिड़ी ने अंतिम दौर में पांच अंडर 65 का अपना टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन इसके बावजूद वह संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रहे। लिव गोल्फ टूर पर 31 टूर्नामेंट में यह कोपका की पांचवीं जीत है।

### आमिर जमाल बांग्लादेश टेस्ट सीरीज से बाहर



**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर आमिर जमाल पीठ की चोट के बंगलादेश के साथ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को आमिर जमाल के टेस्ट सीरीज से बाहर होने की पुष्टि करते हुए कहा कि उनका शुरु में टीम में चयन किया गया था और उनकी भागीदारी फिटनेस क्लीयरेंस के अधीन थी। उनकी पीठ की चोट से पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है इस कारण वह 30 अगस्त से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से भी बाहर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वे पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं और अब लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपनी फिटनेस पर काम करेंगे। जमाल इस वर्ष मई से पीठ के निचले हिस्से की समस्या से जूझ रहे हैं। जमाल पाकिस्तान की टीम में एकमात्र तेज गेंदबाज ऑलराउंडर थे और उनकी जगह किसी दूसरे खिलाड़ी को टीम में जगह नहीं दी गई है। जमाल के बाद अब पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, मीर हमजा, खुर्रम शहजाद और मोहम्मद अली पर होगी।

# गुणवत्ता में सुधार हमारी प्राथमिकता : अनिल

नई दिल्ली, एजेंसी



- एआईएफएफ के नवनियुक्त महासचिव बोले- सुधार से ही बढ़ सकती है दर्शकों की संख्या और निवेश

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के नवनियुक्त महासचिव पी. अनिल कुमार ने सोमवार को कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता फीफा, क्लबों, राज्य संघों और सरकार जैसे प्रत्येक हितधारक को शामिल करते हुए देश में फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार करना है।

अनुभवी खेल प्रशासक अनिल कुमार का फुटबॉल हाउस में एआईएफएफ कोषाध्यक्ष किपा अजय ने उप महासचिव एम सत्यनारायण की उपस्थिति में स्वागत किया। अनिल कुमार ने सोमवार को कार्यभार संभालने के बाद एआईएफएफ वेबसाइट से कहा अब, प्राथमिकता फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार की होगी। मुझे नहीं पता कि इसे उस स्तर पर लाने में हमें कितना समय लगेगा। लेकिन फिर भी हम इस उम्मीद के साथ शुरुआत कर रहे हैं कि हम कुछ बेहतर कर सकेंगे। जब तक हम सफल नहीं हो जाते, हम हार नहीं मानेंगे। उन्होंने कहा हम आप सभी भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों और भारतीय फुटबॉल का समर्थन करने वालों के साथ काम करना जारी रखेंगे। अनिलकुमार का मानना है कि जब गुणवत्ता में सुधार होगा, तो फुटबॉल देखने वाले दर्शकों की संख्या बढ़ेगी और फुटबॉल में निवेश बढ़ेगा।

भारतीय फुटबॉल हालांकि कई वर्षों से आगे बढ़ रहा है, लेकिन फीफा रैंकिंग को पैमाना बनाये तो यह अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाया है। हमारा ध्यान भारतीय फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार करने और इसे वैश्विक स्तर पर अधिक स्वीकार्य बनाने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने पर होगा।

# मुक्केबाजी: जैक पॉल से मुकाबला करने को तैयार हैं माइक टायसन

न्यूयॉर्क, एजेंसी



- 58 साल के टायसन की फिर रिंग में वापसी, 15 नवंबर को टेक्सास के आर्लिंगटन में होगा मुकाबला

माइक टायसन 58 साल के हैं और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण रिंग में उनकी वापसी को स्थगित करना पड़ा। यह दिग्गज मुक्केबाज फिर से दस्ताने पहनने के लिए तैयार है।

एक समय दुनिया के सबसे खतरनाक मुक्केबाज रहे टायसन फिर से रिंग में उतर कर खुद को खतरे में डाल सकते हैं। रविवार को जब उनसे पूछा गया कि वह जैक पॉल से मुकाबला क्यों करना चाहते हैं तो उन्होंने उत्तर दिया। टायसन ने खचाखच भरे संवाददाता सम्मेलन में कहा क्योंकि मैं ऐसा कर सकता हूं। क्या मेरे अलावा कोई और है जो ऐसा कर सकता है। इस मुकाबले में मेरे अलावा और कौन लड़ेगा। इस दौरान प्रशंसकों ने टायसन के समर्थन में नारे लगाए जबकि पॉल की हूटिंग की। टायसन और पॉल के बीच की यह मुकाबला पहले 20 जुलाई को होना था। टायसन को अल्सर की समस्या होने के कारण इसे टाल दिया गया था। यह मुकाबला अब 15 नवंबर को टेक्सास के आर्लिंगटन में होगा।

# विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्णिम गाथा लिखेंगे सुमित

**पेरिस पैरालंपिक : तीन बार विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए अंतिल ने तोक्यो पैरालंपिक भाला फेंक में 68.55 मीटर के साथ जीता था स्वर्ण**

नई दिल्ली, एजेंसी

तोक्यो पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल का लक्ष्य पेरिस खेलों में पुरुषों के एफ64 श्रेणी में अपने विश्व रिकॉर्ड में सुधार के साथ खिताब का बचाव करना है। सुमित 28 अगस्त से 8 सितंबर तक होने वाले खेलों के उद्घाटन समारोह में भाग्यश्री जाधव (गोला फेंक, एफ34 श्रेणी) के साथ भारतीय ध्वजवाहक भी होंगे।

सुमित ने तोक्यो पैरालंपिक में तीन बार विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए 68.55 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने इसके बाद 2023 पैरा विश्व चैंपियनशिप में 70.83 मीटर के थ्रो के साथ नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया और फिर हांग्झोऊ एशियाई पैरा खेलों में इसमें सुधार करते हुए 73.29 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। एफ 64 श्रेणी पैर के निचले हिस्से में विकार वाले खिलाड़ियों से संबंधित है जो प्रोस्थेटिक्स (कृत्रिम पैर) का उपयोग करके खड़े होने की स्थिति वाली स्पर्धा में भाग लेते हैं। सुमित ने साक्षात्कार में कहा कि वह पेरिस पैरालंपिक में अपने विश्व रिकॉर्ड में सुधार कर स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। मेरा दीर्घकालिन लक्ष्य 80 मीटर की दूरी हासिल करना है लेकिन पेरिस पैरालंपिक में मैं 75 मीटर की दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करूंगा। सत्रह साल की उम्र में सड़क दुर्घटना में अपना एक पैर गंवाने वाले इस खिलाड़ी ने इस वर्ष मई में पैरा विश्व चैंपियनशिप में 69.50 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

सुमित ने कहा अभ्यास के दौरान मेरे प्रयास काफी निरंतर रहे हैं। मैंने तकनीक में कोई बदलाव किये बिना ताकत और मजबूती बढ़ाने पर काफी मेहनत की है। मेरी कोशिश रहेगी कि अपने पिछले रिकॉर्ड को बेहतर करूं। पिछले खेलों के चैंपियन और भारतीय ध्वजवाहक होने के कारण दबाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा अभी कोई दबाव नहीं है लेकिन पेरिस पहुंचने के बाद चीजों के बारे में पता चलेगा। एक बार जब आप खेल गांव या प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचते हैं तो चीजों थोड़ी अलग हो जाती है। मैं इस पल का लुत्फ उठाना चाहता हूं। भारत से पहली बार इतना बड़ा और मजबूत दल पैरालंपिक में जा रहा है और मुझे ध्वजवाहक बनने पर गर्व महसूस हो रहा है। पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारत के 84 खिलाड़ी 12 स्पर्धाओं में भाग लेंगे।

पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित इस खिलाड़ी ने कहा पैरालंपिक जैसे आयोजन में ध्वजवाहक होना एक अलग तरह की भावना होती है। यह पहली बार है जब मैं पैरालंपिक के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनूंगा। मैंने अभ्यास में अधिक समय दिया है। स्पर्धाएं तो चलती रहती हैं लेकिन मेरा लक्ष्य भारत को पैरालंपिक से पदक दिलाना है और पिछले तीन साल से मेरा पूरा ध्यान इसी पर है। मैं विदेश में अभ्यास करने की जगह देश में अभ्यास करना पसंद करता हूं। भारत में मुझे अभ्यास में कोई कमी महसूस नहीं हुई। मैं साइ के सोनीपत केंद्र में अभ्यास करता हूं, वहां भाला फेंक के लिए एक ट्रैक सहित विश्व स्तरीय सुविधाएं है।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की भारतीय दल के पैरालंपिक सदस्यों से बातचीत, देश का मान बढ़ाने के लिए दीं शुभकामनाएं। ● एजेंसी

### प्रधानमंत्री खिलाड़ियों से बोले- विजय भवः

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी पेरिस पैरालंपिक के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं देते हुए सोमवार को कहा कि पूरा देश खिलाड़ियों का समर्थन करेगा क्योंकि वे इस खेल महाकुंभ में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करेंगे। मोदी ने खिलाड़ियों के साथ वर्चुअल बातचीत के दौरान पैरालंपिक में पहली बार भाग लेने वाले खिलाड़ियों के साथ-साथ तोक्यो पैरालंपिक के पदक विजेताओं से भी बात की। उन्होंने कहा आपकी यात्रा देश के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी आपके और आपके करियर के लिए। हमारे देश का गौरव इस बात से जुड़ा होगा कि आप सब वहां क्या हासिल करते हैं। पूरा देश आपका समर्थन कर रहा है। 140 करोड़ भारतीय आपको अपना आशीर्वाद भेज रहे हैं। विजय भव :। जैसा आपने एशियाई पैरा खेलों और तोक्यो पैरालंपिक में किया था, मैं चाहता हूं कि आप सभी पेरिस में नए रिकॉर्ड बनाएं।

# भारत के खिलाफ गेंदबाजी का जिम्मा ग्रीन-मार्श पर : कमिंस

मेलबर्न, एजेंसी



- ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा- ऑल राउंडरों का होना टीम के लिए बहुत फायदेमंद

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को उम्मीद है कि इस साल के आखिर में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट शृंखला के दौरान ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन और मिशेल मार्श गेंदबाजी का अधिक जिम्मा संभालेंगे। कमिंस चाहते हैं कि यह दोनों ऑलराउंडर नवंबर से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की शृंखला में टीम के अग्रणी तेज गेंदबाजों का कार्यभार साझा करें।

कमिंस ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा टीम में ऑलराउंडर होने से फायदा मिलता है। पिछले कुछ वर्षों में हम उनका उतना उपयोग नहीं कर पाए जितना हमने सोचा था। यह अच्छी बात है। उन्होंने कहा लेकिन इन गर्मियों के सत्र में कुछ अलग हो सकता है। हम ग्रीन और मार्श को गेंदबाजी में थोड़ा अधिक जिम्मेदारी दे सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा ग्रीन जैसे खिलाड़ी ने शील्ड क्रिकेट में गेंदबाज के रूप में शुरुआत की थी, लेकिन टेस्ट मैचों में उसे ज्यादा गेंदबाजी नहीं करनी पड़ी। अब वह पहले से अधिक परिपक्व हो गया है। मुझे लगता है कि हम उस पर थोड़ा और अधिक निर्भर रहेंगे।

# बांग्लादेश में टी-20 विश्व कप खेलना मुश्किल : एलिसा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने कहा है कि अक्टूबर में बांग्लादेश में महिला टी-20 विश्व कप खेलना शायद सही नहीं होगा क्योंकि इससे देश पर बहुत दबाव पड़ेगा जो अब भी बड़े पैमाने पर हुई हिंसा और विरोध-प्रदर्शनों से उबर रहा है जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे।

देश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया था और भारत भाग गई जबकि नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाया है। महिला टी-20 विश्व कप तीन से 19 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होना है जिसमें ऑस्ट्रेलिया सहित 10 टीमें भाग लेंगी। एलिसा ने कहा मुझे इस समय वहां खेलने के बारे में सोचना मुश्किल लग रहा है, यह ऐसे देश से संसाधन छीनना होगा जो संघर्ष कर रहा है।

# विनेश की जिम्मेदारी थी वजन बरकरार रखना : खेल पंचाट

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीएएस ने विस्तृत निर्णय किया प्रकाशित, बताया क्यों खारिज की गई थी पहलवान फोगाट की अपील

पेरिस ओलंपिक में फाइनल से अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ पहलवान विनेश फोगाट की अपील पर खेल पंचाट (सीएएस) ने कहा कि खिलाड़ियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे अपने वजन की सीमा के अंदर रहें और इस तरह के मामले में किसी भी परिस्थिति में कोई अपवाद प्रदान नहीं किया जा सकता है।

सीएएस के तदर्थ पैनल ने 14 अगस्त को 100 ग्राम अधिक वजन के कारण फाइनल से अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ उनकी अपील को खारिज कर दिया था, इस फैसले पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। सीएएस ने सोमवार को एक विस्तृत निर्णय प्रकाशित किया, जिसमें बताया गया कि विनेश की अपील क्यों खारिज कर दी गई। इसके मुताबिक खिलाड़ी के लिए समस्या यह है कि वजन सीमा के संबंध में नियम स्पष्ट हैं और सभी प्रतिभागियों के लिए समान हैं। इसके लिए (ऊपरी सीमा) कोई छूट प्रदान नहीं की गई है। यह स्पष्ट रूप से खिलाड़ी की जिम्मेदारी है कि वह उस सीमा से नीचे रहे। उन्होंने कहा इसमें कोई विवाद नहीं है कि आवेदक का वजन सीमा से अधिक था। उसका मामला यह है कि उसका वजन मात्र 100 ग्राम अधिक था और इसकी छूट मिलनी चाहिए क्योंकि ऐसा पानी पीने और विशेष रूप से मासिक धर्म से पहले के चरण के दौरान हो जाता है। विनेश की अपील पर निर्णय तीन बार स्थगन के बाद सुनाया गया। अपनी अपील में विनेश ने मांग की थी कि उन्हें क्यूबा की पहलवान युसनेलिस गुजमैन लोपेज के साथ संयुक्त रजत पदक दिया जाए, जो सेमीफाइनल में उनसे हार गई थी।

# दीप्ति शर्मा ने लंदन स्पिरिट को जिताया पहला द हंड्रेड खिताब

लंदन, एजेंसी

भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने वेल्श फायर के साथ खेले गये रोमांचक फाइनल मुकाबले के आखिरी ओवर में छक्का लगाकर लंदन स्पिरिट को महिला द हंड्रेड 2024 का पहला खिताब दिलाया।

महिला द हंड्रेड के फाइनल मुकाबले में स्पिरिट ने टॉस जीतकर फायर को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी फायर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने जल्द ही अपने तीन विकेट गवां दिए। इसके बाद जेस जॉनसन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। जॉनसन की (54) रनों की अर्धशतकीय पारी के दम पर फायर ने आठ विकेट पर 115 का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में स्पिरिट की शुरुआत धीमी रही और उसने 25 रन पर दो विकेट खोकर दिये थे। नाइट (24) के आउट होने के बाद डैनियल गिगिब्सन के आउट होने के बाद रेडमेन (34) भी जल्द ही आउट हो गई। स्पिरिट को जीत के लिए 11 गेंदों पर 12 रनों की दरकार थी और 110 के स्कोर पर ऐबिगेल फ्रीबॉर्न के रूप में छठा विकेट गिर गया। आखिरी पांच गेंदों पर पांच रन चाहिए थे। पहली दो गेंदों पर दो रन आए और इसके बाद दीप्ति ने हेली छक्का लगाकर स्पिरिट को पहली ट्रॉफी दिला दी। रोमांचक फाइनल मुकाबले में स्पिरिट ने वेल्श फायर को चार विकेट से हराया।



ट्रॉफी के साथ दीप्ति शर्मा। ● एजेंसी

## बॉलीवुड हलचल



### विक्की की छावा का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल की आने वाली फिल्म छावा का टीजर रिलीज हो गया है। विक्की कौशल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म छावा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म छावा का टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें विक्की कौशल का बेहद अलग और दमदार लुक देखने को मिल रहा है। मेकर्स ने इस फिल्म का टीजर जारी करने के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। फिल्म इसी साल 6 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म में विक्की कौशल, छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना भी हैं, जो छत्रपति संभाजी महाराज की पत्नी येसुबाई भोंसले का रोल निभा रही हैं। इसके अलावा फिल्म में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता भी लीड रोल में हैं। फिल्म छावा का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है और मैडॉक फिल्म्स के तहत दिनेश विजान द्वारा इस फिल्म को निर्मित किया गया है। छावा के टीजर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए विक्की कौशल ने कैप्शन में लिखा, स्वराज्य के रक्षक, धर्म के रक्षक। #छावा- एक साहसी योद्धा के महाकाव्य की गाथा।

### रजनीकांत की वेट्टैयन 10 अक्टूबर को होगी रिलीज




**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लाइका प्रोडक्शन ने वेट्टैयन की रिलीज की तारीख की घोषणा की है। उन्होंने रजनीकांत एक नया पोस्टर जारी किया है, इसके कैप्शन में लिखा है टारगेट लॉक्ड वेट्टैयन 10 अक्टूबर, 2024 से दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सुपरकॉप के रूप में सुपरस्टार तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ में रिलीज हो रही है। फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। टीजे ज्ञानवेल निर्देशित इस फिल्म में रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, फहद फासिल, राणा दग्गुबाती, मंजू वारियर, रितिका सिंह और दुशरा विजयन मुख्य भूमिका में हैं।

# सिनर सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में, इगा हारीं

मेसन (अमेरिका), एजेंसी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में शीर्ष खिलाड़ी इगा स्वियातेक को आर्यना सबालेंका से हार का सामना करना पड़ा।

सबालेंका फाइनल में अमेरिकी जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी, जबकि सिनर का सामना फ्रांसिस टियाफो से होगा। इटली के खिलाड़ी सिनर ने तीन घंटे, सात मिनट तक चले मैच में 7-6 (9) 5-7 7-6 (4) से जीत दर्ज की। टियाफो ने एक अन्य सेमीफाइनल में होल्गर रूण को 4-6, 6-1, 7-6 (7-4) से पराजित किया। महिलाओं के सेमीफाइनल में सबालेंका ने स्वियातेक को 6-3 6-3 से हरा कर पहली बार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इससे पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक का पिछले 15 मैच से चला आ रहा विजय अभियान भी थम गया। पेगुला ने बारिश से प्रभावित दूसरे सेमीफाइनल में पाउला बडोसा को 6-2, 3-6, 6-3 से हराया।



<< अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराने के बाद जश्न मनाते यानिक सिनर ● एजेंसी

### नागल विंस्टन सलेम ओपन से बाहर



**विंस्टन-सलेम (अमेरिका)।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल यहां पहले दौर में ही बोर्ना कोरिच से सीधे सेटों में हारकर एटीपी 250 प्रतियोगिता विंस्टन सलेम ओपन से बाहर हो गये। नागल एक घंटे 10 मिनट तक चले मैच में क्रोएशियाई खिलाड़ी से 4-6, 2-6 से हार गए। नागल मुकाबले में मिले एकमात्र ब्रेकप्वाइंट को बदलने में सफल रहे लेकिन इस बीच उन्होंने चार बार अपनी सर्विस गंवाई। पुरुष युगल में पूर्व जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन दक्षिणेश्वर सुरेश ब्रिटेन के अपने जोड़ीदार लुका पॉव के साथ चुनौती पेश करेंगे। अमेरिका में कॉलेज सर्किट में खेलने वाले दक्षिणेश्वर एकल मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे। वह क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में अमेरिका के चौथी वरीयता प्राप्त लर्नर टीएन से 3-6, 4-6 से हार गए थे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### अधिकारियों ने पोक्रोवस्क शहर छोड़ने को कहा

**कीव।** यूक्रेन के स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को पूर्वी शहर पोक्रोवस्क के लोगों के लिए अनिवार्य निकासी का आदेश जारी किया। इस शहर में वर्तमान में करीब 53,000 लोग रहते हैं। अधिकारियों ने कहा है कि रूसी सेना इतनी तेजी से आगे बढ़ रही है कि संभावित हमलों के मद्देनजर पोक्रोवस्क और आस-पास के दूसरे शहरों से लोगों की निकासी जरूरी हो गई है।

### जापान के युद्ध स्मारक में फिर से तोड़फोड़ की गई

**टोक्यो।** यहां के यासुकुनी युद्ध स्मारक में सोमवार रात को फिर से तोड़फोड़ की गई। युद्ध स्मारक की तरफ से एक बयान में कहा गया यह निंदनीय है कि युद्ध स्मारक की गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश फिर से हुई है। इस स्मारक में उन सैनिकों के भी नाम हैं जिन्हें द्वितीय विश्व युद्ध अपराधी ठहराया गया था। मई में यासुकुनी में एक पत्थर के खंभे पर लाल रंग से स्प्रे पेंट किया गया था। जुलाई में एक चीनी संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया था। इस घटना के बारे में पुलिस और शिंटो स्मारक ने अधिक जानकारी नहीं दी और कहा कि जांच जारी है।

### यमन का सुरक्षा अधिकारी हमले में मारा गया

**लंदन।** ब्रिटेन में साउथपोर्ट शहर में बच्चों पर हमले के बाद देश में व्यापक तौर पर दंगों के बाद करीब 75 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय महिलाएं अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। स्काई न्यूज ने मुस्लिम महिला नेटवर्क यूके चैरिटी के एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए यह खबर दी है। दंगों से पहले सर्वेक्षण में शामिल लोगों में से केवल 16 प्रतिशत को अपनी जान का डर था। कई उत्तरदाताओं ने कहा कि हमले के बाद उन्होंने शत्रुतापूर्ण रवैये का अनुभव किया है। जुलाई के अंत में साउथपोर्ट के एक डांस स्टूडियो में 17 वर्षीय किशोर द्वारा बच्चों पर चाकू से हमला करने के बाद ब्रिटेन के कई शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए।

### नेपाल में भूस्खलन की घटना में सात की मौत

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल में पिछले 24 घंटों में लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन की अलग-अलग घटनाओं में दो परिवारों के सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, रविवार रात बंगल नगरपालिका-10 में भूस्खलन के कारण एक घर बह गया, जिससे बझांग जिले में एक परिवार के चार सदस्य जिंदा दफन हो गए। हालांकि, परिवार के छह अन्य सदस्य प्रकृति के इस प्रकोप से बच गए।

### दो रूसी पर्वतारोहियों को बचाया गया, एक लापता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सैन्य हेलीकॉप्टर ने उस पर्वतारोहण दल में शामिल दो रूसी पर्वतारोहियों को बचा लिया है, जो उत्तर में स्थित एक दुर्गम पर्वत चोटी पर बर्फ के विशाल ढेर की चपेट में आ गया था। दल में शामिल एक रूसी अब भी लापता है। अल्पाइन क्लब ऑफ पाकिस्तान के सचिव कर्रार हैदरी ने बताया कि बर्फ के विशाल ढेर की चपेट में आने के बाद काराकोरम पर्वत शृंखला की गशेरब्रम चोटी पर फंसे पांच सदस्यीय रूसी दल में शामिल दो अन्य सदस्यों को सुरक्षित निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है।

# भारत से संबंधों को और मजबूत करेंगे : शिनावात्रा

**सिंगापुर, एजेंसी**

- थाईलैंड की प्रधानमंत्री ने मोदी को शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद कहा



थाईलैंड की नयी प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वह मौजूदा संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए साथ मिलकर काम करने की आशा करती हैं। थाईलैंड के पूर्व राष्ट्रपति थाकसिन शिनावात्रा की बेटी पैतोंगतार्न शिनावात्रा (37) रविवार को शाही समर्थन पत्र मिलने के बाद देश की सबसे युवा प्रधानमंत्री बन गईं।

शिनावात्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा हमारे द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रूप से व्यापार और निवेश, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में तथा दोनों देशों के बीच हवाई यात्रा बढ़ाने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने की मैं आशा करती हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उन्हें बधाई देने वाले पोस्ट के जवाब में कहा मुझे विश्वास है कि हम अपने मौजूदा संबंधों को और मजबूत कर सकते हैं तथा दोनों देशों के लिए और भी अधिक अवसर पैदा करने के लिए नयी संभावनाएं तलाश सकते हैं।

# डिजिटल सिग्नेचर से आसान होता ऑनलाइन ट्रांजेक्शन

टेक्नोलॉजी की दुनिया में तेजी से बदलाव आया है। खासकर कोरोना काल के बाद। डिजिटलाइजेशन के इस बढ़ते दौर में पर्सनल और फाइनेंशियल डेटा को सुरक्षित रखना एक चुनौती है। इसी को ध्यान में रखते हुए डिजिटल सिग्नेचर का चलन तेजी से बढ़ रहा है। डिजिटल सिग्नेचर एक सिक्योर लॉगिन आईडी और पासवर्ड होता है, जिसका इस्तेमाल डॉक्यूमेंट को वेरिफाई करने के लिए किया जाता है। लेकिन डिजिटल सिग्नेचर को लेकर बेहद सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि डॉक्यूसाइन का उपयोग करके ई-सिग्नेचर स्कैम और फिशिंग का शिकार बनाया जा सकता है। इसलिए आज जरूरत की खबर में बात करेंगे




### डिजिटल सिग्नेचर क्या है

जिस तरह पहचान को प्रमाणित करने के लिए सामान्य सिग्नेचर होते हैं। उसी तरह डिजिटल सिग्नेचर भी पहचान को प्रमाणित करता है। इंटरनेट के जरिए भेजे जाने वाले डॉक्यूमेंट को वेरिफाई करने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। डिजिटल सिग्नेचर को सामान्य सिग्नेचर की तुलना में ज्यादा विश्वसनीय और सिक्योर माना जाता है। ई-कॉमर्स, फाइनेंशियल लेन-देन, डिस्ट्रिब्यूशन जैसे कामों के लिए डिजिटल सिग्नेचर का इस्तेमाल किया जाता है। डिजिटल सिग्नेचर से ही डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट मिलता है।

### इसलिए चर्चा में डिजिटल सिग्नेचर

दरअसल कुछ दिन पहले भारतीय क्रिप्टो वॉलेट वजीरएक्स हैकिंग का शिकार हुआ था। हैकिंग में वॉलेट से लोगों के 1900 करोड़ रुपए निकाले गए। माना जा रहा है कि इस हैकिंग को मल्टी सिग्नेचर वॉलेट के जरिए अंजाम दिया गया है, जिसका इस्तेमाल डिजिटल सिग्नेचर के लिए किया जाता है। हैकर्स ने डिजिटल सिग्नेचर को पहले कॉपी किया। इसके बाद लोगों के वॉलेट में सेंधमारी की।

### यह सावधानियां बरतें

- आपका डिजिटल सिग्नेचर पासवर्ड आपके डिजिटल सिग्नेचर को सिक्योर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए हमेशा एक स्ट्रांग पासवर्ड का इस्तेमाल करना चाहिए, जिसका अनुमान लगाना कठिन हो।
- डिजिटल सिग्नेचर पासवर्ड कम से कम 12 अक्षर का होना चाहिए। इसमें अपर केस और लोअर केस के अक्षर, नंबर्स और सिंबल शामिल होने चाहिए।
- अपना पासवर्ड कभी भी किसी के साथ शेयर न करें। पासवर्ड को अनऑथराइज्ड वेबसाइट्स या किसी ऐप पर भी न डालें। इसके अलावा अपना पासवर्ड डायरी या फोन के नोट में लिखकर न रखें।
- अगर आपका डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट एक सिक्योर डिवाइस जैसे यूएसबी ड्राइव या स्मार्ट कार्ड में स्टोर है तो इस डिवाइस को अनऑथराइज्ड वेबसाइट्स से दूर रखें। इसके अलावा अपने डिवाइस को किसी सुरक्षित जगह पर रखें।
- डिजिटल सिग्नेचर बनाने और मैनेज करने के लिए आप जिस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते हैं, उसे हमेशा अपडेट रखना चाहिए। सॉफ्टवेयर अपडेट करने से सिक्योरिटी की एक लेयर बनती है, जो आपके डिजिटल सिग्नेचर को साइबर हमलों से बचाने में मदद करती है।

# हाईकोर्ट के वकील बोले- दोषियों को सजा दो

## कोलकाता मामला : अधिवक्ताओं ने निकाला जुलूस, देशभर में हो रहा विरोध-प्रदर्शन

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाले वकीलों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले में गुनहगारों को सजा देने और न्याय की मांग को लेकर सोमवार को जुलूस निकाला। पश्चिम बंगाल के पूर्व महाधिवक्ता जयंत मित्रा सहित कई वरिष्ठ वकील विरोध मार्च में शामिल हुए।

दोपहर में भोजनावकाश के दौरान वकील असली दोषियों को सजा देने की मांग करते हुए हाथों में तख्तियां लेकर उच्च न्यायालय के पास विरोध मार्च में शामिल हुए। मित्रा ने अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित बलात्कार और हत्या के मामले को पूरे बंगाली समुदाय के लिए बेहद शर्मनाक बताया।

**नोटिस देने पर वरिष्ठ चिकित्सकों का कोलकाता पुलिस मुख्यालय तक मार्च :** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म एवं हत्या को लेकर सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्ट के सिलसिले में वरिष्ठ चिकित्सक कुणाल सरकार और सुबर्णा गोस्वामी सोमवार को दोपहर में पुलिस के सामने पेश हुए। चिकित्सकों के मार्च का नेतृत्व करते हुए दोनों वरिष्ठ चिकित्सक लाल बाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय पहुंचे। कलकत्ता के मेडिकल कॉलेज से शुरू हुए जुलूस को पुलिस ने फियर्स लेन-बीबी गांगुली स्ट्रीट क्रॉसिंग के पास रोक दिया, और दोनों चिकित्सकों को वरिष्ठ अधिकारी पुलिस मुख्यालय ले गए। पुलिस ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दोनों वरिष्ठ चिकित्सकों कुणाल सरकार और सुबर्णा गोस्वामी को नोटिस जारी कर उन्हें लालबाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा था। सरकार ने कहा हम उस युवा चिकित्सक के लिए न्याय चाहते हैं और हमने कोई अपराध नहीं किया है।

### सुप्रीम कोर्ट मामले पर आज करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता के आरजी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले में स्वत: संज्ञान लिया है और इस मामले पर मंगलवार को सुनवाई होगी। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 20 अगस्त की वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ मंगलवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी। यह सुनवाई सुबह साढ़े 10 बजे हो सकती है।




दोषियों को सजा देने की मांग करते हुए हाथों में तख्तियां लेकर उच्च न्यायालय के पास विरोध मार्च निकालते वकील।

### भाजपा ने ममता बनर्जी का इस्तीफा मांगा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बेशर्म करार देते हुए उनके इस्तीफे की मांग की और आरोप लगाया कि चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के दोषियों को बचाने के लिए उनके इशारे पर अहम सबूत नष्ट कर दिए गए। पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं की भी आलोचना की और उन्हें राजनीतिक गिद्ध करार दिया।

### ममता पर उठने वाली उंगलियां तोड़ देंगे : गुहा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मंत्री उदयन गुहा की इस कथित टिप्पणी से विवाद खड़ा हो गया है कि महिला चिकित्सक से दुष्कर्म व हत्या के मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर उठाई जाने वाली उंगलियां तोड़ दी जाएंगी। गुहा की यह धमकी वायरल हुई एक वीडियो क्लिप में सुनी जा सकती है।

### पीड़िता की पहचान उजागर करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**कोलकाता।** प्रशिक्षु डॉक्टर की पहचान सोशल मीडिया पर उजागर करने और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को धमकी देने के आरोप में कोलकाता में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि तलताला पुलिस थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी की गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिकायत मिली है कि सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर 'कीर्तिसोशल' यूजरनेम से एक व्यक्ति ने हाल ही में आरजी कर एमसीएच में हुई घटना से संबंधित तीन खबरें अपलोड की हैं, जिनमें पीड़िता की तस्वीर और पहचान का खुलासा किया गया है।

# चीन-फिलीपींस के जहाजों की विवादित जलक्षेत्र में टक्कर

**ताइपे, एजेंसी**

- दोनों देशों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप, दो नौकाएं क्षतिग्रस्त
- स्प्रैटली द्वीप समूह का विवादित क्षेत्र दुनिया के लिए बन रहा टेंशन

चीन और फिलीपींस के तटरक्षक जहाज सोमवार को समुद्र में सबीना शोल नामक क्षेत्र के निकट टकरा गए जिससे कम से कम दो नौकाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। सबीना शोल दक्षिण चीन सागर में पड़ने वाले देशों के बीच चिंताजनक रूप से बढ़ते क्षेत्रीय विवाद का नया केंद्र बनकर उभर रहा है। दोनों देशों ने स्प्रैटली द्वीप समूह में एक विवादित क्षेत्र सबीना शोल के पास हुई टक्कर के लिए एक दूसरे को दोषी ठहराया है। वियतनाम और ताइवान भी स्प्रैटली द्वीप समूह पर अपना दावा जताते हैं।

चीन के तटरक्षक बल ने फिलीपींस पर आरोप लगाया है कि उसके एक जहाज ने जानबूझकर चीनी पोत को टक्कर मारी है। चीनी तट रक्षक बल के प्रवक्ता गान यू ने एक बयान में दावा किया कि फिलीपींसी तट रक्षक बल के दो जहाज सबीना शोल के पास जल क्षेत्र में दाखिल हुए, चीनी तट रक्षक बल की चेतावनी को नजरअंदाज किया और तड़के 3:24 बजे एक चीनी पोत को जानबूझकर टक्कर मार दी। गान यू ने कहा इस टक्कर के लिए फिलीपींसी पक्ष पूरी तरह से जिम्मेदार है। हम फिलीपींसी पक्ष को क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन और उकसावे भरी कार्रवाई तुरंत बंद करने की चेतावनी देते हैं, वरना उसे इसके सभी गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। पश्चिमी फिलीपीन सागर पर फिलीपींस के 'नेशनल टास्क फोर्स' ने कहा कि तटरक्षक बल के दो जहाजों बीआरपी बागाके और बीआरपी केप एंगानो को क्षेत्र में पाटाग और लावाक द्वीपों की ओर जाते समय चीनी तटरक्षक जहाजों के अवैध व आक्रामक युद्धाभ्यास का सामना करना पड़ा। खतरनाक युद्धाभ्यासों के परिणामस्वरूप टक्कर हुई, जिससे फिलीपींस तट रक्षक बल के दोनों जहाजों को संरचनात्मक क्षति हुई।

### जहाज के डेक पर लगभग 5 इंच चौड़ा एक छेद हो गया

टास्क फोर्स ने कहा कि बीआरपी केप एंगानो और एक चीनी जहाज के बीच हुई टक्कर के कारण फिलीपीन के जहाज के डेक पर लगभग 5 इंच चौड़ा एक छेद हो गया है। टास्क फोर्स के अनुसार, लगभग 16 मिनट बाद, दूसरे फिलीपींसी जहाज बीआरपी बागाके को एक अन्य चीनी जहाज ने दो बार टक्कर मारी, जिससे मामूली संरचनात्मक क्षति हुई। टास्क फोर्स ने कहा, (फिलीपींस तटरक्षक बल) हमारे राष्ट्रीय हितों के सामने आने वाले किसी भी खतरे से निपटते हुए समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी निभाने को लेकर दृढ़ संकल्पित हैं।

# बांग्लादेश में कानून व्यवस्था मुख्य चुनौती

- नवनियुक्त शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने कहा- शीघ्र सुधार पर ध्यान केंद्रित

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के नवनियुक्त शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने सोमवार को स्वीकार किया कि अंतरिम सरकार के लिए कानून व्यवस्था मुख्य चुनौती है। नया प्रशासन यथाशीघ्र स्थिति में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने मीडिया से बातचीत में सुरक्षा चिंताओं के समाधान की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया तथा गृह मामलों तथा कृषि, दोनों में अपनी दोहरी जिम्मेदारियों को रेखांकित किया। चौधरी ने कहा कि स्थिति में जल्द से जल्द सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। नियुक्ति के तीन दिन के भीतर ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में गृह सलाहकार के पद से ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) एम. सखावत हुसैन को हटा कर लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) चौधरी को नियुक्त कर दिया गया था। यह नियुक्ति छात्र नेताओं द्वारा पूर्व सैन्य अधिकारी के आचरण की आलोचना के बीच की गई।

### हसीना के खिलाफ हत्या के नए मामले दर्ज

**ढाका।** अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी सरकार के पूर्व मंत्रियों के खिलाफ हत्या के दो नए मामले दर्ज किए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ दर्ज मामलों की श्रृंखला में यह ताजा मामला है। राजधानी के मीरपुर इलाके में लिटन हसन लालू उर्फ हसन और शेर-ए-बांग्ला नगर इलाके में तारिक हुसैन की हत्या के लिए अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। इस हिंसा के कारण हसीना को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था।



# आतंकवादी हमले में तीन पाकिस्तानी पुलिसकर्मी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार तड़के एक सीमा सुरक्षा चौकी पर अफगानिस्तान की ओर से आतंकवादियों ने बड़ा हमला किया, जिसमें तीन पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए। यह हमला उसी प्रांत में दो अलग-अलग आतंकवादी हमलों में चार सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने के एक दिन बाद हुआ है। सोमवार तड़के आतंकवादियों ने खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत में पाक-अफगान सीमा पर बाजौर जिले के वारा मामुंड क्षेत्र में एक पाकिस्तानी सीमा सुरक्षा चौकी को निशाना बनाया।

# हैरिस की लोकप्रियता में हुआ इजाफा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- यूएस के आधे वयस्क हैरिस के बारे में रखते हैं अनुकूल दृष्टिकोण



उपराष्ट्रपति कमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी में उत्साह और अमेरिकियों के बीच अपनी लोकप्रियता में वृद्धि के साथ डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगी। एसोसिएटेड प्रेस-एनओआरसी सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च के एक नए सर्वेक्षण के मुताबिक, अमेरिका के लगभग आधे वयस्क (48 प्रतिशत) हैरिस के बारे में बहुत या कुछ हद तक अनुकूल दृष्टिकोण रखते हैं।

गर्मी की शुरुआत में ऐसे अमेरिकियों की संख्या 39 प्रतिशत थी, लिहाजा अब इसमें वृद्धि देखी गई है। उस समय ट्रंप के साथ बहस में खराब प्रदर्शन के बाद अंततः जो बाइडन को राष्ट्रपति की उम्मीदवारी से हटना पड़ा था। हैरिस ने न केवल अपनी लोकप्रियता में सुधार किया है बल्कि डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के तौर बाइडन की लोकप्रियता को भी पीछे छोड़ दिया है।

### हैरिस चुनाव की उम्मीदवारी स्वीकार करते हुए भाषण देंगी

डेमोक्रेटिक पार्टी का राष्ट्रीय सम्मेलन सोमवार से शुरू हो रहा है। सम्मेलन के दौरान हैरिस (59) गुरुवार को औपचारिक रूप से डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति चुनाव की उम्मीदवारी स्वीकार करते हुए भाषण देंगी। अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं, जिसके लिए डेमोक्रेटिक पार्टी ने हैरिस को अपना उम्मीदवार बनाया है।

# वर्ष 2023 में रिकॉर्ड संख्या में सरां के सहायता कर्मी मारे गए

**बर्लिन।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि पिछले साल दुनिया भर में संघर्षों में रिकॉर्ड संख्या में सहायता कर्मी मारे गए तथा वर्तमान साल और भी घातक हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामले समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि 2023 में 33 देशों में 280 सहायता कर्मी मारे गए, जो 2022 के 118 के आंकड़े से दोगुने से भी अधिक है। पिछले साल सहायता कर्मियों की आधी से अधिक मौतें अक्टूबर में शुरू हुए इजराइल-गाजा युद्ध के पहले तीन महीनों में दर्ज की गईं, जिनमें ज्यादातर लोग हवाई हमलों में मारे गए। कार्यालय ने कहा कि यह वर्ष और भी घातक परिणाम की राह पर हो सकता है क्योंकि 7 अगस्त तक 172 सहायता कर्मियों की मौत हो चुकी है। ओसीएचए के अनुसार, गाजा में अब तक 280 से अधिक लोग मारे गए हैं जिनमें से अधिकतर फिलिस्तीनी शरणार्थियों से संबंधित संयुक्त राष्ट्र एजेंसी से जुड़े थे।

# संयुक्त सैन्य अभ्यास से बौखलाया उत्तर कोरिया



**सियोल, एजेंसी**

- अमेरिका और द. कोरिया ने किया सैन्य अभ्यास
- उ. कोरिया ने कहा- वे हमले तैयारी के तहत कर रहे हैं पूर्वाभ्यास

परमाणु संपन्न उत्तर कोरिया के खिलाफ अपनी साझा रक्षा क्षमताओं को पुख्ता करने के मकसद से अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सैनिकों ने सोमवार को व्यापक सैन्य अभ्यास शुरू किया। इसके मद्देनजर उत्तर कोरिया ने एक बार फिर दोनों मित्र राष्ट्रों पर आरोप लगाया है कि वे हमले तैयारी के तहत पूर्वाभ्यास कर रहे हैं। उत्तर कोरिया के हथियारों का प्रदर्शन करने के जवाब में जैसे को तैसा की तर्ज पर अमेरिका-दक्षिण कोरिया ने संयुक्त सैन्य अभ्यास तेज कर दिया है। यह अभ्यास उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय के एक बयान जारी करने के कुछ घंटों बाद शुरू हुआ। बयान में उत्तर कोरिया ने दोहराया कि इस तरह के अभ्यास आक्रामकता के लिए उकसाने वाले युद्धाभ्यास हैं।

# तस्कर का बीएसएफ जवान पर हमला, छह किलो सोना छोड़ भागा

**नादिया।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोमवार को तस्करी का छह किलोग्राम सोना लेकर आए एक व्यक्ति ने भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान द्वारा उसे रोके जाने पर, उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में जवान बच गया, जबकि तस्कर सोना छोड़कर भाग निकला। यह घटना पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती नादिया जिले के विजयपुर में केले और बांस के बगीचे के पास सुबह करीब नौ बजे हुई। सूत्रों ने बताया कि तस्कर अपनी कमर में बंधी बेल्ट में सोने के 22 बिस्कुट और लगभग छह किलोग्राम वजन की आठ छड़ें लेकर जा रहा था। सीमा सुरक्षा बल के जवान ने उसे रोक लिया लेकिन तस्कर ने सुरक्षाकर्मी पर दाह (बड़े चाकू) से हमला कर दिया और भाग गया। जवान की वर्दी कंधे के पास फटी हुई थी। बल की 32वीं बटालियन के जवान ने अपनी राइफल से गोली चलाई, लेकिन तस्कर भाग निकला।

**खगोल विज्ञान** | हाइपरवेलोसिटी तारे की बड़ी खोज, एक मिलियन मील प्रति घंटा है रफ्तार

# हवा से भी तेज गति से भागता है यह तारा

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** तारों की दुनिया में अभी तक के सबसे तेज रफ्तार से भागने वाले तारे की खोज हुई है। इसकी गति लगभग एक मिलियन मील प्रति घंटा है। हवा से भी तेज गति से भागने वाले इस तारे का नाम हाइपरवेलोसिटी सी डब्लूआईएसईजे 1249 है। तारों का संसार भी अजब गजब है, जिनका स्वभाव व व्यवहार हमारी कल्पना से परे हो सकता है।

हम कितना भी अध्ययन क्यों न कर लें, सोच के दायरे को कितना भी असीमित कर लें, फिर भी ब्रह्मांड की वास्तविकता को नही समझ पाना आसान नहीं है और नई खोज यही सब सोचने को मजबूर करती है। यह खोज नासा द्वारा संचालित नागरिक वैज्ञानिकों ने की है। यह तारा इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है कि यह हमारी आकाशगंगा को पीछे छोड़कर आगे निकल जाएगा। यह लगभग 1 मिलियन मील प्रति घंटा की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। इसकी तुलना हमारे सूर्य और सौर मंडल की से की जाय तो हमारा सौरमंडल मात्र 450 हजार मील प्रति घंटा की गति से गति करता है। यह अब तक पाया गया सबसे छोटा द्रव्यमान वाला हाइपरवेलोसिटी तारा है। बड़ी बात यह है कि यह हमारे सूर्य के सबसे निकट भी है। नासा ने इस खोज को प्रकाशित किया है। यह तारा हमारी आकाशगंगा के गुरुत्वाकर्षण से बचकर अंतरिक्ष में आगे निकल जाएगा। इसका मतलब यह है कि गुरुत्वाकर्षण शक्ति इसके आगे फीकी पड़ जाएगी। बैकयार्ड वर्ल्ड्स के नागरिक वैज्ञानिक मार्टिन काबाटनिक, थॉमस पी.बिकल व डैन कैसलडेन ने कुछ वर्ष पहले इसे देख लिया था।



तारे की तस्वीर।

### इसलिए तेज गति से भागता है

यह खोज एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशित होने जा रही है। इसकी तेज गति का अभी स्पष्ट पता नही लग सका है, लेकिन वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यह तारा भूरा बौना हो सकता है, जो संभवत: एक बड़े ग्रह और तारे के बीच का मिश्रण जैसा है। एक संभावना यह भी जताई गई है कि यह तारों के कसकर बंधे समूह से आया है, जिसे गोलाकार क्लस्टर कहा जाता है। जिसके चलते दो ब्लैक होल ने इसे बाहर छिटका दिया होगा और वह तेज गति करने लगा हो। बहरहाल इसकी तेज रफ्तार के पीछे का रहस्य उजागर होने में अधिक समय नही लगेगा।